CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, रविवार 29 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 238 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द नासूर: धनखड़ पेज 2



नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में फिर शीर्ष पर खेल टाइम्स



मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था: रश्मिका मंदाना बॉलीवुड



सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा इजरायल: यूएन पेज 12

## खुलासा: कैप्टन सुमित सभरवाल ने बचाई 2000 जानें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या हजारों में हो सकती थी। हालांकि, कैप्टन सुमित सभरवाल (56) की सूझबूझ की वजह से कई जानें बच गईं।

सूत्रों के अनुसार, कैप्टन सुमित को जब ये अहसास हो गया कि वे विमान क्रैश होने से नहीं रोक सकेंगे तो उन्होंने जानबूझकर विमान को ऐसी जगह गिराया जहां नुकसान कम से कम हो। बोइंग 787 विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा। यह इलाका कम आबादी वाला था, लेकिन इसके चारों ओर घनी बस्ती और तीन बड़े अस्पताल हैं। विमान 3 सेकंड पहले या बाद में गिरता, तो तबाही बहुत बड़ी होती। क्रैश साइट के दाईं ओर मिलिट्री हॉस्पिटल है। आगे सिविल अस्पताल और थोड़ी दूरी पर गुजरात कैंसर सोसाइटी मेडिकल कॉलेज भी है। दुर्घटना के बाद हादसे की जगह की जांच के दौरान मौजूद एक विमानन अधिकारी ने बताया कि गिरते हुए विमान की ट्रैजेक्टरी के अनुसार यह सीधा 1200 बेड वाले सिविल हॉस्पिटल पर क्रैश होने जा रहा था। शुरुआती जांच से पता चलता है कि पायलट ने इसे कुछ सेकंड पहले ही डाउन कर दिया। इससे, यह मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से फिसलते हुए पेड़ों के बीच गिरा।



एआई ड्रीमलाइनर हादसा

■ कुछ सेकंड पहले ही डाउन कर दिया था प्लेन, तीन सेकंड की देरी से बहुत बड़ी तबाही होती

## IPS पराग जैन रॉ चीफ बने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा।


वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून (आज) को रिटायर हो रहे हैं। पराग लंबे समय से रॉ से जुड़े हैं। उन्होंने रॉ के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं।



■ एक जुलाई से चार्ज संभालेंगे, दो साल का कार्यकाल रहेगा

### 'कांटा लगा' फेम शेफाली जरीवाला का निधन

**मुंबई।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुई एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। शेफाली जरीवाला



का अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया। यह ओशिवारा के उसी श्मशान घाट पर होगा, जहां सिद्धार्थ शुक्ला का भी अंतिम संस्कार किया गया था। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंची और सबूत जुटाए गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने पति पराग त्यागी का बयान घर पर लिया। अब तक चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शेफाली के घर के कुक और मेड से भी पूछताछ हुई है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

### लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। यूपी-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है। राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई।

### छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को कंपनी नंबर-2 के एक सक्रिय पार्टी सदस्य समेत 13 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इन सभी नक्सलियों पर कुल 23 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन सभी ने आईईडी ब्लास्ट, पुलिस पर फायरिंग, आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। नक्सलियों के आत्मसमर्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बीएस नेगी, डा. जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक, बीजापुर, यूलेण्डन यार्क, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मंयक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विनीत साहू, उप पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। इन सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार ने योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मौके पर प्रदान की।

## पीओके में पाक ने फिर बनाने शुरू किए आतंकी ठिकाने

### घने जंगलों में बना रहा हाईटैक ट्रैनिंग कैम्प, 13 लॉन्चपैड डेवलप करने में दोबारा जुटा

इस्लामाबाद, वार्ता

**पाकिस्तानी** सेना, सीक्रेट एजेंसी आईएसआई और पाक सरकार मिलकर भारत के ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों और ट्रेनिंग कैंप्स को फिर से बना रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी सेना की मदद से आतंकी संगठन अब लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास घने जंगलों में छोटे और हाई-टेक ट्रेनिंग कैंप बना रहे हैं। इनका मकसद भारतीय सेना की निगरानी और हवाई हमलों से बचना है। ये कैंप्स लुनी, पुटवाल, ताइपु पोस्ट, जमीला पोस्ट, उमरनवाली, चप्रार, फॉरवर्ड कहुटा, छोटा चक और जंगलोरा जैसे इलाकों में बनाए जा रहे हैं। इनमें थर्मल इमेजर, जंगल में निगरानी करने वाले रडार और सैटेलाइट को चकमा देने वाली तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। पाकिस्तान पीओके में फिर से 13 लॉन्चपैड डेवलप कर रहा है। इनमें केल, शारदी, दुधनियाल, अथमुकाम, जुरा, लीपा वैली, पचिबन चमन, तंदपानी, नैयाली, जानकोट, चकोटी, निकैल और फॉरवर्ड कहुटा शामिल हैं। इसके अलावा, जम्मू सेक्टर की इंटरनेशनल बॉर्डर पर मसरूर बड़ा भाई, चप्रार, लुनी और शकरगढ़ में चार लॉन्चपैड बना रहे हैं। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पीओके में मौजूद कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। आईएसआई अब बड़े आतंकी कैंप्स की जगह छोटे-छोटे कैंप बनाने पर फोकस कर रही है। ताकि किसी हमले में नुकसान को कम किया जा सके। हर कैंप का अपनी सिक्योरिटी सिस्टम होगा, जिसमें खास तरह से ट्रेंड पाकिस्तानी सैनिक तैनात होंगे। ये सैनिक थर्मल सेंसर, लो फ्रीक्वेंसी वाले रडार और एंटी-ड्रोन तकनीक से लैस होंगे। सीक्रेट एजेंसियों ने बहावलपुर में हुई एक सीक्रेट बैठक की जानकारी भी इंटरसेप्ट की है।



भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में तबाह किए थे | पाक का मकसद भारतीय सेना की निगरानी करना

### राजनीतिक अस्थिरता के बीच धामी का कीर्तिमान

## धामी बने उत्तराखंड में भाजपा के सबसे लंबी पारी वाले सीएम

मोहम्मद शाह नजर

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को प्रदेश में भाजपा के अपने सभी पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल को पीछे छोड़ते हुए सबसे लंबे समय तक पद पर बने रहने का कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। राज्य गठन के बाद वे दूसरे ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जिन्होंने सबसे लंबा कार्यकाल पूरा किया है। इस सूची में शीर्ष पर अब भी कांग्रेस के दिवंगत दिग्गज नेता पंडित नारायण दत्त तिवारी हैं, जिन्होंने बतौर मुख्यमंत्री पूरा पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किया था।

मुख्यमंत्री धामी ने यह उपलब्धि अपने पूर्ववर्ती भाजपा मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के अचानक पद से हटाए जाने के बाद हासिल की। उल्लेखनीय है कि त्रिवेंद्र सिंह रावत को पार्टी हाईकमान ने उनके कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने से एक सप्ताह पहले ही, 10 मार्च 2021 को, इस्तीफा देने का आदेश दिया था। उस समय ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा था, और सदन में गरमागरम चर्चा के बीच यह फैसला चौंकाने वाला रहा। त्रिवेंद्र सिंह रावत आज भी कभी-कभी प्रदेश सरकार के विरुद्ध तीखे और असहज बयान देकर अपनी नाराज़गी जाहिर करते हैं। भाजपा के इस अप्रत्याशित फैसले से न केवल जनता बल्कि राजनीतिक विश्लेषक भी हतप्रभ रह गए थे। हाईकमान ने उन्हें पद से हटाने के बाद एक और चौंकाने वाला निर्णय लिया और पौड़ी गढ़वाल से सांसद -शेष पृष्ठ दो पर



अब सिर्फ एनडी तिवारी से पीछे हैं पुष्कर सिंह धामी

## अधिकारों की रक्षा को अदालतों की सक्रियता जरूरी

नागपुर, वार्ता

**देश के** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए न्यायिक सक्रियता जरूरी है। यह बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदला जा सकता।

सीजेआई ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को उनकी सीमाएं दी गई हैं। तीनों को कानून के अनुसार काम करना होगा। जब संसद कानून या नियम से परे जाती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप कर सकती है। सीजेआई गवई नागपुर जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कुछ किस्से साझा किए। अपने माता-पिता के संघर्षों के बारे में बताया।



## शुभांशु, गाजर का हलवा ले गए थे क्या?

### पीएम मोदी ने अंतरिक्ष गए शुभांशु शुक्ला से की बातचीत

शाह टाइस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सिओम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। प्राइम मिनिस्टर ऑफिस ने 5.49 बजे बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच करीब 18 मिनट बातचीत हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 28 घंटे के सफर के बाद 26 जून की शाम 4.01 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सिओम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी।



■ पूछा: इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर आपने अपने साथियों को हलवा खिलाया क्या

### शिशु मृत्यु दर में 86 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में 'शून्य टीका' वाले बच्चों का प्रतिशत वर्ष 2023 के 0.11 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 0.06 प्रतिशत रह गया है, जिसके कारण शिशु मृत्यु दर प्रति लाख 80 दर्ज की गई है। संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्यु दर अनुमान रिपोर्ट 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की शिशु मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 80 है, जो वर्ष 1990 के बाद से 48 प्रतिशत की वैश्विक कमी की तुलना में 86 प्रतिशत की गिरावट है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घें-घें-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

### कोलकाता गैंगरेप केस

## मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

कोलकाता, वार्ता

**कोलकाता** के लॉ कॉलेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (सीएनएमसी) में की गई थी।

कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने एक जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा कि अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है, तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कालेज के छात्र हैं।



■ पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले, मारपीट की भी पुष्टि

### एएक्स-4 चालक दल ने शोध अध्ययन को की तैयारी शुरू

**चेन्नई।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में चार सदस्यीय चालक दल ने शोध अध्ययन के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। एक्सिओम स्पेस ने 27 जून को एक अपडेट में कहा था कि एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला 'शक्स', मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़ 'सुवे', उज्नान्स्की-विस्निवेस्की और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापू ने आईएसएस पर अपना पहला दिन पूरा किया, जो उड़ान के तीसरे दिन का अंत था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में पहली बार 360 शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला

**लखनऊ।** यूपी में पहली बार सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई इस पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कुल 360 शिक्षकों के ऑनलाइन तबादले किए गए हैं। तकनीकी खामियों और दस्तावेजी त्रुटियों के चलते 106 शिक्षकों के तबादला आवे. दन निरस्त कर दिए गए। ऑनलाइन तबादले की यह प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी की देखरेख में पूरी की गई। तबादला आदेश विभाग की आधिकारिक वेबसाइट मबंपक. मकजतंदेमितण्नचेकबण्हवअण पद पर अपलोड कर दिए गए हैं, जिन्हें संबंधित शिक्षक लॉगिन कर देख सकते हैं। यह पहला मौका है जब राज्य में एडेड विद्यालयों के शिक्षकों के लिए ऑनलाइन तबादले की प्रक्रिया अपनाई गई है।

### प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए: सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** प. बंगाल में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने राष्ट्रपति शासन लागू करने और सेना तैनात करने की मांग की है। कोलकाता में सामूहिक बलात्कार मामले में पश्चिम बंगाल के एलओपी और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिक. ारी ने कहा कि राष्ट्रपति शासन या अनुच्छेद 355 लागू किया जाना चाहिए और सेना और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाना चाहिए। जब तक आप ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं करेंगे, तब तक ऐसा होता रहेगा। पूरी पार्टी बलात्कारियों, भ्रष्ट और राष्ट्र-विरोधी लोगों की है। जिसके कारण प्रदेश में अपराध पनप रहे हैं और सरकार नाकाम है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मोदी सरकार पर बोला हमला

# जनता की जेब काटने में लगी सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ लगातार महंगाई बढ़ने से घरेलू बचत घट रही, पिछले तीन साल से यह क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार हमला करते हुए शनिवार को कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार आवश्यक वस्तुओं के आकाश छूते दामों को रोकने के उपाय करने की बजाय जनता की जेब काटने में लगी है।

खड़गे ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि महंगाई बढ़ने के कारण घरेलू बचत लगातार घट रही है और पिछले तीन साल से यह क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार भले ही 'अमृत काल' मना रही है लेकिन सच यह है कि लोगों की बचत बंद हो गई है और उसके घरेलू खर्चों पर लगाम लग गई है। उन्होंने कहा कि बचत बंद, घरेलू खर्चों पर लगाम, ये है 'अमृत काल' के परिणाम। बचत बैंक खाते पर ब्याज दर 25 वर्षों में सबसे निचले पायदान पर आ गई और घरेलू बचत 50 वर्षों में सबसे कम तो हुई थी, पिछले तीन वर्षों से लगातार गिरावट देखने को मिली। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार ने जनता की जेब काटने का ठेका ले रखा है।

### भाजपा को समानता पसंद नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलत: पिछड़ा वर्ग, आरक्षण तथा संविधान विरोधी है, इसलिए मध्य प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत आबादी वाले ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं दे रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रमुख डा. अनिल जयहिंद ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश की आधा आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है और सारे फैसले इस वर्ग को आरक्षण देने के पक्ष में है, इसके बावजूद भाजपा सरकार इस वर्ग के लोगों को उनका अधिकार नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रुख दिखाता है कि वह न सिर्फ ओबीसी, आरक्षण और संविधान विरोधी है, बल्कि उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता भी पसंद ही नहीं है।

### नरसिम्हा राव को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पीवी नरसिम्हा राव को उनकी 104वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने कहा कि हम पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी सरकार की दूरगामी आर्थिक उदारीकरण नीतियों ने अभूतपूर्व राष्ट्रीय विकास के युग को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये सुधार मध्यम वर्ग के उत्थान और विस्तार में महत्वपूर्ण थे, जिसने अधिक मजबूत और लचीले भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी।

# संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द नासूर

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आपातकाल पर बड़ा हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों को नासूर करार देते हुए कहा है कि इससे संविधान की आत्मा का अपमान हुआ है।

धनखड़ को शनिवार को उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित एक समारोह में कर्नाटक के पूर्व विधायक और लेखक डीएस वीरैया द्वारा संकलित 'अंबेडकर के संदेश' पुस्तक की पहली प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति ने संविधान की प्रस्तावना को बदले जाने को गंभीर विषय बताया और कहा कि प्रस्तावना वह आधार है, जिस पर पूरा संविधान टिका है। उन्होंने कहा कि अन्य किसी भी देश के संविधान की प्रस्तावना में इस तरह का बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना अद्वितीय है। भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है और क्यों? प्रस्तावना अपरिवर्तनीय है। प्रस्तावना आधार है, जिस पर पूरा संविधान टिका है। यह उसकी बीज-रूप है। यह संविधान की आत्मा है। लेकिन भारत की इस प्रस्तावना को 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदल दिया गया और समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़ दिए गए।



धनखड़ ने आपातकाल को लोकतंत्र का अंधकारमय दौर बताया और कहा कि इसकी कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपातकाल-भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर था। जब लोग जेलों में थे, मौलिक अधिकार निलंबित थे। उन लोगों के नाम पर हम भारत के लोग जो खुद उस समय दासता में थे, क्या सिर्फ शब्दों का प्रदर्शन किया गया? इसकी शब्दों से परे जाकर निंदा की जानी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने इसकी प्रस्तावना को अत्यंत परिश्रम से सोच विचार कर तैयार किया होगा, लेकिन जब देश के लोगों पर आपातकाल का बंधन था उस समय इसे बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि हमें आत्मलचतन करना चाहिए। डा. अंबेडकर ने अत्यंत परिश्रम से यह कार्य किया। उन्होंने अवश्य ही इस पर गहराई से विचार किया होगा। हमारे संविधान निर्माताओं ने प्रस्तावना को सही और उचित समझ कर जोड़ा था, लेकिन इस आत्मा को ऐसे समय बदला गया जब लोग बंधन में थे। भारत के लोग, जो सर्वोच्च शक्ति का स्रोत हैं, वे जेलों में थे, न्याय प्रणाली तक पहुंच से वंचित थे। धनखड़ ने विभिन्न संविधान पीठों द्वारा संविधान की प्रस्तावना की व्याख्या का भी उल्लेख किया ।

# बीजेपी-कांग्रेस दोनों के चरित्र दोहरे: मायावती

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संविधान की प्रस्तावना पर दिए गए बयान पर अब बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि समय समय पर संविधान में गैर जरूरी परिवर्तन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना प्रस्तवान में दर्शाया गया है, उसमें छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

■ प्रस्तावना में छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए

मायावती ने कहा कि दोनों पार्टियों के दिल में कुछ और और जुबान पर कुछ और होता है। मायावती ने कहा कि पार्टियों को अपने संकीर्ण विचार से ऊपर उठकर संविधान से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। मायावती ने कहा कि हमें भी अपनी आवाज को देशभर में उठाना पड़ेगा। इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश के कई राज्यों में भाषा के नाम पर राजनीति ठीक नहीं है, सभी भाषाओं को सम्मान देना चाहिए। सरकार और पार्टियों में टकराव होना ठीक नहीं है। मायावती ने बिहार में वोटर लिस्ट वाले मामले पर भी कहा कि चुनाव आयोग को अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए और पार्टियों को विश्वास में लेना चाहिए।

# भाजपा ने ममता बनर्जी से मांगा इस्तीफा

## कोलकाता लॉ कालेज में छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने कोलकाता के कस्बा लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ जघन्य सामूहिक बलात्कार की घटना को राज्य सरकार के संरक्षण में हुआ अपराध करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की है तथा इस घटना की जांच के लिए एक चार सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की है।



भाजपा के प्रवक्ता डा. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बंगाल में जो रहा है उसको लेकर हम सब बहुत पीड़ा में हैं। बंगाल में महिलाओं के साथ इस प्रकार के क्रूर व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। हम ममता बनर्जी स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं, हम उनसे माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता के लॉ कॉलेज में हुई इस भयावह घटना से पूरा देश दुखी है। आश्चर्य की बात है कि पश्चिम बंगाल किस दिशा में जा रहा है। यह दुखद है कि बंगाल में महिलाओं के खिलाफ इस तरह के जघन्य अपराध बार-बार सामने आ रहे हैं, जबकि यहां एक महिला मुख्यमंत्री हैं। यहां महिलाओं के साथ इतनी क्रूरता क्यों हो रही है। पीड़िता के बयान से पता चलता है कि यह राज्य प्रायोजित क्रूरता है। ऐसा कहने का कारण यह है कि कथित तौर पर कॉलेज यूनियन इसमें शामिल है। वह इसी कॉलेज का छात्र है, कानून की पढ़ाई कर रहा है और साथ ही सत्तारूढ़ पार्टी के छात्र संगठन से भी जुड़ा हुआ है। डॉ. पात्रा ने कहा कि 25 जून के दिन कोलकाता के कस्बा लॉ कॉलेज में लगभग 24-25 वर्षीय हमारी एक बहन, एक छात्रा के साथ जिस प्रकार का एक जघन्य गैंगरेप का केस हुआ है, उसको लेकर आज पूरे भारतवर्ष में एक दुख का माहौल है।

# यूपी के लापरवाह अफसरों पर फिर की सरकार ने कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ा कदम उठाते हुए एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

इस बार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2-0 के परती भूमि विकास विभाग के चार परियोजना प्रबंधकों और तीन अवर अभियंताओं को कर्तव्यहीनता के लिए उनके सेवा अभिलेखों में प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिका. रियों को ऐसे मामलों की बारीकी से निगरानी करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद भी इन अधिकारियों के आचरण में सुधार न होने पर कठोर

■ सात अधिकारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। परती भूमि विकास विभाग के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2-0 के लिए राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीएस नवीन ने शुक्रवार को यहां बताया कि परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए नियमित विभागीय समीक्षा की जा रही है। हाल ही में परियोजना प्रबंधकों और अवर अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों से पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों का डीपीआर के अनुसार ब्योरा देने को कहा गया था।





**सोना रु. 97,784**
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु. 105193**
प्रति किलो



### आईआईटी बॉम्बे में अवैध रूप से प्रवेश के मामले में सुरक्षा चूक का खुलासा

**मुंबई।** आईआईटी पवई में अवैध रूप से प्रवेश के मामले में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की जांच टीम ने संस्थान की सुरक्षा टीम की ओर से लापरवाही पर चिंता जताई है और परिसर की सुरक्षा में गंभीर चूक को भी उजागर किया है। गौरतलब है कि इस मामले में कर्नाटक के मंगलुरु के एक निवासी को अवैध रूप से छात्रावास में रहने और आईआईटी मुंबई में व्याख्यान में भाग लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह संस्थान भारत का प्रमुख तकनीकी संस्थानों और दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। बिलाल अहमद फैयाज अहमद तेली नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर संस्थान के भीतर जासूसी गति. विधियों को अंजाम दिया और 14 दिनों तक अवैध रूप से आईआईटी पवई के अंदर रहा, सुरक्षा कर्मियों की नजर में आए बिना लगभग आठ से 10 बार परिसर में स्वतंत्र रूप से आता जाता रहा। पुलिस को बिलाल के मोबा. इल फोन पर मैसेजिंग और कॉलिंग प्लेटफॉर्म आईएमओ और सिग्नल ऐप मिले हैं।

# एमएसएमई 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रदान कर रहा आजीविका

## वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी, विकास यात्रा को गति मिली

**नई दिल्ली।** देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान कर रहे हैं।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिए जा रहे हैं। उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपए तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं, बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और

MSME
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES

टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम, पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख रुपए तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गई है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपए की गई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेजी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गई है।

### इस सप्ताह सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही

**नई दिल्ली।** इस सत्ताह सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 21 जून को सोना 98,691 रुपए पर था, जो 28 जून को 95,784 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,907 रुपए कम हुई है। वहीं पिछले शनिवार को चांदी 1,06,775 रुपए पर थी, जो अब 1,05,193 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 1,582 रुपए कम हुई है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रही, जबकि मुंबम्र में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 रही, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,470 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 थी।

# दाल दलहन और अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे, तेलों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शनिवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस



प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**धामी बने...**तीरथ सिंह रावत को प्रदेश की बागडोर सौंप दी। तीरथ सिंह रावत तकनीकी रूप से प्रदेश के 12वें और भाजपा के 5वें मुख्यमंत्री बने। इससे पूर्व वे 2007 में प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रह चुके थे, लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में उनका चयन पार्टी को जल्द ही त्रुटिपूर्ण प्रतीत हुआ। फलस्वरूप, केवल 116 दिनों के भीतर (10 मार्च से 4 जुलाई 2021) पार्टी को दोबारा नेतृत्व बदलना पड़ा। इसके बाद पार्टी ने दो बार के विधायक पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया, जिन्हें राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री रहे भगत सिंह कोश्यारी का शिष्य माना जाता है। उत्तराखंड की विषम भौगोलिक स्थितियों और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से 9 नवम्बर 2000 को राज्य का गठन किया गया था। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक और इतिहासकार जयसिंह रावत ने शाह टाइम्स से बातचीत में बताया, अंतरिम सरकार के रूप में भाजपा के नित्यानंद स्वामी ने पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, लेकिन पार्टी के आंतरिक विरोध के चलते वे एक वर्ष भी पूरा नहीं कर पाए और केवल 354 दिनों में उन्हें पद छोड़ना पड़ा। इसके बाद, आरएसएस से जुड़े भगत सिंह कोश्यारी को 30 अक्टूबर 2001 को मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन वे भी केवल 122 दिन पद पर रहे। 2002 में जब पहली बार राज्य में पूर्ण बहुमत की निर्वाचित सरकार बनी, तो कांग्रेस के पंडित नारायण दत्त तिवारी ने मुख्यमंत्री पद संभाला और तमाम आंतरिक गुटबाज़ी के बावजूद उन्होंने पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा किया, जो अब तक का रिकॉर्ड है। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने कार्यकाल में 3 वर्ष 357 दिन पूरे किए थे, जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को 3 वर्ष 358 दिन का कार्यकाल पूरा करके उन्हें पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों भुवन चंद्र खंडूरी (दो बार मुख्यमंत्री), रमेश पोखरियाल निशंक और त्रिवेंद्र सिंह रावत को कार्यकाल की दृष्टि से पीछे छोड़ दिया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने धामी की इस उपलब्धि को उनके नेतृत्व में प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून, भू-कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून और समान नागरिक संहिता जैसे कई जनहितकारी फैसलों का परिणाम बताया है।

# बुलडोजर बन गया अन्याय का प्रतीक: सपा

## बीजेपी गोरखपुर में मेट्रो तक नहीं चला पाई: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सत्ता के बल पर जमीन कब्जा रही है और विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए बुलडोजर का दुरुपयोग कर रही है। इसी के साथ तंज कसते हुए उन्होंने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए।

अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडे और विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव गोरखपुर में व्यापारियों से मिलने गए थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी। यूपी विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने आरोप लगाया कि हमने 24 जून को जिला प्रशासन को जानकारी दे दी थी, फिर भी जब हम शिवपुर चौराहे के पास पहुंचे, तो बीजेपी विधायक और मेयर ने रास्ता रोककर हंगामा कराया। पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की की और गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी जहां भी जमीन देखती है, उसे कब्जाने के लिए बुलडोजर का सहारा लेती है। हमारे दोनों विपक्षी नेता वहां पहुंचे, तो उन्हें रोकने के लिए बुलडोजर लगा दिया। समा. जवादी पार्टी विकास के खिलाफ नहीं है, लेकिन सरकार को लोगों को बाजार दर पर मुआवजा देना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में बीजेपी राज्य सरकार के 9 साल और केंद्र सरकार के 11 साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक मेट्रो नहीं चली। अगर गोरखपुर के लोग मुंह खोल देंगे, तो विरासत गलियारा नहीं, हिरासत गलियारा बन जाएगा। अखलिश ने कहा कि बीजेपी सरकार ने 9 साल में एक भी नया बिजली प्लांट शुरू नहीं किया, जो प्लांट चल रहे हैं, वे समाजवादी सरकार में शुरू किए गए थे। अब सरकार बिजली बेचने की तैयारी में है।

### सरकार बदलने पर ही मिलेगा आजम को न्याय

**लखनऊ।** सपा नेता आजम खान से मिलने के बाद तंजीम फातिमा के दिए गए बयान पर अब सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि उन्हें न्याय तभी मिल सकता है जब ये सरकार बदल जाए, उनके साथ अन्याय हो रहा है। हम सब भगवान और ईश्वर को मानने वाले लोग हैं, सबका भरोसा भगवान और ईश्वर पर है। न्याय सरकार बदल जाए तब मिलेगा या फिर भगवान से मिलेगा। इसके साथ ही सपा मुखिय अखिलेश यादव ने आरएसएस के बयान पर कहा कि जो लोग आरक्षण और संविधान के विरोधी हैं,जब वह सीधे-सीधे आरक्षण को खत्म करने के लिए नहीं बोल सकते हैं, तब वह समाजवादी शब्द हटाने की बात करते हैं। जिन लोगों का दिमाग नफरत और नकारात्मक राजनीति से भरा हुआ है,जो बांटकर समाज में दीवार खड़ी कर राजनीति करना चाहते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ऑपरेशन कनविक्शनः तीन नए कानूनों में 457 मामलों में सजा, चार को मृत्युदंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपराध के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर अडिग उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कानून-व्यवस्था को लेकर वह उदाहरण पेश किया है, जिसकी सराहना अब राष्ट्रीय स्तर से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक हो रही है।

राज्य में अपराधियों को त्वरित सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे आपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत तीन नए आपराधिक कानूनों के अंतर्गत दर्ज कुल चार सौ सत्तावन मामलों में दोषियों को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है। इन मामलों में चार अपराधियों को मृत्युदंड, दस को आजीवन कारावास, उन्नीस को बीस वर्ष से अधिक कारावास तथा चार सौ पच्चीस को बीस वर्ष से कम कारावास की सजा दी गई है। इन सजाओं को केवल कानूनी दायरे में सीमित न रखते हुए, अभियोजन पक्ष ने अदालती कार्यवाही में तथ्यों, साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर पूरी प्रभावशीलता से कार्य किया और यह सुनिश्चित किया कि किसी भी स्तर पर कोई तकनीकी चूक अपराधियों को राहत न दिला सके। इन सजाओं में बदायूं, हाथरस और कानपुर देहात के मामले विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, जहां न्यायालयों ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई। बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र में एक मामले में आरोपी को मृत्युदंड के साथ दो लाख तीस हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया, वहीं हाथरस में दो अपराधियों को मृत्युदंड के साथ अस्सी हजार रुपये का जुर्माना और कानपुर देहात के एक मामले में एक आरोपी को मृत्युदंड के साथ दस लाख रुपये का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया गया है। ये सख्त सजाएं इस बात का प्रमाण हैं कि प्रदेश सरकार न केवल कानूनों को लागू कर रही है, बल्कि उन्हें सामाजिक न्याय के औजार के रूप में भी प्रयोग में ला रही है। अभियोजन एडीजी दीपेश जुनेजा के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में नये आपराधिक कानूनों कृ भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कृ का प्रभावी अनुपालन किया जा रहा है, जिससे न केवल अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हो रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश अपराधमुक्त समाज की ओर एक मजबूत कदम भी बढ़ा रहा है। यह पहल न्याय प्रक्रिया को तेज और भरोसेमंद बनाने के साथ-साथ प्रदेश को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक परिवर्तन लेकर आई है। इस दौरान सुनवाई प्रक्रिया को त्वरित और व्यावहारिक बनाने के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग और डिजिटल दस्तावेजों का भी प्रभावी उपयोग हुआ है। पूरे प्रदेश में पच्चीस हज़ार वादों की सुनवाई इसी माध्यम से की गई, जिससे पुलिस और सरकारी गवाहों को बार-बार अदालतों में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

## झटका मशीन के तार की चपेट में आने से महिला की मौत

**जामो अमेठी।** जामो थाना क्षेत्र के जोरावरपुर गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव की 58 वर्षीय श्यामावती की झटका मशीन के तार से करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना बीती रात की है जब श्यामावती अपने पति समर बहादुर गुप्ता के साथ खेत गई थीं घर लौटते वक्त श्यामावती का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह पड़ोसी सुरेंद्र मिश्रा के खेत में लगी झटका मशीन के तारों पर गिर पड़ीं। जब तक उनके पति कुछ समझ पाते और मौके पर पहुंचते, तब तक श्यामावती की मौत हो चुकी थी। परिजन शव को घर लेकर आए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप है कि खेत में जानवरों से फसल बचाने के लिए झटका मशीन के तार लगाए गए थे, जिनसे करंट लगने से श्यामावती की जान गई।

# शातिर ठग को एसटीएफ व पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हेमपुरवा में छापेमारी की। यहां पर पुलिस दें मुजफ्फरनगर जिले के खतौली थाना क्षेत्र के ग्राम ककराला निवासी राहुल कुमार पुत्र रणवीर सिंह को गिरफ्तार किया।

पुलिस का कहना है कि वह सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करता था। पुलिस का कहना है कि उसके खिलाफ कोतवाली नगर में मु.अ.सं. 180/25 धारा 319(2)/318(4) /352/351(2)/336(1)/338/341(1)/205 BNS में केस दर्ज है। पुलिस ने मौके से दो कम्प्यूटाराईज्ड इंक मोहर, दो लिफाफा टिकट लगा नाम पता सहित मोहर लगा हुआ तथा दो लिफाफा सादा नाम पता सहित मोहर लगा हुआ जिनके अन्दर अलग-अलग दो अदद मोहर व हस्ताक्षरित फर्जी नियुक्ति पत्र एवं दो अदद मूल सभासद द्वारा संघोषणित चरित्र प्रमाण पत्र व एक अदद मोबाइल फोन रियलमी बरामद हुआ हैं। आरोपी राहुल सेना के कर्नल की वर्दी पहने हुआ था। वह लोगों को भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती कराने के लिये पैसा लेकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोगों को विश्वास व भरोसे में लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराता था। आरोपी द्वारा मु0अ0सं0 180/25 उपरोक्त की वादिनी मुस्कान माहौर व कल्पना कुमारी से मोटी रकम क्रमशः 2,50000 व 1,50000 रुपये नकद लेकर कूटरचित नियुक्ति प्रमाण पत्र दिनांक 27.06.2025 को को लाल. बाग चौराहा सीतापुर के पास दिया गया था। उसके अलावा वन्दना सिंह तथा आरती देवी के नाम से भी अभियुक्त राहुल द्वारा दिनांक 26/04/2025 को कूटरचित फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र तैयार कर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास सिंह के मोहर जिस पर स्वंय के द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर नियुक्ति प्रमाण पत्र तैयार किया गया था । जिनका पूरा पैसा प्राप्त न होने पर उनको अभी उक्त नियुक्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया था । लेफ्टिनेंट कर्नल विकास सिंह नाम का कोई भी अधिकारी नहीं है।

## एनडीपीएस में 10 वर्ष कैद

**सीतापुर।** शहर कोतवाली में वर्ष 2022 में महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बाकरपुर निवासी प्रेम उर्फ जंगली पुत्र श्यामलाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 3 विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने सबूतों को देखने और दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद प्रेम उर्फ जंगली को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने प्रेम उर्फ जंगली को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने प्रेम पर 100000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** सकरन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में नाक.बंदी कर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम की एक व्यक्ति से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पड़ताल की तो उसकी पहचान सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम सरजू पुरवा निवासी प्रमोद उर्फ गोधे पुत्र रामस्वरूप लोनिया के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि प्रमोद शातिर अपराधी है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि वह करीब 22 वर्ष से फरार चल रहा था।

# मुहर्रम को लेकर कानून व्यवस्था को लेकर एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने किया पैदल गश्त और निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर अमेठी ।** मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक ने कस्बा जगदीशपुर में पैदल गश्त कर मोहर्रम के जुलूस मार्गों और कर्बला स्थल का निरीक्षण किया।



उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों से वार्ता कर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान एसपी ने मोहल्लों में घूमकर आमजन से अपील की कि वे आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया या किसी अन्य माध्यम से अगर कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को साफ-साफ निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों पर साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, बिजली के तारों की मरम्मत, पर्याप्त रोशनी और बैरिकेडिंग जैसे सभी प्रबंध समय से पूरे कर लिए जाएं। साथ ही जुलूस के दौरान शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखने और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती के निर्देश भी दिए इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह और थाना प्रभारी जगद.ीशपुर धीरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। पुलिस बल ने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। लोगों ने प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे हर संभव सहयोग करेंगे और मोहर्रम का पर्व पूरी शांति और सौहार्द के साथ मनाएंगे पुलिस की इस सक्रियता और संवेदनशीलता से कस्बे में लोगों में विश्वास का माहौल देखा गया। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की इस मुस्तैदी से असामाजिक तत्वों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे और सभी मिलजुलकर त्योहार को शांतिपूर्वक मनाएंगे।

## दो हत्यारोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** रामकोट थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शहर के नवीन चौक चौराहा ओवर ब्रिज के नीचे छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी जनपद के मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम गहिरा निवासी इस्माइल पुत्र इब्राहिम और तंबौर थाना क्षेत्र की ग्राम सुल्तानपुर निवासी देशराज सिंह पुत्र राम लखन सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि देशराज सिंह का हाल पता रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम इलसिया गिरण्ट आनंद विहार है। पुलिस का कहना है कि दोनों पर हत्या का आरोप है। पुलिस का कहना है कि दोनों के खिलाफ सुशील कुमार सिंह पुत्र स्व0 राजकुमार सिंह निवासी ग्राम बरातपुर थाना महोली सीतापुर ने दिनांक 27.06.2025 को तहरीर दी थी। आरोप था कि उनकी बहन सुशीला सिंह का विवाह देशराज सिंह पुत्र रामलखन सिंह निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना तम्बौर सीतापुर के साथ हुआ था। सुशीला और देशराज इलसियाग्रंट आनन्द विहार थाना रामकोट में मकान बनाकर रह रहे थे। सुशीला और देशराज के मध्य पिछले 5-6 वर्षो से विवाद चल रहा था।

# बाइक की टंकी में छिपे सांप ने छीन ली मासूम की जिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी, रायपुर फुलवारी।** अमेठी जिले के रायपुर फुलवारी विकासखंड क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार को बाइक की टंकी में छिपे सांप ने डेढ़ साल की मासूम बच्ची और एक युवक को डस लिया। बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र निवासी राजकुमार सोनी अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी मानवी को बाइक पर बिठाकर गांव में निकली जगन्नाथ यात्रा की तैयारियां दिखाने ले जा रहे थे। इसी दौरान बाइक की टंकी में छुपे सांप ने मासूम मानवी के पैर में काट लिया। बच्ची के अचानक चीखने पर राजकुमार ने जैसे ही बाइक रोकी तो टंकी के नीचे सांप दिखा बाइक पर साथ बैठे उनके दोस्त राहुल चौहान ने बच्ची के पैर से सांप को हटाने की कोशिश की तो सांप ने उन्हें भी डंस लिया। परिजन आनन-फानन में मासूम को अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया वहीं युवक राहुल चौहान का इलाज स्थानीय प्राइवेट डाक्टर से कराया गया। साथ ही परिजनों ने झाड़-फूंक भी करवाई। फिलहाल राहुल की हालत स्थिर बताई जा रही है और उसे घर ले जाया गया है। मासूम मानवी की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है

## मानिकपुर थाना दिवस में फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**चित्रकूट।** थाना मानिकपुर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर श्री मो. जसीम भी मौजूद रहे। थाना दिवस के दौरान आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया ।

# लोकतंत्र पर बुलडोजर चला रही भाजपा सरकारः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में जमीनों का गोरखधंधा चल रहा है। जहां भी जमीन दिखती है, भाजपा कब्जा करने की कोशिश में लग जाती है। गोरखपुर में विरासत गलियारा के नाम पर व्यापारियों के मकान-दुकान तोड़े जा रहे हैं, उनका उत्पीड़न हो रहा है। व्यापारियों की समस्याओं को लेकर गोरखपुर पहुंचे नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद के नेता विपक्ष लाल बिहारी यादव को भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोका, हमला किया और रास्ते में बुलडोजर लगाकर रास्ता बंद कर दिया। अखिलेश यादव ने इस घटना को लोकतंत्र और संविधान विरोधी करार देते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं हिटलरशाही का प्रतीक हैं और अब बुलडोजर अन्याय का प्रतीक बन गया है।



अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में जमीनों पर जबरन कब्जा और मुआवजे के नाम पर व्यापारियों को डराकर जबरन सहमति ली जा रही है। सरकार बाजार मूल्य के बजाय मनमानी दरों पर मुआवजा देना चाहती है जबकि सच्चाई यह है कि इसी सरकार के लोगों ने अपनी ज़मीनों के बदले अधिकतम मुआवजा लिया और खुद को दयावान साबित किया। उन्होंने कहा कि भाजपाई लूटतंत्र सक्रिय है, जो औने-पौने दाम पर ज़मीन खरी.दकर ऊंचे दामों पर बेचता है। यही वजह है कि भाजपा अयोध्या और प्रयागराज में हारी और वाराणसी में हारते-हारते बची, अब अगला नंबर गोरखपुर और मथुरा का है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में मेट्रो चलाने की घोषणा की थी, लेकिन बीस साल बाद भी मेट्रो नहीं चल पाई। गोरखपुर ही नहीं, अयोध्या, लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में भाजपा की सरकार में ज़मीनों की लूट हो रही है। किसानों और व्यापारियों से ज़मीन सस्ते में छीनी जाती है और जब वही ज़मीन भाजपा नेताओं के हाथ में आ जाती है तो सर्किल रेट बढ़ा दिए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के सलाहकार को इसी गोरखधंधे के कारण इस्तीफा देना पड़ा और जिनसे हाथ मिलाया था, वे देश छोड़कर भाग गए। पूरे प्रदेश में ज़मीनों की दलाली हो रही है, गोरखपुर के लोग जानते हैं कि सबसे ज्यादा ज़मीनें किसके नाम पर रजिस्ट्री हुई हैं। कई सौ एकड़ ज़मीन गरीबों से छीनी जा चुकी है। सिसोदिया नर्सिंग और पैरामेडिकल कालेज में भी फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है, जहाँ छात्रों से फीस लेकर डिग्री नहीं दी जा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सबसे जूयादा बार अपने गृह जनपद गोरखपुर गए, लेकिन वहाँ आज भी अन्याय और अपराध चरम पर है। हाल ही में एक नाबालिग यूटड्बर से दुष्कर्म की घटना सामने आई है, आरोपी भाजपा से जुड़ा है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार ने कभी ज़मीनों के मामले में किसानों और मकान मालिकों को ठगा नहीं। एक्सप्रेस-वे, मेट्रो, बिजली स्टेशन जैसे विकास कार्यों के लिए ज़मीन ली गई तो बाजार मूल्य से भी अधिक मुआवजा दिया गया।

# आठ वर्षीय बच्ची का शव मिलने से सनसनी हैवानियत की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के कौड़िया बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवादा हाशिमपुर गांव में शनिवार, 28 जून 2025 को एक 8 वर्षीय दलित बच्ची का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बच्ची सुबह करीब 10 बजे अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन दोपहर बाद गांव के बाहर एक झाड़ी में उसका शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में बच्ची के साथ हैवानियत की आशंका जताई जा रही है, जिसने स्थानीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया है।

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने खुलासे के लिए लगाई गई पांच टीमें**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जांच को गंभीरता से लेते हुए भारी पुलिस बल के साथ-साथ डाग स्क्वायड और फारेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। टीमें साक्ष्य संकलन में जुटी हैं, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि बच्ची की मौत के कारणों का पता लगाने और अपराधियों को शीघ्र पकड़ने के लिए पांच विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही इस जघन्य घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। यह घटना न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि सामा.जिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी गंभीर सवाल उठाती है। बच्चियों की सुरक्षा और ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए समाज और प्रशासन को मिलकर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और जांच से उम्मीद है कि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिलेगा।

# संविधान से छेड़छाड़ की प्रवृत्ति पर बसपा का कड़ा ऐतराज

## मायावती ने कहा: बहुजन समाज अब खामोश नहीं रहेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' जैसे शब्दों को हटाने की बहस और राजनीतिक मंतव्य पर बहुजन समाज पार्टी ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा है कि इस तरह के प्रयास न केवल लोकतंत्र के मूल ढांचे पर हमला हैं बल्कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को संवैधानिक सुरक्षा से वंचित करने की साजिश भी हैं।

पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने रविवार को एक विस्तृत प्रेस नोट जारी कर भाजपा और कांग्रेस दोनों की नीतियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये दोनों ही पार्टियां समय-समय पर संविधान की आत्मा से खिलवाड़ करती रही हैं, लेकिन अब भाजपा का यह प्रयास अधिक खतरनाक है क्योंकि इसके पीछे बहुसंख्यकवादी सोच को संस्थागत रूप देने की कोशिशें हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाबा साहेब अंबेडकर ने जो संविधान हमें सौंपा, वह हर दृष्टि से



एक मानवीय और समतामूलक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला था, लेकिन आज सत्ता में बैठे लोग उसे तोड़ने-मरोड़ने में लगे हैं। मायावती ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों की सोच स्पष्ट रूप से मनुवादी है, जो देश की जनता खासकर गरीबों, दलितों, पिछड़ों, मजदूरों, महिलाओं और छोटे कारोबारियों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी को यह चिंता लगातार सताती रही है कि देश में संविधान संशोधन के नाम पर केवल सत्ता के हितों के अनुरूप परिवर्तन किए जाते रहे हैं, जिनका उद्देश्य जनकल्याण कम और राजनी.तिक सत्ता का केंद्रीकरण अधिक रहा है। संविधान में समय-समय पर किए गए अनेक संशोधनों ने उसकी मूल आत्मा को ही आहत किया है और अब प्रस्तावना जैसे पवित्र हिस्से को भी राजनीति के दांवपेच में लपेटने की को.शिश हो रही है, जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस ने भी अतीत में इसी प्रकार की ढुलमुल नीतियाँ अपनाईं और जब जब संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत करने की ज़रूरत थी, तब वह अवसरवादिता का शिकार रही। मायावती ने यह आरा.ेप भी लगाया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अपने-अपने समय में संविधान के प्रति ईमानदार नहीं रहे, और अब जब भाजपा की सरकार है तो 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' जैसे शब्दों को हटाने की मांग तेज हो रही है। उन्होंने इस बात को खतरनाक बताया कि ये प्रवृत्तियाँ अब केवल सैद्धांतिक नहीं रहीं, बल्कि इन्हें धीरे-धीरे सरकारी नीतियों और योजनाओं में भी उतारा जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आयुष और योग के जरिये यूपी बनेगा हेल्थ टूरिज्म का हब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को न केवल धार्मिक पर्यटन, बल्कि हेल्थ टूरिज्म के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इस लक्ष्य के केंद्र में है भारत की परंपरागत चिकित्सा प्रणाली आयुष और जीवन पद्धति योग, जो अब वैश्विक मंच पर भी अपनी जगह बना चुके हैं।

हाल ही में इंटरनेशनल योग डे पर एक सौ पचहत्तर देशों में योग दिवस मनाया गया, जो इस पद्धति की अंत.रराष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रमाण है। योग और आयुर्वेद की परंपरा को आगे बढ़ाने में नाथ पंथ का विशेष योगदान रहा है, और चूंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इसी परंपरा से दीक्षित हैं, इसलिए इस विषय में उनकी व्यक्तिगत रुचि भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। इसी कड़ी में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए गोरखपुर में प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है, जिसका नाम महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय रखा गया है। एक जुलाई को इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इसका शिलान्यास वर्ष 2021 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। गोरखपुर के पिपरी (भटहट) में स्थित यह विश्वविद्यालय पहले ही ओपीडी सेवाओं और कुलपति की नियुक्ति के साथ सक्रिय है, और उद्घाटन के बाद पूरी क्षमता से कार्य करने लगेगा। प्रदेश में आयुष के विस्तार के लिए सरकार ने व्यापक ढांचा खड़ा किया है। वर्तमान में राज्य में दो हज़ार एक सौ दस आयुर्वेदिक, दो सौ चौवन यूनानी, और एक हज़ार पांच सौ पिचासी होम्योपैथिक चिकित्सालय हैं। इनके अतिरिक्त आठ राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, दो यूनानी कालेज, और नौ होम्योपैथिक कालेज संचालित हो रहे हैं। अब अयोध्या में नया आयुर्वेदिक कालेज और काशी में नया होम्योपैथिक कालेज भी शीघ्र ही कार्यरत हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि आयुष पद्धति केवल आरोग्यता का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हेल्थ टूरिज्म और रोजगार का भी बड़ा आधार बन सकती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार ने आयुष बोर्ड का गठन किया है, जिससे पाठ्यक्रमों में एकरूपता लाकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, शोध और नवाच.ार को बढ़ावा देने, और संस्थागत समन्वय को सुनिश्चित करने की दिशा में काम हो रहा है। आयुष का बढ़ता वैश्विक बाजार इसकी व्यावसायिक संभावनाओं का संकेत देता है। वर्ष 2014 में आयुष उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय बाजार जहां लगभग तीन अरब डालर था, वहीं 2024 में यह बढ़कर तैंतालीस अरब डालर से अधिक का हो गया हैकृ यानि दस वर्षों में पंद्रह गुना वृद्धि। आज भारत के हर्बल उत्पाद सौ से अधिक देशों में निर्यात हो रहे हैं, और कोविड महामारी के बाद इसमें और तेजी आई है। आयुर्वेदिक उत्पादों का घरेलू कारोबार भी बारह हज़ार करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि योग से संबंधित वस्तुओं का बाजार चार सौ अस्सी अरब रुपये के स्तर पर है, जो आने वाले वर्षों में आठ सौ पचहत्तर अरब तक पहुंचने की संभावना रखता है। इस बढ़ते बाजार से न केवल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय किसानों और युवाओं को भी नई दिशा मिलेगी। औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा मिलने से स्थानीय स्तर पर कुटीर उद्योग, प्रसंस्करण इकाइयां, पैकेजिंग, ग्रेडिंग तथा मार्केटिंग से जुड़ी गतिविधियों में रोज़गार सृजित होंगे। गांवों के किसान अब जंगलों या खेतों से मिलने वाली औषधीय जड़ी-बूटियों का संग्रह कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे। योग और आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि यह गोरक्षपीठ की परंपरा का भी अंग हैं। योग को व्यावहारिक जीवन में उतारने का श्रेय नाथ संप्रदाय के प्रवर्तक गुरु गोरक्षनाथ को जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं, और वहां स्थित मंदिर परिसर में वर्षों से आयुर्वेदिक केंद्र और योग प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होते रहे हैं। यही नहीं, वहां साल में एक बार विशेष योग प्रशिक्षण सप्ताह भी आयोजित होता है। योगी सरकार का मानना है कि आयुष की लोकप्रियता न केवल भारत के स्वदेशी ज्ञान और संस्कृति की संपन्नता का प्रतीक है, बल्कि यह परंपरा और विज्ञान के संगम से आरोग्य की वैश्विक राह भी बन सकती है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**जगदीशपुर अमेठी।** खेत मे काम कर रहा अधेड आकाशीय बिजली की चपेट मे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत रजखेता मजरे पलिया पश्चिम गांव निवासी भगवानदीन उम्र लगभग 65 वर्ष जो गांव के समीप खेत मे काम कर रहे थे इसी बीच जोरदार बारिश होने होने लगी और अचानक गडगडाहट के साथ उनके पास आकर गिरी आक.ाशीय बिजली की चपेट मे आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे आसपास के लोग ईलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।

# आयुष्मान क्लीनिक संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## जच्चा की मौत पर परिजनों ने किया था हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सीजेरियन डिलीवरी के बाद जच्चा की मौत के मामले में शहर में संचालित आयुष्मान हॉस्पिटल के डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की है। आरोपी पक्ष पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का भी आरोप है। यह घटना करीब दो महीने पुरानी है।

अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के गांव कमालपुर किसान ब्रह्मपाल सिंह का परिवार रहता है। उनकी पत्नी मोनिका गर्भवती थी। बीती 9 मार्च को प्रसव पीड़ा होने पर उन्होंने पत्नी को अमरोहा शहर में कैलसा बाईपास पर स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। कमी बताकर पांच यूनिट ब्लड लेने के बाद डॉक्टर ने उसी दिन दोपहर में मोनिका का ऑपरेशन किया था। मोनिका ने एक बेटे को जन्म दिया था। वहीं, ऑपरेशन के बाद से ही मोनिका की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। परिजनों ने मोनिका को दूसरे अस्पताल में ले जाने के लिए कहा तो डॉक्टर ने रोक लिया। रात में करीब नौ बजे मोनिका की मौत हो गई थी। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। इसके बाद परिजनों को धमकी देते हुए अस्पताल स्टाफ ने मोनिका का शव एंबुलेंस में रखवाकर बिना कागज दिए ही घर भिजवा दिया था। मामले में स्वास्थ्य विभाग व पुलिस स्तर पर तब कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। आखिर में इस मामले में कोर्ट की शरण ली गई थी।

# कृषि विभाग की कार्रवाई पर भड़के व्यापारी

## दुकानदारों को डराने-धमकाने का आरोप



मंडी धनौरा। एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। कृषि विभाग की कथित मनमानी और दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में शनिवार को खाद-बीज व्यापारियों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। नाराज व्यापारियों ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर विभाग के अधिकारियों के रवैये पर गंभीर आपत्ति जताई और कहा कि यदि जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

व्यापारियों का आरोप है कि कृषि विभाग द्वारा लाइसेंस प्राप्त दुकानदारों पर बिना किसी ठोस वजह के कार्रवाई की जा रही है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि विभागीय अधिकारी अपनी मनमर्जी से लाइसेंस रद्द करने की धमकी देते हैं और केवल चहेती फर्मों से ही खाद खरीदने का दबाव बनाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि विभाग की डिजिटल व्यवस्था और पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है, जिससे किसानों और व्यापारियों दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कृषि विभाग की रिपोर्टों में जमीनी सच्चाई को नजरअंदाज किया जा रहा है। अक्सर यह दिखाया जाता है कि किसानों को मंडी से अधिक दर पर खाद बेचा जा रहा है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। इसके अतिरिक्त पीओएस मशीनें अक्सर बंद रहती हैं, जिससे बिक्री प्रक्रिया बाधित होती है और व्यापारियों पर अनुचित दबाव बनाया जाता है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि लगातार हो रहे उत्पीड़न और मानसिक दबाव के कारण उनका धैर्य जवाब दे रहा है। ज्ञापन पर दर्जनों व्यापारियों ने हस्ताक्षर कर एक स्वर में विरोध जताया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस आक्रोश को कितनी गंभीरता से लेता है और समाधान की दिशा में क्या ठोस कदम उठाता है। इस दौरान ब्रजेश अग्रवाल, हेमंत कुमार, लव कुमार, वीरेंद्र सिंह, जगतवीर सिंह, महिपाल, राजपाल, तेजराम, चीनू अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

# झमाझम बारिश से मिली गर्मी से राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। शनिवार को काफी देर तक हुई झमाझम बारिश से गर्मी से राहत मिली, ठंडी हवा चलने से मौसम भी सुहावना हो गया। वहीं बारिश के कारण नगर के इंदिरा चौक से बस्ती मार्ग थाना परिसर, सीएचसी परिसर आदि में कई कई फिट पानी एकत्र हो जाने से तालाब जैसे हालात बन गए तो वहीं अन्य सड़कों व गलियों की स्थिति भी ऐसी ही रही। बारिश बंद हो जाने के बाद धीरे धीरे नालों के माध्यम से पानी पास हुआ तब जाकर सड़कों व गलियों में भरा पानी उतरा। जलभराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को भीषण गर्मी और तेज धूप थी, तो वहीं रात को भी उमस और गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। शनिवार को पूर्वान्ह के समय झमाझम बारिश से मौसम काफी सुहाना हो गया। हर किसी को गर्मी से निजात मिल गई। बच्चों और लोगों ने अपने घरों की छतों पर खड़े होकर बारिश में स्नान का लुत्फ भी उठाया, हालांकि जलभराव व कीचड़ आदि से लोगों को अपने घर तक पहुंचने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ा। बारिश बंद होने के पानी उतरना शुरू हुआ तो लोगों को आवागमन में सहूलियत रही।

# करंट से दो पशुओं की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। शनिवार को बारिश के बीच 11 हजार वोल्टेज की लाइन के खंबे से लगी सपोर्ट के तार में करंट उतर आने से घर में बंधी दो भैंसो की मौत हो गई, वहीं एक दूसरे घर में कुट्टी काट रही महिला को भी करंट का झटका लगा, हालांकि उन्हें अस्पताल ले जाने की नौबत नहीं आई।

बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव लम्बिया में ओमप्रकाश पुत्र रामचरन सिंह के घर में दो भैंसे बंधी थीं। इनके घर के पास में एक 11 हजार वोल्टेज की लाइन गुजर रही है। नाली के पास में ही खंबा है और उसकी सपोर्ट की तार भी लगी है। बताते हैं कि शनिवार को हुई बारिश के बीच अचानक करंट सपोर्ट के तार में उतरकर पूरे घर में दौड़ गया और घर में बंधी दो भैंसो की करंट लगने से मौत हो गई। गनीमत रही कि घर के किसी सदस्य को करंट नहीं लगा। वहीं एक ग्रामीण महिला को भी करंट का झटका लगा जो कि कुट्टी मशीन से कुट्टी काट रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में अक्सर करंट उतर आता है। ऐसे में बिजली विभाग को करंट से रोकने के लिये इंतजाम करने चाहियें। वहीं जिस व्यक्ति की भैंसो की मौत करंट से हुई, उसने बिजली विभाग को इस घटना का जिम्मेदार मानते हुए मुआवजे आदि की मांग की है ताकि वह दूसरी भैंस खरीदकर अपना दुग्ध व्यवसाय का काम कर सका है।

# शिकायतों का जल्द करें समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। थाना समाधान दिवस में एसडीएम के समक्ष राजस्व विभाग की 10 शिकायत दर्ज की गई। शनिवार को कोतवाली के प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी के समक्ष राजस्व विभाग की 10 शिकायते दर्ज की गई। उपजिलाधिकारी ने दर्ज की गई शिकायतों का जल्द समाधान करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा की कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाये। शासन की मंशा का अनुरूप शिकायतों का समाधान किया जाये।

# जानलेवा चाईनीज मांझे की खुलेआम बिक्री

## कई हादसे होने के बाद भी प्रशासन खामोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर में खुलेआम धड़ल्ले के साथ चाइनीज मांझे को बेचा जा रहा है। चाइनीज मांझे की चपेट में आकर लगातार आसमानी पक्षी मौत के मुंह में समा रहे है।

चाइनीज मांझे से लगातार मौते होने के बावजूद भी प्रशासन गहरी नींद सोया हुआ है। पिछले दिनों चाइनीज मांझे की चपेट में आकर जनपद में पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। उस समय पुलिस अधीक्षक ने चाईनीज मांझे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था। कुछ दिनों तो हसनपुर नगर में चाईनीज मांझे का कारोबार बंद रहा। लेकिन अब कुछ दुकानदारों द्वारा चाईनीज मांझे को नगर में खुलेआम बेचा जा रहा है। चाईनीज मांझा जब पतंगबाज उड़ाते हैं तो हवा में उड़ने वाले पक्षी उसकी चपेट में आकर कट जाते हैं। प्रशासन द्वारा चाईनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से रोग लगाई हुई है। लेकिन उसके बावजूद भी कुछ रूपयों के लालच में दुकानदार चाईनीज मांझे को बेच रहे हैं। इसके अलावा सर्किल के थाना सैदनगली ढक्का उझारी के अलावा कई अन्य स्थानों पर भी चीनी मांझे को बेचा रहा है।

# शानो शौकत से मना सूफी तस्लीम शाह का उर्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मशहूर बुजुर्ग सूफी तस्लीम अहमद शाह साबरी का उर्स अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया।

कुल शरीफ में शामिल जायरीनों ने मजारे मुबारक पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी। उर्स के मद्देनजर अतरासी रोड पर रेलवे क्रासिंग स्थित दरगाह पर सुबह से ही जायरीनों के आने का सिलसिला शुरु हो गया था। शुरुआत बाद नमाज-ए-फज्र कुरआन ख्वानी से की गई। इंजीनियर खुर्रम हसन रिजवी ने बताया कि सूफी तस्लीम अहमद शाह साबरी रहमतुल्लाह अलैह की पूरी जिंदगी जिक्र-ए-इलाही में गुजरी। आपके मुरीद की तादाद सैकड़ों में हैं। वहीं, दोपहर में मजार-ए-मुबारक पर चादरपोशी की गई। डा. मनसब अली व हमनवां ने नातिया कलाम पेश कर महफिल में नूरानियात का रंग भर दिया। कव्वालों ने भी शाह की शान में कव्वाली पेश की। कुल शरीफ के बाद लंगर तकसीम कर उर्स का समापन किया गया। सूफी मोईन उद्दीन साबरी ने मुल्क में अमन-चौन व कौम की सलामती की दुआ कराई। इस दौरान असलम रिजवी, डा. अफसर परवेज, मुश्ताक अहमद, जैद रिजवी, सुल्तान अंसारी, नदीम अहमद, सूफी निशात सिद्दीकी, खलीफा माजिद आदि मौजूद रहे।

# दैवीय आपदाओं के पीड़ितों को तुरन्त मुहैया कराएं मदद

## सभापति ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दैवीय आपदा प्रबंध जांच समिति के सभापति अवनीश कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि दैवीय आपदाओं से पीड़ित लोगों के परिवारों को तुरन्त मद्द मुहैया करायी जाये।

मुरादाबाद सर्किट हाउस में सभापति अवनीश कुमार सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि बाढ़, अग्निकांड व अन्य दैवीय आपदाओं में मृतकों की संख्या व उनके परिजनों को प्रदान की गयी राहत राशि के बारे में अधिकारी पूरी तरह जागरूक रहें। नदियों के पुनद्धार व तटबंध निर्माण के बारे में उन्होंने जानकारी ली। उन्होने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवारों को समय पर मद्द मुहैया करायी जाये। कैम्प लगाकर सर्पदंश से बचाव के उपाय बताये जायें। जल संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यो के बारे में अधिकारियों से बात की। उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को सरकारी भवनों में स्थापित कर जल संरक्षण का आह्वान किया। इस मौके पर स्नातक एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनन्द, एडीएम धीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दिवंगत शिक्षिका के बच्चों को 49 लाख की मदद



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। टीचर सेल्फ केयर टीम ने दिवंगत शिक्षिका के बच्चों को 49 लाख रुपये की आर्थिक मद्द दी। संयोजक सोरभ सक्सैना ने बताया कि जोया ब्लॉक के गांव ढकिया चमन स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात ऋचा मलिक का निधन पिछले साल बीमारी के चलते हो गया था। वह टीचर्स सेल्फ केयर टीम की नियमित सदस्य थी। टीम ने दिवंगत शिक्षिका के बच्चों को 49 लाख रूपये की आर्थिक मद्द दी। श्री सक्सैना ने बताया कि पांच साल में 356 दिवंगत शिक्षिकों के परिजनों को सेल्फ केयर द्वारा करीब 148 करोड़ नौ लाख रूपये की सहायत दी जा चुकी है। सह संयोजक अमित चहल ने बताया कि अगले माह जेएस हिन्दू इंटर कालेज के शिक्षक स्व. राजवीर सिंह के परिजनों को भी मद्द मुहैया कराई जाने की संभावना है।

### विद्यालय बंद हुए, तो लड़ेंगे आर-पार की लड़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। आप के रूहेलखंड प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर मौहम्मद हैदर ने कहा कि सरकार परिषदीय स्कूलों के बंद कर मधुशाला खोलने का प्रयास कर रही है। यदि ऐसा हुआ तो आप कार्यकर्ता सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने से भी पीछे नहीं हटेंगे। प्रेस को जारी नोट में इं. नौशाद हैदर ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के 27 हजार सरकारी स्कूलों के बंद करने के प्रयास में लगी है। लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण पिछले चार साल में 42 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूल छोड़ दिये। श्री हैदर ने कहा कि भाजपा सरकार में मंदिरों, मस्जिदों, दरगाह, दुकान व मकानों पर बुल्डोजर चल रहा था। लेकिन अब शिक्षा के मंदिरों को भी बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2024 में प्रदेश में 27 हजार 308 मदिरा की दुकानें खेली जबकि अब सरकार की 27 हजार विद्यालयों को बंद करने की योजना है। जिसे किसी भी कीमत में पूरा नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों को छात्रों द्वारा क्यो छोड़ा जा रहा है इसका कारण जानने का सरकार जरा भी प्रयास नहीं कर रही है।

# महिला के साथ प्रधान ने लगाए अश्लील ठुमके

## सीसी रोड के उद्घाटन कार्यक्रम में बुलाई बार-बालाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में सीसी सड़क के उद्घाटन के उपलक्ष्य में आन्दित पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां ग्राम प्रधान अपने पद की मान मर्यादा को छोड़कर एक महिला डांसर के साथ जमकर ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। पूरा मामला ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मरौरा की ग्राम पंचायत का है। यहां पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल से प्रधान के डांस का वीडियो शूट कर लिया और फिर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्राम प्रधान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें वह स्टेज पर एक महिला डांसर के साथ डांस करते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो गांव में सीसी सड़क के उद्घाटन के उपलक्ष्य में बताया जा रहा है। वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। वीडियो को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं भी कर रहे हैं। प्रधान अपने पद की मर्यादा भी भूल गए और महिला डांसर के साथ फूहड़ डांस करने लगे। वहां स्टेज पर जब महिला डांसर गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर रही थी। इसी दौरान प्रधान भी मंच पर चढ़ जाते हैं और अपने पद की मर्यादा को भूल जाते हैं।

# हादसे में तीन बहनों के इकलौते भाई की मौत

## हाइवे पर कैंटर-ट्रक की जोरदार भिड़ंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कैंटर-ट्रक की भिड़ंत में तीन बहनो के अकेले भाई चालक की मौत हो गई। कैंटर चालक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी मेहराज पुत्र बाबू खां 30 वर्षीय कैंटर चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। शुक्रवार की देर रात वह संभल से मुरादाबाद दिशा को जा रहा था जैसे ही उसकी कैटर गाडी सिरसी गांव के पास पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शनिवार की शाम जैसे ही मृतक कैंटर चालक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन बहनों का अकेला भाई था। मेराज परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक अपने पीछे एक छह माह की बेटी वह पत्नी उसरा को रोते बिलखते छोड़ गया है। परिजनो ने मृतक के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया है।

### घर में घुसकर पीटा

**रहरा**। थाना आदमपुर क्षेत्र गांव भूवरा निवासी अमरीश पुत्र शहजाद ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर पर था। तभी गांव निवासी लवकुश पुत्र रामौतार शराब पीकर गली गलौच कर रहा था। रात्रि में किसी दूसरे व्यक्ति की छत पर चढ़कर मेरे घर में घुस आया और पैर पर ईट मारकर मुझे घायल कर दिया। और मौके से फरार हो गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैं अपने पुत्र अथर व उसकी पत्नी अनम के गलत आचरण के कारण उनसे सभी संबंध विच्छेद करता हूं तथा अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किये गये किसी भी गलत कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**कमरूद्दीन पुत्र इनायत रसूल**

निवासी मोहल्ला बटवाल नईबस्ती अमरोहा थाना अमरोहा, जिला अमरोहा

## पहले वृद्धों को होता था अटैक अब किशोर व युवा भी आ रहे चपेट में

# कोरोना के बाद कमजोर हो गए लोगों के दिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोगों के दिल लगातार कमजोर होते जा रहे है। आये दिन जिले में हार्ट अटैक से मौतों का समाचार सुनने को मिल रहा है। पहले जहां वृद्ध इस बीमारी की चपेट में आते थे अब युवा व किशोरों पर भी इस बीमारी ने पकड़ बना ली है। किसी को व्यायाम करते हार्ट हो रहा है तो किसी को क्रिकेट खेलते ही अटैक आ जाता है।

पिछले कुछ समय से जिले में हार्ट के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब हार्ट अटैक से जिले में मौत न होती हो। कुछ समय पूर्व सपा के नगर अध्यक्ष आफताब सैफी की हार्ट से मौत हो गई थी। इसके अलावा हसनपुर में क्रिकेट खेलने के दौरान एक युवक को अटैक आया था। उसने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। पांच दिन पूर्व आवास विकास कालोनी निवासी शिक्षक ने व्यायाम करते हार्ट से दम तोड़ दिया। इतना ही नहीं परिजनों के साथ गंगा स्नान को तिगरी आये शिक्षा मित्र को गंगा किनारे हार्ट हो गया। उनकी भी मौत हो गई। दो दिन पूर्व नगर के मौहल्ला नल में चाय विक्रेता के चाचा को नमाज के लिये वुजू करने के दौरान हार्ट हो गया। वह मस्जिद में काफी देर तक पड़े रहे। जिस समय नमाजी लौटकर आये तो उनकी नजर पड़ी। लेकिन तब तक वह भी दम तोड़ चुके थे। आये दिन हार्ट के मामले सामने आने से लोगों में भी दहशत है। सीने में दर्द होते ही सभी हार्ट का अंदेशा जताने लगते है। क्योकि इस समय हार्ट अटैक से मौत का सिलसिला जारी है इस कारण हर कोई इससे बुरी तरह भयभीत है। लोगों में तो यहां तक आशंका है कि जब से कोरोना आया है उनके दिल कमजोर हो गये है। पूर्व में हार्ट के इतने मामले जिले में नहीं देखे गये। लेकिन अब तक कोई दिन खाली जाता है जब हार्ट से मौत का समाचार सुनने को न मिलता हो। इसके अलावा खाने-पीने की चीजों में रायायन का प्रयोग भी खूब किया जा रहा है। जो सेहत पर बुरा प्रभाव डालता है। बाजार में मिलावटी चीजों की भरमार है। जिनका सेवन हार्ट को कमजोर कर देता है। जबकि बच्चों में भी हार्ट की बीमारी अब आम हो गई है। क्योकि वह भी फास्ट फूड की तरह ज्यादा आकर्षित है। जिससे उनकी सेहत पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बच्चों को आकर्षित करने लिये एक से बढ़कर एक फास्ट फूड मिल रहे है। जो उनकी सेहत को बिगाड़ रहे है। परिजन भी बच्चों की जिद के आगे मजबूर होकर उन्हें इसका सेवन करा रहे है।

### जिले में नहीं हार्ट स्पेशलिस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जिस तेजी के साथ जिले में हार्ट के मरीजों की संख्या बढ़ रही है उसका एक प्रमुख कारण जिले में कोई हार्ट स्पेशलिस्ट न होना है। क्योकि जिन अस्पतालों में इन मरीजों को लेकर परिजन जाते है वहां से उन्हें मुरादाबाद, मेरठ व दिल्ली रैफर कर दिया जाता है। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मरीज दम तोड़ देते है। पिछले काफी समय से जिले में हार्ट स्पेशलिस्ट की कमी खलती आ रही है। हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। लेकिन चिकित्सक के न होने के कारण मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते है। जिला अस्पताल से लेकर निजी चिकित्सकों के यहां भी यही हाल है। जो चिकित्सक इन मरीजों को भर्ती करते भी है उनका मकसद कुछ समय के लिये अस्पताल में रोक कर पैसे ऐंठना होता है। जब मरीज की हालत गंभीर हो जाती है तो चिकित्सक परिजनों को बाहर ले जाने की सलाह देता है। लेकिन इतना लम्बी दूरी तय करने के दौरान कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देता है। हार्ट अटैक की रोकथाम के लिये लोगों को खुद ही जागरूक होना पड़ेगा।

## दुख की घड़ी में परिजनों का दर्द कम करने की कवायद

# उप्र में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को सरल बनाया

● **पोस्टमार्टम पूरा करने में केवल 4 घंटे लगें. गे, स्वास्थ्य विभाग ने नई गाइडलाइन जारी की**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को सरल बना दिया है और अब पोस्टमार्टम पूरा करने में केवल 4 घंटे लगेंगे।

राज्य के उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मेडिकल कॉलेजों को अधिकतम चार घंटे में पोस्टमार्टम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि दुख की इस घड़ी में परिजनों का दर्द कम हो सके। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आज यहां पोस्टमार्टम की नई गाइडलाइन जारी की।

जिन जिलों में बड़ी संख्या में पोस्टमार्टम किए जा रहे हैं, वहां सीएमओ समय सीमा के भीतर पोस्टमार्टम करने के लिए डॉक्टरों की समुचित व्यवस्था करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम किया जाए। शव के साथ संबंधित अभिलेख भी जल्द से जल्द पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की स्थिति में 1000 वाट लाइट की व्यवस्था की जाए। अन्य जरूरी संसाधन भी पर्याप्त होने चाहिए, ताकि पोस्टमार्टम की कार्रवाई 24 घंटे चलती रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव और संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से संबंधित मामलों में रात में पोस्टमार्टम न किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा हालांकि, अपरिहार्य कारणों से जिला मजिस्ट्रेट और उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति से रात में भी पोस्टमार्टम किया जा सकता है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि शादी के पहले 10 साल में मौत, पुलिस मुठभेड़, पुलिस हिरासत में मौत या किसी रहस्यमयी मौत के मामले में रात में पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अनिवार्य की जाए।

## किसानों की लागत घटा, लाभ बढ़ा रही है योगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों की खुशहाली के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। खेती को लाभ का सौदा बनाने और किसानों की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने की दिशा में सरकार की नीतियां स्पष्ट और क्रियाशील हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत कृषि यंत्रों और कृषि ड्रोन की खरीद पर किसानों को अनुदान दिया जा रहा है, जिससे उन्हें आधुनिक तकनीकों का लाभ मिल सके। बुकिंग प्रक्रिया सत्ताईस जून से प्रारंभ हो चुकी है। पोर्टल पर जाकर किसान किसान कार्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ कर सकते हैं। इसी पोर्टल के माध्यम से यंत्रों की सूची, अनुदान की शर्तें और आवेदन की समूची प्रक्रिया उपलब्ध है।

## निर्माण कार्य कर रहे मजदूर की दीवार गिरने से मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के दुर्गागंज क्षेत्र मे मकान का निर्माण कर रहे राजगीर की दिवार गिरने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के बौरी बोझ गांव में घर का निर्माण कर रहे राजगीर की दीवार गिरने से मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि दुर्गागंज थाना क्षेत्र के बीरापुर गांव निवासी रमेश प्रजापति (45) बौरीगांव निवासी फुर्ती लाल बिद के यहां घर में दीवार में टांड़ बना रहा था। अचानक टांड़ सहित दीवार रमेश प्रजापति के ऊपर गिर पड़ी, जिससे रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया ,जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्गागंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आयुष चिकित्सकों को बांटे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शाहजहांपुर के विकास भवन सभागार में नव नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त मंत्री ने नव नियुक्त 38 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 45 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर बधाई देते हुए कहा कि आज से उनके जीवन का एक नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है।अब तक ये सभी लोग कार्य की बातें दूसरों से करते थे, पर अब ये स्वयं सेवा और सहयोग की भूमिका में आ गए हैं।

यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाना होगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य करती हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना इनकी जिम्मेदारी होगी, और इसी कारण इनका चयन किया गया है। उन्होंने सभी से पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ सेवा करने की अपील की। आयुष चिकित्सकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में डॉक्टरों को ईश्वर का रूप माना जाता है। मरीज डॉक्टर में आशा और विश्वास की दृष्टि से देखता है, इसलिए चिकित्सकों का व्यवहार, उनकी वाणी और सेवा का तरीका ही मरीजों के लिए दवा के समान होता है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर चिकित्सकों की तैनाती हुई है, वहां मरीजों के साथ संवे. दनशील, विनम्र और मानवीय व्यवहार आवश्यक है। अच्छे व्यवहार से ही 50 प्रतिशत इलाज संभव हो सकता है। श्री खन्ना ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी नियुक्तियां संविदा के आधार पर की गई हैं और इसका चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही है। उन्होंने नियुक्त चिकित्सकों और कार्यकत्रियों से अपेक्षा की कि वे अपने कार्यों से सरकार की छवि को सशक्त और सम्मानजनक बनाएं। अंत में उन्होंने कहा कि सेवा का उद्देश्य केवल नौकरी करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व को निभाना है। आपका चरित्र, भूमिका और भविष्य आपके आचरण एवं कार्य से स्वयं आकार लेगा। सरकार ने आप पर जो विश्वास जताया है।

# अघोषित विद्युत कटौती से क्षेत्रवासियों में रोष

**गोंडा।** भीषण गर्मी के बावजूद क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं।

इस गंभीर समस्या को लेकर कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्र के समा. जसेवी युवाओं ने एकजुट होकर विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिक. ारियों को ज्ञापन सौंपा है और ग्रामीणों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। समाजसेवी शुभम सिंह, मोनू सिंह, प्रियांशु सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घंटों बिजली गुल रहने से न केवल घरेलू जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि किसान और छात्र वर्ग को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और अनावश्यक कटौती पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान समा. जसेवी युवाओं के साथ शिवम सिंह, अवनीश, शुभम सिंह, सत्यम, अमन, सुरजीत, राधे, राज. कुमार, प्रियांशु, राघवेंद्र प्रताप सिंह,मुनेश्वर, हरीश कुमार, संजय दूबे प्रधान बसेरिया, अमन सिंह, राजू यादव नरायनपुर मांझा, मोनू सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य, अजय यादव, शुभम यादव, अंग्रेज, रज्जन, राजन, सहित कई अन्य युवा साथी उपस्थित रहे। समाजसेवियों ने चेता. वनी दी कि यदि जल्द ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

# योगी सरकार, मशरूम की खेती के जरिये किसानों को बना रही आत्मनिर्भर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** किसानों की आय बढ़ाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य में मशरूम की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। यह पहल किसानों की समृ( और आत्मनिर्भरता के लिए नए रास्ते खोलने के सरकार के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। इस अभियान के तहत राजधानी लखनऊ समेत आठ जिलों में मशरूम की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। किसानों को इस लाभदायक व्यवसाय से जोड़कर सरकार न सिर्फ रोजगार पैदा कर रही है बल्कि उन्हें वैज्ञानिक और तकनीकी खेती के तरीकों की ओर भी ले जा रही है। खास बात यह है कि मशरूम की खेती अब सिर्फ पुरुषों तक सीमित नहीं रही- महिलाएं भी इस क्षेत्र में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और सफल भी हो रही हैं।

मथुरा की गीता देवी और हरदोई की सोनाली सब्बरवाल ऐसी ही दो प्रेरक मिसाल हैं। अधिकारियों ने यहां दावा किया कि गीता देवी ने ढाई साल पहले मशरूम की खेती शुरू की थी। योगी सरकार के सहयोग से उन्होंने 1-61 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की, जिसके लिए उन्हें 70 लाख रुपये का )ण मिला। आज उनकी मशरूम की उपज मथुरा ही नहीं बल्कि आगरा और दिल्ली जैसे शहरों में भी सप्लाई की जाती है। उनकी सफलता की वजह से उन्हें सालाना 20 से 25 लाख रुपये की आमदनी हो रही है, जिससे वे स्थानीय निवासियों और दूसरे जिलों की महिलाओं के लिए रोल मॉडल बन गई हैं। इसी तरह हरदोई की सोनाली सभरवाल ने मशरूम की खेती को मिशन के तौर पर अपनाया है और ग्रामीण महिलाओं को इस उच्च संभावना वाले कृषि व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित और प्रशिक्षित किया है। लखनऊ, मथुरा, सहारनपुर, मिर्जापुर, जौनपुर, हरदोई, रायबरेली और भदोही समेत इन आठ जिलों में किसान मशरूम की खेती से लाखों कमा रहे हैं। तकनीकी और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वय विकास योजना और एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी योजनाओं के जरिए किसानों को संसाधन और सहायता मुहैया करा रही है। ये योजनाएं किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उच्च लाभ वाले कृषि व्यवसाय अपनाने में मदद कर रही हैं।

## एक नजर

### युवक का हत्यारोपी भेजा जेल

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले की पुलिस ने मेरापुर थाने में युवक नितिन उर्फ रामू हत्याकांड में एक गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। यह जानकारी आज पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम साहबगंज में 25 /26 जून 2025 की मध्य रात्रि करीब एक बजे अपने निर्माणाधीन नए मकान में चारपाई पर सोए युवक नितिन उर्फ रामू पुत्र रामनरेश सिंह का सिर ईट से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद मृतक नितिन उर्फ रामू के पिता रामनरेश सिंह ने, अज्ञात हत्यारे के विरुद्ध थाने में घटना की तहरीर दी। पुलिस के समक्ष विवेचना के दौरान 12 घंटे के अंदर ही, नितिन उर्फ रामू हत्याकांड में,गांव के ही भूरे उर्फ समरवीर का नाम प्रकाश में आया। इधर मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी व सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक भाटी ने अपने दल बल के साथ गुरूवार को थाना क्षेत्र के ग्राम बरखारिया मोड के समीप नाकेबंदी करके भूरे उर्फसमरबीर को धर दबोचा। इसके बाद हत्यारोपी भूरे उर्फ समरवीर ने पुलिस के समक्ष पूछताछ में बताया कि एक गेस्ट हाउस समीपवर्ती गणेशपुर चौराहा के पास 08 व 10 लोगों के सामने नाना प्रकार से मृतक नितिन ने उसकी बेइज्जती की , जिसके बाद उसने 25 जून की शाम को नितिन उर्फ रामू को ठिकाने लगाकर हत्या करने की ठानी। नितिन 25 /26 जून 2025 की रात्रि 1:00 बजे जब अपने नए निर्माणाधीन घर में चारपाई पर सो रहा था तभी भूरे ने ईट से सिर कुचल कर नितिन की हत्या कर दी। पुलिस ने पकड़े गए हत्यारोपी भूरे उर्फ समरवीर की निशान देही पर, हत्या में प्रयुक्त ईट व खून से सने कपड़े बरामद किए गए और आज जेल भेजने की कार्रवाई की।

### दबंगों के हमले में घायल की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर

**गोंडा।** जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में गुरुवार की शाम एक व्यक्ति पर घात लगाकर जानलेवा हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था जहाँ उनकी हालत नाजुक बनी होने से तीसरे दिन लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस पर राजनी. तिक दबाव में काम करने और आरोपियों को संरक्षण देने का गंभीर आरा. ेप लग रहा है। पुलिस ने दो आरोपियों का शांति भंग में चालान कर महज खानापूर्ति की है,जिससे पीड़ित पक्ष में आक्रोश है। पीड़ित के पुत्र विपिन प्रताप सिंह ने बताया कि उनके पिता अमरेश सिंह पुत्र त्रिभवन सिंह 26 जून, 2025 की शाम करीब 7रू30 बजे खेत से घर लौट रहे थे। तभी प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर के पास घात लगाए बैठे कन्हई पुत्र श्रीराम, सुकई और राहुल पुत्र कंधई निवासी प्रतापपुर ने लाठी, डंडा और धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। हमले में अमरेश सिंह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। हमलावरों ने उन्हें मृत समझकर दोबारा हमला किया,जिससे उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरी चोटें आईं। इसके बाद आरोपी उन्हें मृत मानकर फरार हो गए। गांव व परिवार वालों को घटना की सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और अमरेश को तुरंत अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें गोंडा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया,जहां तीसरे दिन उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। विपिन ने कर्नलगंज कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विपिन ने आरोप लगाया कि पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है और आरोपियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने केवल मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज करके दो आरोपियों का शांति भंग के तहत चालान किया,जो इस गंभीर मामले में महज खानापूर्ति है। इस कार्रवाई से पीड़ित पक्ष में नाराजगी है और उन्होंने आरोपियों से जान माल का खतरा जताते हुए उच्चाधिकारियों से सुरक्षा की गुहार लगाई है। मामले में प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों और पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई में सुस्ती और पक्षपात दिख रहा है। इस घटना ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है, और लोग निष्पक्ष जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### बच्चों के तिरस्कार ने बुजुर्गों को धकेला ड्योढ़ी के बाहर

**प्रयागराज।** बच्चों को बेहतर शिक्षा, खुशहाल और वृद्धावस्था में खुद के लिए आशियाना बनाने के लिए अपनी खुशियों की कुर्बानी देने वाले मां-बाप को बच्चे संपत्ति के लालच में दर-दर की ठोकरें खाने के लिए घर की ड्योढ़ी के बाहर वृद्धाश्रम में धकेल देते हैं। भारत में बुजुर्गों के साथ सौतेला व्यवहार और तिरस्कार के अनेक कारण हो सकते हैं जिसमें एकल परिवार का बढ़ावा, संस्कार का अभाव और संकुचित विचारधारा आदि है। आज जीवन में संस्कार का अभाव और बच्चों में सर्वांगीण विकास में बाधा जैसी समस्याओं की वजह बुजुर्गों का परिवार में तिरस्कार और घर के बाहर करना ही है। भारत में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास आश्रम की परंपरा है कितु वृद्ध आश्रम की नहीं। वृद्धाश्रम पश्चिम की देन है जहां बुजुर्गों को बोझ समझ घर की ड्योढ़ी के बाहर वृद्धाश्रमों में धकेल दिया जाता है। शहरों में एकल परिवार का ही बोलबाला बढ़ता गया है। अब गांव भी सामाजीकरण की इस प्रक्रिया से अछूते नहीं रह गए। अब गिने चुने परिवारों में ही संयुक्त परिवार की अवधारणा देखने को मिलती है जहां दो-तीन पीढ़ियां एक ही छत के नीचे रहती हैं। पूर्वांचल विकास समिति द्वारा संचालित धनराज वृद्धाश्रम की निदेशक डा सुजाता पाण्डेय ने यूनीवार्ता को बताया कि अपना कहलाने वाले बच्चे पिता से सब कुछ हासिल करने को अपना हक समझते हैं लेकिन युवा होने पर वही संताने संवेदनाओं और मूल्यों को तिलांजलि देकर जिम्मेदारी से मुंह मोड़ माता-पिता को दर-बदर की ठोकरें खाने के लिए घर के बाहर कर देते हैं। समाज के कुछ लोग उन्हें वृद्धाश्रम तक पहुंचाकर पुण्य के भागीदार बनते हैं। डा पाण्डेय ने बताया कि परिवार का सौतेला व्यवहार उनके आत्म-सम्मान और जीवन की गुणवत्ता को कम करता है जो उनके शारीरिक और मानसिक पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्हें परिवार का अकेलापन, अवसाद, और चिता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वो बुजुर्ग बड़े सौभाग्यशाली है जिन्हें अपनो का अपनापन जीवन के अंतिम पडाव तक मिलता है। निदेशक डा. पाण्डेय ने कहा कि इसे वृद्धाश्रम न/न कहकर सेवा कुंज कहना अधिक श्रेयस्कर होगा। यह सेवा कुंज लगभग दो साल से परिवार से तिरस्कृत बुजुर्गों की श्रद्धाभाव से सेवा करता आ रहा है।

# आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस ट्रक से टकराई, तीन की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना नगला खंगर क्षेत्र के तहत शनिवार सुबह दिल्ली से जालौन जा रही प्राइवेट डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई।

दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है, तीन गंभीर घायल है। घायलों को इलाज के लिए सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया है। थाना नगला खंगर क्षेत्र के तहत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शनिवार को सुबह दिल्ली से चलकर जालौन को जा रही डबल




डेकर बस माइलस्टोन 68 के समीप आगे चल रहे मार्बल से लदे ट्रक में पीछे से टकरा गई। दुर्घटना होने के साथ ही बस में चीख पुकार मच गई, कुछ सवारियां अगले हिस्से में नीचे जाकर गिर गई। दुर्घटना की जानकारी होने पर थाना पुलिस और यूपीडा टीम मौके पर पहुंच गई।गंभीर घायलों को सैफई पी जी आई भेजा गया। बाकी मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सभी यात्रियों के साथ दूसरे वाहन से आगे के लिए रवाना कर दिया गया। सी ओ अनिमेष कुमार ने जानकारी दी है कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है जिसमें विजेंद्र कुमार उर्फ पप्पू उम्र 53 वर्ष निवासी पश्चिम विहार दिल्ली तथा उदय भान उम्र 52 वर्ष निवासी किसनी मैनपुरी की पहचान कर ली गई है और परि जनों को सूचित कर दिया गया है जबकि एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। गंभीर घायलों में मृतक विजेंद्र की पत्नी उमा देवी के अलावा अंशुल निवासी जालौन तथा याशिका निवासी उरई शामिल है जिनका उपचार सैफई पी जी आई में चल रहा है। दुर्घटना का कारण संभवत चालक को नींद आना समझा जा रहा है। चालक को नींद की झपकी आने से बस अचानक आगे चल रहे ट्रक में टकरा गई।

# निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री को मिला ममता भरा आतिथ्य

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सैदनगर में हुए कार्यों का जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव जल निगम प्रबंधक निदेशक डॉ राजशेखर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गांव की स्थिति और पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का जायजा लिया गया।

जल शक्ति विभाग की इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण घर में नल कनेक्शन और शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसकी प्रगति को लेकर ग्रामीणों की प्रतिक्रियाएं भी ली गईं। निरीक्षण के दौरान गांव की ही एक स्थानीय निवासी विद्या यादव ने जलशक्ति मंत्री से अपनत्व और ममता से भरे स्वर में कहा कि आओ बेटा, भोजन कर लो। श्री सिंह ने कहा कि उनके इस आत्मीय आग्रह को ठुकराना मेरे लिए संभव नहीं था। उनके हाथों परोसे गए गरमागरम भोजन और स्नेह से भरे आतिथ्य ने ग्रामीण संस्कृति की गहराई को और अधिक निकटता से समझने का अवसर दिया।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की यात्रा, उमड़े श्रद्धालु

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में श्री जगन्नाथ धाम रासमंडल में प्रातः भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के विग्रह का डॉक्टर रजनी कांत द्विवेदी के निर्देशन में षोडशोपचार पूजन मुख्य यजमान डॉक्टर रजनीश श्रीवास्तव, देव दीक्षित, दियांशी दीक्षित, दिनेश सेठ, संध्या सेठ ने संयुक्त रूप से भगवान के विग्रह का पूजन एवं आरती की गई। तत्पश्चात भगवान का दर्शन आम जनमानस को शाही खिचड़ी के भोग के पश्चात प्राप्त हुआ। हजारों की संख्या में समस्त श्रद्धालुओं ने भगवान के दिव्य दर्शन एवं शाही खिचड़ी के प्रसाद का आनंद लिया। सायंकाल भगवान श्री जगन्नाथ श्री बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को रथ पर आरूढ़ कर रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा महोत्सव के अध्यक्ष शशांक सिंह रानू तथा मुख्य अतिथि ज्ञानप्रकाश सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता) ने रथारूढ़ भगवान श्री जगन्नाथ श्री बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की आरती उतार कर नारियल तोड़कर रथ यात्रा का आरंभ किया।

विशाल रथ यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम मोहन अग्रवाल, मंदिर के मुख्य संरक्षक संतोष गुप्ता, दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना, नवदुर्गा शिव मंदिर के मुख्य ट्रस्टी निखिलेश सिंह, विमल सेठ, सरिता मिगलानी, संजय सेठ, राजेश जावा, शिव शंकर साहू नीरज श्रीवास्तव जग्गू सेठ, पंडित निशा कांत द्विवेदी, पंडित आशुतोष मिश्रा, प्रथमेश शुक्ला, अलका उपाध्याय अवंतिका सिंह, सरिता मिगलानी, पूजा उपाध्याय, ममता साहू , राजेश गुप्ता, राजन अग्रहरि, आलोक वर्मा, सुरेश शर्मा, मनोज मिश्रा, चुलबुल गुप्ता, संजय गुप्ता सीए सहित जनपद के अनेक गणमान्य लोगों ने हजारों की संख्या में रथ को हाथों से खींचा। रथ यात्रा मानिक चौक, राजा फाटक, सुतहट्टी चौराहा, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, ओलंदगंज, नवदुर्गा शिव मंदिर सद्भावना पुल, शाही किला होते हुए रासमंडल स्थित जगन्नाथ धाम में सकुशल संपन्न हुई।

# दहेज हत्या मामले में वांछित गिरफ्तार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के थाना खैरीघाट पुलिस ने दहेज हत्या के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, खैरीघाट थाने में मु0अ0सं0-253/2025, धारा - 80(2), 85, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) व 3/4 डीपी एक्ट के तहत दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में वांछित अभियुक्त दुर्गेश पुत्र स्व0 देशराज, निवासी बड़िहनपुरवा दा0तिगड़ा, थाना खैरीघाट, जनपद बहराइच को मुखबिर की सूचना पर आज उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महसी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष खैरीघाट सूरज कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार अभियुक्त को उच्चतम न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों/निर्देशों का पालन करते हुए न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए रवाना कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को उचित माध्यम से दे दी।

## अवैध कटान पर वसूला जुर्माना

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के अम्बाई गांव में लगे प्रतिबंधित आम के पेंडों को क्षेत्र के गदियाना गांव निवासी लकड़ी ठेकेदार प्रकाश यादव व सकरन के उमराखुर्द मार्ग पर लगे प्रतिबंधित प्रजाति तुन के पेंडों को लालूपुरवा गांव निवासी लकडी ठेकेदार दिलेराम ने बगैर परमिट बनवाए ही शुक्रवार की रात को कटवा लिया था। जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय वन दरोगा अकील अहमद ने काटे गए पेड़ों की लकड़ी से भरी ट्राली पकड़ ली थी। जिसमें कार्यवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों ने दिलेराम से 1 लाख व प्रकाश यादव से 40 हजार रूपया जुर्माना वसूला है । क्षेत्रीय वन अधिकारी अहमद कमाल सिद्दीकी ने बताया कि दोनों जगहों से 1लाख 40 हजार का जुर्माना वसूला गया है ।

# डीएम को औचक निरीक्षण मे मिली गंभीर खामियां, रोके वेतन, मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बहराइच जिले में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए आज औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई सामुदायिक शौचालय, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन बंद पाए गए, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव, सफाई कर्मी और अन्य संबंधित का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने और 03 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विकास खंड चित्तौरा के ग्राम फुलवरिया में आरोग्य मंदिर और आंगनबाड़ी केंद्र, ब्लॉक रिसिया के ग्राम लौकी के सामुदायिक शौचालय, ग्राम बिबियापुर के आंगनवाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय, ग्राम भोपतपुर चौकी में साम. ुदायिक शौचालय, ग्राम खुदादादभारी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय और ग्राम बंगलाचक में पंचायत भवन का निरीक्षण किया। ग्राम फुलवरिया में संचा. लित आरोग्य मंदिर में सीएचओ सारिका गुप्ता मौके पर मौजूद मिलीं, लेकिन परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई न पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई और भवन व परिसर की सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आरोग्य मंदिर में आने वाले ग्रामीणों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मरीजों की जानकारी करने पर सीएचओ ने बताया कि 05 मरीजों का उपचार किया गया है, जिस पर डीएम ने मरीजों का विवरण पोर्टल पर अद्यतन रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम फुलवरिया का आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। ग्राम लौकी में सामुदायिक शौचालय बंद पाया गया, जबकि ग्राम बिबियापुर का आंगनवाड़ी केंद्र खुला हुआ था, लेकिन प्राथमिक विद्यालय बंद पाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान डीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बच्चों की उपस्थिति और पुष्टाहार वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की और लाभार्थियों का केवाईसी व फेस ऑथेंटिकेशन पूरा कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम भोपतपुर चौकी में स्थापित सामुदायिक शौचालय, ग्राम खुदादादभारी का पूर्व माध्यमिक विद्यालय और ग्राम बंगलाचक में स्थापित पंचायत भवन भी निरीक्षण के दौरान बंद पाए गए। निरीक्षण के दौरान बंद पाए गए विद्यालयों के संबंध में डीएम ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सामुदायिक शौचालयों और पंचायत भवनों में ताले लटके पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव, सफाई कर्मी और अन्य संबंधित का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने और 03 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने पर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को बंद शौचालयों के संबंध में केयरटेकर का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 25.07.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निनिदा सूनना संख्या | 07202025 दिनांक 27.06.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 11/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : लखनऊ में उत्तरी कोचिंग कॉम्प्लेक्स वाशिंग लाइन का सुधार/उन्नयन, लखनऊ यार्ड की पुरानी वाशिंग लाइन संख्या 1 और 2 के रेल बीम का पुनर्निर्माण और सदर वाशिंग लाइन पे उत्तर की ओर पाथवे की ओर बाड़ लगाने का प्रावधान और लखनऊ में कार्यालय की मरम्मत सहित सी एंड डब्ल्यू कार्यालय तक वाराणसी अंत फ्लोरिंग पर अंतिम रैंप का सुधार। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 5,03,80,239.55 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 4,01,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 11.07.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 25.07.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1953/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 10 मिनट की बारिश बनी मुसीबत

## कई जगह जलभराव होने से नागरिकों को करना पड़ा परेशानी का सामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पिछले चार दिनों से झुलसाती धूप और लगातार बढ़ती उमस से जूझ रहे धामपुरवासियों को शनिवार दोपहर हल्की बारिश की कुछ राहत की उम्मीद बंधी थी, लेकिन मात्र 10 मिनट की बारिश ने न सिर्फ उमस को और बढ़ा दिया, बल्कि कई इलाकों में जलभराव जैसी समस्या भी उत्पन्न कर दी।

शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे अचानक आसमान में घने बादल छा गए और कुछ ही देर के लिए बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश की अवधि कम थी, लेकिन इसकी तीव्रता और पूर्व से बनी गर्म सतह के कारण वातावरण में और अधिक उमस भर गई। इससे लोगों को सांस लेने और बाहर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगरवासियों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था को जल्द से जल्द सुधारा जाए ताकि आगे होने वाली भारी बारिश में स्थिति और भयावह न हो। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में बीमारियों का प्रकोप और स्थानीय जनजीवन की दुश्वारियां बढ़ सकती हैं।



बारिश भले ही थोड़ी देर के लिए हुई, लेकिन उसने नगर की जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया। नगर के बाहरी क्षेत्रों, खासकर सुहागपुर के पास हाईवे से पहले का इलाका, पूरी तरह जलमग्न हो गया। राहगीरों को घुटनों तक भरे पानी से गुजरना पड़ा। कुछ बाइक सवार तो पानी में फिसलते भी देखे गए।

### उमस बढ़ने से स्वास्थ्य पर खतरा

स्थानीय चिकित्सकों के अनुसार, लगातार बनी उमस और अचानक बारिश के कारण सांस, त्वचा और संक्रमण संबंधी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें।

# नगीना में संचारी रोग नियंत्रण की तैयारी के लिए बैठक

## 1 जुलाई से शुरू होगा अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगरपालिका परिषद नगीना सभागार में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी आशुतोष जायसवाल ने की।

बैठक में विश्व स्वास्थ्य क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि से 31 जुलाई तक संचारी रोग अभियान चलेगा। पहले 10 दिन वार्डों में साफ-सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। इसके बाद 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। दस्तक अभियान के दौरान आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाएंगी। वे बुखार, टीबी और फाइलेरिया के मरीजों की पहचान कर उन्हें अस्पताल भेजेंगी।

उपजिलाधिकारी ने चूहों और छछूंदरों से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान कुछ पशुओं का पालन आबादी क्षेत्र से से बाहर करने की सलाह दी गई। इसके अलावा लोगों को घरों के आसपास सफाई रखने और मच्छरदानी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में उप जिलाधिकारी आशुतोष जायसवाल, धीरज राय वर्मा, रोहित कुमार, सभासदगण और सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# भाकियू भानू ने जिला बिजनौर में किया संगठन विस्तार



## स्वांकित देशवाल जिलाध्यक्ष नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील क्षेत्र नगीना निवासी भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिजनौर के एक बैंक्विट हाल में आयोजित भारतीय किसान यूनियन भानू की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवेंद्र चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में स्वांकित देशवाल पुत्र चौधरी नरेश प्रधान को भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी भानु प्रताप सिंह के आदेश पर जिला अध्यक्ष बिजनौर नियुक्ति मिलने पर उनका सम्मान किया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्तियां की गईं। इसके अलावा कई सदस्यों की सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवेंद्र चौहान ने कहा कि उनका संगठन गरीब, मजदूर और कमजोर वर्ग की आवाज बनकर काम करता है। उन्होंने कहा कि संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय है। वे अपने कार्यकर्ताओं की हर समय मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

बैठक में कई लोगों को सदस्यता भी दी गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी से इंसाफ की गुहार

## नांगल पुलिस के उत्पीड़न से बचाने एवं गांव के दबंगों से सुरक्षा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** महिला ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री को पोर्टल पर दर्ज करा कर थाना नांगल पुलिस के उत्पीड़न से बचाने एवं गांव के दबंगों से सुरक्षा की गुहार लगाई।

पीड़ित महिला शमा निवासी रायपुर खास कोट सराय थाना नांगल ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि देवर इंतजार से वर्षों से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। लगभग 10 वर्ष पूर्व इंतजार ने अपनी पत्नी से उसके पति सरफराज के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज करवा दिया था। बाद में पीड़िता के पति को न्यायालय ने मुकुदमा झूठा मानते हुए सरफराज को बरी कर दिया था।

आरोपी पक्ष उसी को आधार बनाकर थाना नांगल के दरोगा गौरव सैनी, पुलिसकर्मी अंकित सैनी से हमसाज होकर उसके परिवार का उत्पीड़न कर रहे हैं, उसके गांव के इमरान, रिजवान, इंतजार, मुस्तकीम, मुकीम, वसीम, नासिर, सबीना उसके परिवार पर कई बार हमला कर मारपीट कर चुके हैं। थाना नंगल में



जब पीड़ित शिकायत करने जाता है तो आरोपी पहले ही पहुंच जाते हैं और कहते हैं कि इस पर बलात्कार का मुकदमा दर्ज हुआ था और पीड़ित सरफराज की सुनवाई नहीं होती।

**24 मई 2025** को आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट करके पीड़िता के पति सरफराज का हाथ तोड़ दिया था और जब पति थाना नंगल में रिपोर्ट लिखाने गया तो आरोपी पहले ही पहुंच गए और हमसाज दरोगा गौरव सैनी और अंकित सैनी ने सरफराज को लाकअप में बंद कर दिया और धमकी देते हुए कहा कि तू पहले बलात्कार के मुकदमे में जेल जा चुका है। अब फिर तेरे खिलाफ बलात्कार का मुकदमा लिखाया जा रहा है, अब तू लंबा जाएगा। डरा धमकाकर दोनों पुलिस वालों ने पीड़िता के रिश्तेदार शरीफ से 37000 रुपए ले लिए और एकतरफा कार्रवाई करते हए उसके पति का शांति भंग में चालान कर दिया, उसका मेडिकल भी नहीं कराया और न ही रिपोर्ट दर्ज की। सरफराज ने बाद में अपना मेडिकल कराया लेकिन थाना नांगल पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की।

**10 जून 2025** को सरफराज ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया, उस पर भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। थाना नांगल पुलिस के आरोपियों से हमसाज होने के कारण उनके हौसले इतने बुलंद हो गए कि एक महीने से पीड़ित पक्ष गांव में अपने घर में नहीं जा पा रहा और रिश्तेदारों में रह रहा है।

**27 जून 2025 दोपहर 12:00** का वाकया है। पीड़ित परिवार थाना नांगल पहुंचा, उनके साथ किसान नेता अनुराधा देशवाल भी थी। अपनी आपबीती सुनाई। थाना अध्यक्ष ने सुनने के बाद उन्हें उनके गांव भिजवाने और आरोपियों को थाने लाने के लिए दरोगा गौरव सैनी और पुलिसकर्मी अंकित सैनी से कहा जो पहले से ही आरोपियों से हमसाज हैं।

थाना अध्यक्ष कहीं चले गए, ढाई घंटे तक पीड़ित थाना नांगल में बैठे रहे। बाद में अभद्र व्यवहार करते एवं गाली गलौज करते हुए गौरव सैनी और अंकित सैनी ने उन्हें थाने से यह कहते हुए भगा दिया कि हमारे थाने में बलात्कारी की कोई सुनवाई नहीं होती। जब पीड़िता ने कहा कि झूठा मुकदमा लिखाने वाले दबंगों का पुलिस साथ दे रही है। पीड़ित महिला ने आरोपियों से हमसाज पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई करने और अपनी रिपोर्ट दर्ज करने तथा परिवार को सुरक्षा दिलाने की गुहार लगाई है।

# बी.कॉम. ( कम्प्यूटर ) द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज के बी. कॉम. (कम्प्यूटर) द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष मंदीप चिकारा ने बताया कि बी.कॉम. (कम्प्यूटर) प्रथम वर्ष में अक्षिता ने प्रथम, इफरा फातिमा ने द्वितीय तथा यश राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज, बिजनौर का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निद.ेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, डा. एससी जैन, सहायक प्रवक्ता डा. दुष्यन्त कुमार जैन, मेहर चन्द, नीरज अपरवाल, सुनील राठी, रोहित राजपूत एवं नूतन चौधारी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### कार की चपेट में आकर दो युवक घायल




**शेरकोट।** बाइक सवार दो युवक कार की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों की पहचान आरिफ पुत्र अनीस और जावेद पुत्र यूसुफ के रूप में हुई है, जो कांठ के निवासी हैं। दोनों युवक शेरकोट के शनि बाजार में कपड़ा बेचने जा रहे थे तथा हाईवे से नगर में आने के लिए सड़क पार कर रहे थे। दुर्घटना के बाद कार चालक ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को एक अन्य वाहन की मदद से धामपुर के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाकर उपचार दिलाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को थाने ले गई।

### सीओ ने सुनीं समस्याएं



**नगीना।** शनिवार को नगीना थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीओ नगीना अंजनी कुमार ने नगीना थाने में समस्याओं को सुना। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे। नगीना पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान फरियादियों द्वारा बड़ी संख्या में लिखित व मौखिक शिकायतें की गईं। समाधान दिवस में कई छोटे-बड़े विवादों का मौके पर निपटारा किया गया। इससे आम जनता को राहत मिली। कार्यक्रम में नगीना क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार, एसएस आई सुभाष तोमर, एसआई सर्वेज खान, सुभाष तोमर के अलावा राजस्व विभाग व नगरपालिका के लोग मौजूद रहे।

### अपना दल का स्थापना दिवस 2 को



**बिजनौर।** अपना दल एस पार्टी का स्थापना दिवस 2 जुलाई को लखनऊ में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अपना दल एस के जिला अध्यक्ष चौधरी शैलेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि जनपद बिजनौर से पांच वाहनों एवं ट्रेन के माध्यम से कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी लखनऊ में होने जा रहे स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अनेक केंद्रीय एवं राज्य मंत्री भाग लेंगे।

# छजुपुरा सादात में मजलिसें शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात में नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में आयोजित होने वाली मजलिसों के पहले दिन पहली मजलिस दरगाहे फातेमा जैहरा तथा दूसरी मजलिस इमामबारगाह में आयोजित हुई। मजलिसों को क्रमश जाकिर मौहम्मद रजा व मौलाना मैहदी अब्बास ने खिताबत किया।

इमाम बारगाह में आयोजित मजलिस को मौलाना मैहदी अब्बास ने खिताब किया। स्थानीय ईमाम बारगाह में मौलाना मैहदी अब्बास ने कहा कि सन 61 हिजरी 680 इसवी में इराक के कर्बला में इमाम हुसैन और यजीद की सेना के बीच युद्ध हुआ था। यह युद्ध इस्लाम में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। इमाम हुसैन ने यजीद की अधीनता स्वीकार करने से इंकार कर दिया था, क्योंकि वह एक अत्याचारी शासक था और इस्लाम के



सिद्धांतों के खिलाफ काम कर रहा था। इमाम हुसैन ने सत्य और न्याय के लिए संघर्ष किया और कर्बला के युद्ध में अपने 72 साथियों और परिवार के सदस्यों के साथ शहीद हो गए।

मजलिसों में मरसिया खानी मौहम्मद रजा, नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, आलम जैदी ने पेश खानी रईस जैदी ने तथा नोहे खानी सालिम जैदी व अम्मार हैदर ने की कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने किया।

# लोक जनशक्ति पार्टी की समीक्षा बैठक आज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लोक जनशक्ति पार्टी की समीक्षा बैठक का आयोजन 29 जनवरी की सुबह 10 बजे बिजनौर में स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले में किया रहा है।

यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने बताया कि समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी कामरान उद्दीन सिद्दीकी भाग ले रहे हैं।

उन्होंने जनपद बिजनौर के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से समीक्षा बैठक में समय से शामिल होने की अपील की है।

## जातिसूचक शब्दों का आरोप, तहरीर सौंपी

**नांगल सोती।** नांगल थाना क्षेत्र के एक गांव के कुछ निवासियों ने सीओ नजीबाबाद को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वे 23 जून की सायं 3 बजे बालावाली गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। तभी दूसरी जाति के कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया और मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों को प्रयोग किया। पीड़ित लोगों ने सीओ को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा की शक्ति केंद्र स्तर की बैठकें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने हेतु भागूवाला मंडल के सभी 20 शक्ति केंद्रों पर एक साथ कार्यकर्ताओं की बैठक शक्ति केंद्र के संयोजकों द्वारा आहूत की गई, जिसमें पार्टी पदाधिकारी को बैठक लेने के लिए अधिकृत किया गया।

बैठक में शक्ति केन्द्र से संबंधित समस्त बूथ अध्यक्ष बूथ पर निवास करने वाले मंडल, जिला, क्षेत्र, प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भागूवाला मंडल के राजगढ़ शक्ति केंद्र पर ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद देशवाल ने भागूवाला पर नरेश शर्मा, श्यामीवाला पर मुकेश अग्रवाल, सबलगढ़ पर अनुज चौधरी, बिजौरी पर चौधरी ईशम सिंह, पूरनपुर पर मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, नारायणपुर पर महामंत्री सचिन देशवाल, रहमापुर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, मोटा ढाक पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष सागर बडोला, राहतपुर पर गोपीचंद, जटपुरा पर संजीव राठी, जसवंतपुर पर परमात्मा शरण ने बैठक ली। बैठक में सभी ने 29 जून को सभी बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। पौधारोपण करने पर बल दिया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व चौधरी ईशम सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करते हुए कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करें ताकि हम आने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना सकें तथा नजीबाबाद विधानसभा में भी अपने भाजपा प्रत्याशी को विधायक बनाकर विधानसभा में भेजने का आह्वान किया।

# आरवीआईटी में करियर गाइडेन्स सेमिनार

## पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालजी के परिसर में करियर गाइडेन्स सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि रोज माइन संस्थान के अध्यक्ष अवैस अंबर थे। संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल, तकनीकी निदेशक डा.संजीव कुमार व फार्मेसी निदेशक डॉ. हितेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि अवैस अंबर का स्वागत किया गया।

सेमिनार में बिहार, झारखण्ड, कश्मीर, पूर्वी उत्तर प्रदेश से लगभग 150 से ज्यादा छात्र/छात्राओं ने उपस्थित होकर पंजीकरण कराया। मुख्य अतिथि अवैस अंबर ने बताया की जीवन में सघर्ष करते हुए तथा हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सफलता को प्राप्त करना चाहिए। छात्रों को अपने अंदर से निगेटिव सोच को निकाल कर पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। एक इंजीनियर देश का भविष्य बना सकता है। इसी दौरान छात्र-छात्राओ के साथ भविष्य में शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न विषय पर चर्चा हुई।

संस्थान के प्रबन्धक निदेशक सन्नी देशवाल ने अपने शब्दों में अवैस अंबर का धन्यवाद करते हुए कहा कि आरवी इंस्टीट्यू ऑफ टेक्नालजी छात्रों को थ्योरी ज्ञान के साथ-साथ प्रक्टिकल ज्ञान पर ज्यादा बल देता है, जिससे छात्रों में अपने आप से कार्य करने की क्षमता व ज्ञान को बढ़ावा मिलता है। संस्थान गत वर्षो में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ ग्रामीण विकास और कौशल विकास कार्यशालाओं का आयांजन समय-समय पर करता रहा है।

उन्होंने बताया कि छात्र छात्राओं को सर्वोच्च उच्चतम तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में पिछले गत वर्षो से एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा द्वारा शिक्षा एक्सीलेंस अवार्ड और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिसर के पूर्व चेयरमैन प्रो. अनिल डी सहस्त्रबुद्धहे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी निदेशक डॉ. हितेश कुमार ने किया।

# गंगापुर पहुंचे कांग्रेस सांसद पूनिया

## कहाः बाबा साहब के मानने वालों को किया जा रहा है टारगेट, पार्टी आपके साथ है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील क्षेत्र का गांव गंगापुर मौजूदा समय में खासा चर्चाओ में है, गांव में घटी बावा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना ने जहां विपक्ष को एक नया मुद्दा दे दिया है, वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि घटना को लेकर बेहद परेशान नजर आ रहे हैं। उनके लिए यह मामला गले की फांस बन गया है।

शनिवार को अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस सांसद तनुज पूनिया पार्टी के जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी सहित दर्जनों इकाईयों के साथ क्षेत्र के गांव गंगापुर पहुंचे, और बावा साहब के अनुयाइयों से घटना को लेकर देर तक वार्ता की। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर



गंगापुर गांव पहुंचे बाराबंकी के सांसद तनुज पूनिया ने इस दौरान कहा कि प्रदेश में इस तरह की हर रोज कोई न कोई घटना हो रही है, बावा साहब के मानने वालों को टारगेट किया जा रहा है।

बावा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की उन्होंने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए प्रशासन से दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को पूरी घटना से अवगत कराएंगे, उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी हर समय उनके साथ खड़ी है। सांसद तनुज पूनिया ने एसडीएम उदित पवार, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से स्थल को बावा साहब के नाम सुरक्षित किए जाने की मांग भी की। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न किए जाने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है। उन्होंने बावा साहब की प्रतिमा को नमन किया। उनके साथ जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, जिला उपाध्यक्ष इलियास अंसारी, राजन उपाध्याय, राज शर्मा, कृष्ण कांत शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर दत्तराम गंगवार, नगर अध्यक्ष अरशद अली, जिला महासचिव डॉक्टर शमशुल हसन अंसारी, पूर्व पीसीसी मो. असलम अंसारी, भदपुरा ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद मंसूरी आदि शामिल रहे।

इससे पहले नगर पहुंचे सांसद तनुज पूनिया का पार्टी के नगर अध्यक्ष अरशद अली, असलम अंसारी, डॉक्टर शमशुल हसन अंसारी, जफर अंसारी, तौफीक अहमद, रईस कुरैशी, उन्वान मोहम्मद, शाकिर अली, शब्बीर अहमद, शरीफ अहमद, इम्तियाज इदरीसी आदि ने स्वागत किया।

# पिता ने बेटे पर लिखाया घर में घुसकर मारपीट करने का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पिता की गैर मौजूदगी में बेटे ने मकान पर कब्जा करने की नियत से मां से गाली गलौच कर घर में तोड़ फोड़ की। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मलसाखेड़ा निवासी नवी अहमद ने पुलिस को बताया कि वह पैतृक संपत्ति का पहले ही हिस्सा बंटवारा कर चुका है। वह गांव में अपनी पत्नी के साथ रहता है और बेटा ताहिर ग्राम थूनापुर थाना भोट जनपद रामपुर में रहता है, जो 20 जून को अपनी पत्नी मोबीन के साथ उसके घर पर आया। जिसने मकान पर कब्जा करने की नियत से अपनी मां शाहीन से गाली गलौच करते हुए घर में तोड़फोड़ की। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी।

# बरेली में छह दिन तक तेज बारिश के आसार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** लगातार हो रही उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिलने वाली है। रविवार से मौसम विभाग ने बरेली समेत आसपास के इलाकों में तेज बरसात होने की संभावना जताई है। विभाग की ओर से छह दिन का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

आईएमडी की ओर से अपडेट में कहा गया है कि रविवार से बरेली समेत आसपास के जिलों में एक बार फिर मानसून सक्रिय होगा। रविवार से गरज चमक के साथ तेज बरसात होगी। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने एक नए निम्न दबाव क्षेत्र के कारण पूरे उत्तर प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है।

बरेली में विशेष रूप से अगले 48 से 72 घंटों के दौरान, मूसलाधार बारिश और कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 36.7 व न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### गरज-चमक के दौरान इन बातों का रखें ध्यान

घर की खिड़कियां-दरवाजे बंद कर लें।
यात्रा के दौरान सतर्क रहें।
तेज हवा चले तो पेड़ या टिन के नीचे खड़े न हों।
कंक्रीट की फर्श पर न लेटें, कंक्रीट दीवारों का सहारा न लें।
बिजली चमकने पर विद्युत उपकरणों को अनप्लग कर दें।
नदी, तालाब की ओर न जाएं। पशुओं को पेड़ के नीचे न बांधें।
निचले इलाकों, सुरंगों से गुजरने के दौरान सावधानी बरतें।
खड़ी फसलों से जल निकासी की उचित व्यवस्था करें।

### दो सप्ताह में हुई रिकॉर्ड बारिश

बरेली में प्री-मानसून की पहली बारिश ने 12 साल बाद महज चार घंटे में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड बनाया। मानसून का दौर शुरू होने के दो सप्ताह में ही सामान्य से 130 मिमी ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड बनाया है। विशेषज्ञ ने मौसम का मिजाज वर्ष 2013 के सापेक्ष बताया है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2013 जून में 409.8 मिमी बारिश हुई थी। फिर 2015 में 247.7 मिमी बारिश हुई थी। शेष वर्षों में 20 से 195 मिमी तक ही बारिश हुई। जिसका औसत 119 मिमी रहा, लेकिन बृहस्पतिवार की सुबह 10.8 मिमी बारिश के बाद अबकी साल 13 दिन में 251 मिमी बारिश हो चुकी है।

# ट्रक की टक्कर से गाय के पैर टूटे, की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र में बदायूं रोड पर गन्ना मिल के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार ट्रक को सड़क पार कर रही गाय को जोरदार टक्कर मार दी और गाय के दोनों पैर टूट गए। गुस्साए लोगों ने ट्रक चालक की पकड़कर जमकर पिटाई की और ट्रक में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गांव इटौआ सुखदेवपुर निवासी ऋषिदेव सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही एक गाय को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके दोनों पैर टूट गए। आसपास के लोगों ने तुरंत मेनका गांधी के अस्पताल पीएफए में भर्ती कराया। जहां गाय का इलाज चल रही है। गाय को टक्कर मारने के बाद वहां भीड़ इकट्ठा हुई। गुस्साए लोगों ने ट्रक चालक करगैना निवासी अवधेश की जमकर पिटाई की और ट्रक में तोड़फोड़ भी की। उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पटना से ट्रक में रद्दी लोड कर काशीपुर के लिए निकला था। वह अपने घर आया था। सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद मौके पर तनावपूर्ण माहौल बन गया और देखते ही देखते गन्ना मिल चौराहे पर लंबा जाम लग गया। इससे यातायात करीब 30 मिनट तक बाधित रहा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त फोर्स बुलाया और जाम को खुलवाया।

# फैक्ट्री से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** फैक्ट्री से काम कर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार ठिरिया खेतल निवासी हरिनन्दन पुत्र नौवतलाल उम्र 20 बर्ष कटरा में शराब फैक्ट्री में आपरेटर था। रात की ड्यूटी कर सुवह अपनी बाइक से घर बापस आ रहा था। बिथरी थाना क्षेत्र के हाइवे पर टहा भट्टा के



सामने अचानक आवारा पुश बाईक के सामने आ गया। जिससे उसकी बाईक टकरा गई पीछे से आते तेज रफ्तार ट्रक ने उसे उसे कुचल डाला जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाईल के माध्यम से घर वालों को सूचना कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हरिनंदन की मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। हरिनन्दन पांच भाई बहनो में सबसे छोटा था। अभी उसकी शादी भी नही हुई थी।

## एक नजर

### छह माह की बच्ची के साथ विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** चार पहिया गाड़ी की मांग पूरी नहीं होने से बौखलाए ससुरा. लियों ने छह माह की बच्ची के साथ विवाहिता को मार पीटकर घर से निकाल दिया। शिकायत पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते चले कि पीड़िता साजमीन पुत्री जमील अहमद निवासी ग्राम तिगड़ी ने पुलिस को बताया कि एक वर्ष पूर्व उसका निकाह शानू पुत्र ताज खान निवासी ग्राम खैर खाते मिलक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। निकाह में पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। निकाह में मिले दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे, जो मायके से चार पहिया गाड़ी लाने को दबाव बनाते थे। इंकार करने पर प्रताड़ित करते थे। एक माह पूर्व छह माह की बेटी के साथ विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया।

### विद्युत समस्या के समाधन को रविवार को शीशगढ़ में लगेगा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आज रविवार को कस्बे के मोहल्ला गौंडी में स्थित मदरसा रजविया कासमियां परिसर में विद्युत शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मौके पर बकाया बिल भी जमा होंगे। साथ ही त्रुटिपूर्ण बिल, जिन बिलों में गड़बड़ी है, उनका निस्तारण भी मौके पर किया जाएगा। खराब मीटर भी बदले जाएंगे। इसके अलावा बिजली विभाग से संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया जाएगा। शिविर में अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश के अलावा एसडीओ विशाल कंसल, अवर अभियंता संतोष कुमार शर्मा व अन्य कर्मचारी मौजूद रहेंगे। अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर लाभ उठाएं।

### नाबालिग को भेजे गंदे मैसेज शिकायत की, तो परिवार को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एक नाबालिग के मोबाइल पर अश्लील मेसेज भेजे और विरोध करने पर उसके परिजनों से मारपीट की। पीड़िता के चाचा ने मामले की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य से की। एसएसपी के आदेश पर थाना सीबीगंज पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित ने बताया कि उसकी भतीजी के मोबाइल नंबर पर गांव का ही एक युवक लगातार अश्लील मेसेज भेज रहा है। जब परिजनों और गांव के कुछ लोगों ने इस संबंध में विरोध जताते हुए आरोपियों के घर जाकर शिकायत की तो आरोपी और उसके भाई और पिता ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने खुलेआम धमकी देते हुए कहा उसे जैसी बातें करनी हैं करेंगे, उसका कोई कुछ नहीं कर सकता।

### बंद फैक्टरी में गाय पर तेंदुए ने किया हमला, चौकीदार ने भागकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** हाफिजगंज क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर के पास 30 साल से बंद पड़ी खेतान फैक्टरी में तेंदुआ पहुंच गया। बृहस्पतिवार शाम तेंदुए ने चौकीदार की गाय को घायल कर दिया। इस दौरान चौकीदार ने छत पर चढ़कर उसका वीडियो बना लिया। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंच गई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए हैं। तेंदुआ देखे जाने से इलाके में दहशत है। हाफिजगंज के गांव फैजुल्लापुर के पास खेतान फैक्टरी 240 बीघा से ज्यादा भूमि पर फैली हुई है। फैक्टरी 30 साल से बंद होने के कारण पूरे परिसर में पेड़, झाड़ियां उग आई हैं। फैक्टरी में फैजुल्लापुर के अजय कुमार चौकीदारी करते हैं। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले भी उन्होंने तेंदुआ देखा था। वन विभाग की सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बृहस्पतिवार रात तेंदुए ने उनकी गाय पर हमला कर दिया। उन्होंने भागकर किसी तरह से जान बचाई और छत पर चढ़कर वीडियो बना लिया। सूचना पर वन दरोगा माधो सिंह, वनकर्मी अकबर अली, असरफ अली आदि पहुंचे। वीडियो देखने के बाद उन्होंने तेंद. आ होने की बात कही। तेंदुआ को पकड़ने के लिए परिसर में पिंजरे लगवा दिए गए हैं। डीएफओ दीक्षा भंडारी ने बताया कि टीम कांबिंग कर रही है। पिंजरे लगवाए गए हैं। लोगों को जागरूक भी किया गया है। चौकीदार अजय कुमार ने बताया कि फैक्टरी के पास ही एक फार्म हाउस है। यहां तेंदुए ने दो कुत्तों को मार डाला। फैक्टरी के आसपास रहने वाले अन्य लोगों ने तेंदुआ देखे जाने की बात कही है। लोगों में तेंदुआ को लेकर दहशत है।

### टिकट कन्फर्म हुआ या नही, अब 24 घंटे पहले लग जाएगा पता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** अब तक ट्रेन के प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने से चार घंटे पहले आरक्षण चार्ट बनता है। अब एसी सुपरफास्ट और अवध-असम एक्सप्रेस में 24 घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार हो जाएगा। ट्रेन यात्रियों को अब ट्रेन चलने से 24 घंटे पहले पता लग जाएगा कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं। दिल्ली-लखनऊ के बीच चलने वाली 12429-30 एसी सुपरफास्ट में प्रायोगिक तौर पर यह व्यवस्था लागू की गई है। 15909-10 अवध-असम एक्सप्रेस में भी 24 घंटे पहले आरक्षण चार्ज बनने लगा है। यह दोनों गाड़ियां बरेली होते हुए गुजरती हैं। एसी सुपरफास्ट वीआईपी श्रेणी की ट्रेन है। ट्रेनों पर यात्रियों के दबाव के बीच सीटें फुल हो जाने के बाद भी बड़ी संख्या में यात्री वेटिंग टिकट लेते हैं। स्लीपर और एसी तृतीय श्रेणी में कई बार तो वेटिंग 200 तक पहुंच जाती है। अब तक ट्रेन के प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने से चार घंटे पहले आरक्षण चार्ट बनता था। अंतिम आरक्षण चार्ट 30 मिनट पहले जारी किया जाता था। मात्र चार घंटे पहले संबंधित यात्री को अपना टिकट कन्फर्म न होने की सूचना मिली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

# गिरधरपुर में नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील क्षेत्र के कस्बानुमा ग्राम पंचायत गिरधरपुर के ग्राम वासियों ने सहायक अभियंता विद्युत वितरण खण्ड बहेड़ी को पत्र देकर एक नया ट्रांसफार्मर और पोल व केबल लगाने की मांग की है। बताया जाता है कि मोहल्ले में करीब 350 विद्युत कनेक्शन हैं, लेकिन दो 100 केवी के ट्रांसफार्मर होने के कारण आये दिन ट्रांसफार्मर फुंक जाते हैं। इससे मोहल्ले में बिजली की समस्या होती है, और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्राम वासियों का कहना है कि एक नया ट्रांसफार्मर और पोल व केबल लगाया जाए, जिससे विद्युत आपूर्ति में सुधार हो सके, और ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या से निजात मिल सके। यहां बता कि विद्युत विभाग ने पहले भी इसी तरह की समस्याओं का समाधान किया है, जैसे कि गायघाट में नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली समस्या का समाधान किया गया।

# ऑनलाइन गेम में हार गया 50 हजार

## हारने के बाद रचा आत्महत्या का ड्रामा, सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर बोला- अब बची हैं सिर्फ दो-चार सांसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने ऑनलाइन गेम में 50 हजार रुपये हारने के बाद आत्महत्या करने का हाई वोल्टेज ड्रामा किया। उसने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया। इसमें कहा कि उसने जहर पी लिया है। ऐसे में अब उसके पास सिर्फ दो-चार सांसें बची हैं। हालांकि, परिजनों ने उसे मुरादाबाद के पाकबड़ा से सकुशल बरामद कर लिया।

शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका निवासी हसीब (24) गुरुवार को अचानक घर से गायब हो गया। परि. जनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। एक दिन बीत जाने के बाद शुक्रवार



को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हबीब अहमद जहर खाने के बाद कुछ देर में अपने प्राण त्यागने की बात करते हुए दिखाई दिया।

वीडियो में उसने एक व्यक्ति के ऊपर ऑनलाइन गेम खेलने के लिए 50 हजार रुपये देकर वापस देने का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया। साथ ही रुपये वापस न दे पाने के कारण परेशान होकर उसने जहर खाकर जान देने की कोशिश का वीडियो सोशल मीडिया पर बनाकर अपलोड कर दिया।

इसके बाद परिजनों ने युवक को तलाश करना शुरू किया। इस पर वह पाकबड़ा में सही सलामत मिला। ग्राम प्रधान अफसर अहमद ने बताया कि हसीब अहमद अली के गुरुवार से घर से लापता था। सोशल मीडिया पर जहर खाने का झूठा वीडियो देखने के बाद परिजन काफी परेशान थे। अब वह सुरक्षित है। बता दें कि छह माह पहले शादी वाले दिन दूल्हा बनने से पहले भी हसीब कहीं फरार हो गया था। काफी तलाश पर वह मिला था। इसके बाद उसे दूल्हा बनाया गया था।

सोशल मीडिया पर तीन मिनट 11 सेकेंड के वायरल हो रहे वीडियो के आखिर में हसीब कहता है कि कहा-सुना माफ करना और फिर रो पड़ता है। यह वीडियो वायरल होने के बाद उसके भाई नदीम अहमद ने थाने में तहरीर देकर हसीब को बरामद करने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने भी गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। इसके बाद परिवार, रिश्तेदार एवं पुलिस उसकी तलाश में लगी, इसी बीच परिजनों ने उस सकुशल बरामद कर लिया।

# रिटायर्ड वैज्ञानिक को पांच दिन रखा डिजिटल अरेस्ट

## सीबीआई अधिकारी बता 1.29 करोड़ की ठगी, साइबर क्राइम पुलिस ने दर्ज किया केस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित आईवीआरआई कैंपस में रहने वाले सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को फोन पर खुद को सीबीआई अधिकारी बता कर ठगों ने पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगों ने कई बार में 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। इस बीच वह 5 दिन तक ठगों के इशारे पर नाचते रहे। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पश्चिमी बंगाल के मूल निवासी सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी कई साल से भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में तैनात थे। वह 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद भी आईवीआरआई कैंपस में ही आवंटित मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे। आरोप है कि शुकदेव नंदी को 17 जून को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आया। ठग ने स्क्रीन पर पुलिस का लोगो भी लगा रखा था। फोन करने वाले ने खुद को बेंगलुरु सिटी में तैनात सीबीआई अफसर बताया।

आरोप है कि ठग ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके फर्जी सिम कार्ड लिए गए हैं। जिनका इस्तेमाल ह्यूमन ट्रैफिकिंग और जॉब फ्रॉड में किया गया है। इसी क्रम में ठग ने उन्हें 16 से 20 जून तक डिजिटल अरेस्ट रखा और 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से ठग ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर 1. 29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ठगी की रकम वापस कराने के लिए टीम जुटी हुई है

# कल बरेली आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल 30 जून को होने वाले आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। इसके लिए शहर में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति के बरेली आगमन के दौरान शहर में सुबह चार से शाम चार बजे तक यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को रूट डायवर्जन जारी कर दिया।

सुरक्षा की दृष्टि से बिलवा व विलयधाम अंडरपास, इज्जतनगर तिराहा, सौ फुटा पूर्वी, गांधी उद्यान और महादेव पुल से सभी छोटे और भारी वाहनों का त्रिशूल एयरपोर्ट, डेलापीर, आईवीआरआई की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। बड़ा बाइपास से बरेली की ओर आने वाले भारी वाहन बिलवा, विलयधाम, नवदिया झादा से रजऊ परसपुर तिराहा होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेगें। रोडवेज बसें इधर से ही सेटेलाइट बस अड्डे तक आ सकेंगी। इसी रास्ते से इन वाहनों को वापसी होगी। दिल्ली व रामपुर की ओर से आने वाली रोडवेज बसें किला पुल होकर चौपुला चौराहा, चौकी चौराहे से पुराने बस स्टैंड तक आ-जा सकेंगी। बैरियर-टू चौकी से डेलापीर की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहन सौ फुटा पूर्वी से होकर, बीसलपुर तिराहा, सुरेश शर्मा नगर, सेटेलाइट होते हुए शहर में आ सकेंगे।

इसके अलावा इज्जतनगर तिराहे से आईवीआरआई व डेलापीर की तरफ जाने वाले ऑटो, ई-रिक्शा कुदेशिया पुल, कुदेशिया अंडरपास से राजेंद्र नगर होकर आ सकेंगे। गांधी उद्यान से डेलापीर की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन संजयनगर तिराहे से सलेक्शन प्वाइंट, डीडीपुरम, राजेंद्र नगर होकर गुजारे जाएंगे। डेलापीर से आईवीआरआई की ओर जाने वाले वाहन झूलेलाल द्वार से राजेंद्र नगर, कुदेशिया अंडरपास से होकर जा सकेंगे।

### कार, ऑटो, ई-रिक्शा भी रहेंगे प्रतिबंधित

एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया कि कल 30 जून को सुबह आठ बजे से कार, ई-रिक्शा, ऑटो आदि भी बैरियर-टू से डेलापीर के बीच व इज्जतनगर तिराहा व नैनीताल रोड से आईवीआरआरई की ओर, डेलापीर से आईवीआरआई की ओर और सौ फुटा से डेलापीर की ओर प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने शहर के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें।

# टॉवर लगाने के नाम पर करते थे ठगी, गिरोह के छह सदस्य पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** लोगों को फोन कर खुद को बीएसएनएल कंपनी का अधिकारी बता कर टॉवर लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का एसओजी और बारादरी पुलिस ने पर्दाफाश किया है। टीम ने जगतपुर क्षेत्र से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तड़के एसओजी प्रभारी सुनील कुमार शर्मा को जानकारी मिली कि फर्जी टॉवर लगाने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह के लोग बारादरी क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस पर एसओजी और बारादरी क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद



कुमार की संयुक्त टीम सक्रिय हुई। टीम ने जगतपुर स्थित 99 बीघा खाली पड़े मैदान के पास सम्राट अशोक नगर जाने वाले रास्ते से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

सीओ के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना बीसल. पुर पीलीभीत निवासी इरफान, थाना कटरा शाहजहांपुर के रजित उर्फ रजत, फईम, लखीमपुर खीरी के वाजिद, आसिक अली और साकिर अली के रूप में हुई है, जबकि गिरोह में शामिल तहसीन मौके से फरार होने में सफल रहा। इसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। आरोपियों के कब्जे से पांच लैपटॉप, एक टैबलेट, दो प्रिन्टर व स्कैनर, छह मल्टीमीडिया मोबाइल, छह की-पैड मोबाइल, पांच सिम कार्ड, तीन डायरी, 155 लोगों की सूची, एक कार और दो बाइक बरामद हुई है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सभी लोग अलग-अलग होटलों में कमरा लेकर रहते थे। मौजूदा समय में मैक्स रिहाब हेल्थ केयर राजेन्द्र नगर के ऊपर कमरा लेकर रह रहे थे। सभी लोग इस कमरे में रहकर बीएसएनएल का टॉवर खेत व मकानों में लगाने के नाम पर भोले-भाले लोगों को फंसाकर फर्जी कागजात भेजकर ठगी करते थे। जो सभी लोग आपस मे बांट लेते थे। फरार साथी तहसीन बीएसएनएल का अधिकारी बनकर बात करता था। आरोपियों ने बताया कि जो भी उनके झांसे में आ जाता था। उसके यहां टॉवर लगाने की बातचीत हो जाती थी। इसके बाद वहां जाकर टीम उनके खेत या मकान का सर्वे करती थी। उन्हे विश्वास दिलाया जाता था कि उनका टॉवर लग जाएगा और इसी नाम पर उनसे रजिस्ट्रेशन फीस के रुपये लेकर भारत संचार निगम लिमिटेड का हूबहू फर्जी कागजात दिया जाता था। टीम फिर सर्वे करती थी और टावर लगाने के लिए एक से डेढ़ लाख रुपये लिया जाता था। ठगी करने के बाद आरोपी सिम निकाल कर फेंक देते थे। पुलिस का दावा है कि आरोपी राजेंद्र नगर से कमरा खाली कर दूसरी जगह शिफ्ट करने की तैयारी में थे, लेकिन गिरफ्तार कर लिए गए। इरफान पर चार मुकदमे, रजित उर्फ रजत और वाजिद पर एक-एक, फईम पर चार, आसिक अली पर दो और साकिर अली के खिलाफ एक मुक. दमा दर्ज हैं, जबकि, फरार आरोपी तहसीन पर सात मुकदमे दर्ज हैं।

सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि बीएसएनएल का टॉवर लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# डीएम की अध्यक्षता में थाना बिनावर में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने थाना बिनावर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को जनता की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुनकर उसका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी कावड़ यात्रा व मोहर्रम पर कानून एवं शांति व्यवस्था के संबंध में कहा की सभी त्योहार आपसी सौहार्द व प्रेम में भाईचारे के साथ मनाए जाएं।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। शनिवार को थाना बिनावर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अवनीश राय ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह जनता से बेहतर व्यवहार व संवाद स्थापित करें। अपने क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के संपर्क में रहे। अपने क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करें। छोटी से छोटी घटना की जानकारी भी उच्च अधिकारियों का दें ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके। वहीं उन्होंने आगामी कावड़ यात्रा व मोहर्रम पर कानून और शांति अवस्था के दृष्टिगत आमजन से अपील की कि वह अपने क्षेत्र में यदि कोई घटना होती है तो इसकी सूचना तत्काल अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर कोई समस्या है तो वह अवगत कराये ताकि उसका समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है और अराजकता व सामाजिक वैमनस्यता की कोई जगह नहीं है। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि व राजस्व वादो के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाएं तथा निस्तारण के समय की फोटोग्राफी भी कराए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव भवानी पुर में बीते दिन गांव के ही राजपाल पुत्र हीरा लाल के घर एक शव मिला। बताया जा रहा है कि बीती रात गांव के ही बुद्धिराम मौर्य ( 29) पुत्र प्रकाश मौर्य का गांव के ही राजपाल पुत्र हीरालाल के घर संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला। सूचना पर पहुंचे फैजगंज बेहटा थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह, आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी, उप निरीक्षक चंद्र शेखर सिंह, कांस्टेबल प्यारे लाल ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक बुद्धिराम के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार वालों ने इस मामले को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। बाकी यह जांच का विषय है। यह जानकारी थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने दी।

# भाजपा प्रत्याशी प्रदीप गुप्ता फौजी ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



**सोनू खान, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा बदायूं भारतीय जनता पार्टी मण्डल की कार्यकारणी की लिस्ट जारी होने के बाद आज सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी रहे प्रदीप गुप्ता फौजी ने आज अपने कार्यालय पर सभी पदाधिकारियों को माला पहना कर ओर श्री राम की तस्वीर देकर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।


इस मौके पर प्रदीप गुप्ता फौजी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि बो ईमानदारी के साथ पार्टी को मजबूत करने का कार्य करे मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि मंडल आसफपुर में अब सभी कार्यकर्ताओं का ध्यान रखा जाएगा भाजपा नेता अजय पाराशरी ने कहा कि प्रदीप गुप्ता फौजी द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करने पर मै उनका धन्यवाद किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा मण्डल उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा मंडल उपाध्यक्ष रविकांत मिश्रा युगेश शर्मा श्री मती सर्वेश शर्मा मंडल महामंत्री विंकल बाबू धर्मेंद्र सिंह मंडल मंत्री देवी सिंह देवेंद्र सिंह राणा अवनीश सिंह इंद्रजीत पराशरी शिवम् पाराशरी कोषाध्यक्ष बछराज सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दो जुलाई को मोहर्रम के दृष्टिगत होगी पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में मोहर्रम के पर्व पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक 02 जुलाई 2025 बुधवार को समय अपरान्ह 04.00 बजे पुलिस लाइन बदायूँ स्थित स्वामी विवेकानन्द मेमोरियल सभागार पुलिस लाइन बदायूँ में आहूत की जाएगी।

# अज्ञात बाइक सवार ने बाइक सवार को पीछे से मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को दावत देने जा रहे बाइक सवार साले बहनोई को अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से मारी टक्कर जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पाकर फरार हो गया। हम आपको बता दें कि शनि पुत्र भगवान दास निवासी हयातनगर सम्भल किसी आयोजन की दावत देने अपनी ससुराल बिसौली थाना क्षेत्र के गांव मोहकमपुर आया था तभी मोहकमपुर से अपने साले जुगेन्द्र पुत्र कल्याण सिंह निवासी मोहकमपुर थाना बिसौली को साथ लेकर सहसवान क्षेत्र गांव नरसेना परमे जा रहें थे गांव मोकमपुर से निकलते ही बिसौली आसफपुर रोड पर ग्राम रतनपुर कोठी के पास पीछे से आ रहीअनियंत्रित अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक पर सवार जोगेंद्र पुत्र कल्याण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं अज्ञात बाइक सवार मौका पाकर फरार हो गया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने घायल को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर घायल जोगिंदर को बदायूं जिला अस्पताल की रेफर कर दिया गया हादसे की सूचना पाकर घायल के परिजन भी सीएचसी आ पहुंचा।

# नगर में अतिक्रमण ने किया आम जनता का जीना दुशवार



**आतिफ निसार जैनू**

**सहसवान।** बिसौली स्टैंड से ब्लॉक तक आम इंसान का निकल ना हुआ मुश्किल दोनों तरफ खोके जो की फिक्स है नगर की कचेरी के बाहर बुरी तरह अतिक्रमण है जिसपर किसी का कोई ध्यान नहीं आम जनता का निकलना हुआ मुश्किल अब देखना ये है की प्रशासन क्या करता है।

# पांच जुलाई तक करें माटीकला पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

बदायूँः 28 जून। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि माटीकला विधा के परम्परागत कारीगरों व माटीकला शिल्पियो को पुरस्कृत करने हेतु मण्डल स्तरीय माटीकला पुरस्कार योजना में प्रजापति समाज के शिल्पकारो तथा कामगारों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। माटीकला पुरस्कार योजना में आवेदन करने हेतु आवेदक अपना ऑनलाइन पंजीकरण उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की वेवसाइट नचउंजपांसंइवंतकण्पद पर जाकर ऑन लाइन आवेदन 05 जुलाई 2025 तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑन लाइन आवेदन के उपरान्त हार्ड कापी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। माटीकला पुरस्कार योजना में मण्डल स्तरीय प्रतिभागियों का चयन चयन समिति द्वारा किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु माटीकला पुरस्कार योजना में आवेदन करने हेतु मौहल्ला शहबाजपुर निकट पुरानी चुँगी, बरेली रोड़ बदायूँ स्थित जिला माटीकला एवं ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

# दुनिया भर में छाएंगे बदायूं के उत्पाद
## फ्रिलपकार्ट की टीम ने दीदीयों को दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

बदायूं। जनपद बदायूं में स्वयं सहायता समूह की दीदीयों को ई-कॉमर्स के लिए प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन एवं पॉलिसी वॉच इण्डिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम बदायूँ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवलन व माल्यार्पण कर किया। उन्होंने परिसर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर उसे सराहा। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी का उद्देश्य देश की 5 करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का है। प्रशिक्षण कार्यशाला में फ्लिपकार्ट के अधिकारियों द्वारा ई-कॉमर्स से संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। मा0 राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार बी0एल0 वर्मा कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जिस प्रकार से कार्य चल रहा है उसे आने वाले समय में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि वह अपने उत्पादों की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए मार्केट की डिमांड के अनुसार और अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद बनाएं, जिससे उनके उत्पाद देश व दुनिया में छा जाएंगे। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने अपने शपथ ग्रहण समारोह के उपरान्त कहा था कि उनकी सरकार गरीबो, महिलाओं, युवा व किसानों को समर्पित रहेगी। उन्होंने कहा कि देश में करीब 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आज की देश की महिलाएं व युवतियां किसी से कम नहीं है वह हर क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा कर रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि देश की तरक्की के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर होना जरूरी है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इसका एक ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने बताया कि जनपद में करीब 02 लाख स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हैं। जो अपने परिवार को संबल बनाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी का नजरिया है कि स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से ग्राम की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जाएगा। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि किसी भी बनाए गए उत्पाद को अगर अच्छा मार्केट मिल जाता है तो उसका रेट अच्छा मिल जाता है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म मिल जाने से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए एक अच्छा मिल जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री, अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को बुके व स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा शॉल ओढाकर उनका अभिनंदन किया। आधुनिक निर्माण के तहत बदायूं की लखपति दीदीयों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डिजिटल सक्षम बनाने की पहल हेतु ई-कॉमर्स प्रशिक्षण फ्लिपकार्ट के प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। फ्लिपकार्ट के प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार से किस प्रकार से फ्लिपकार्ट पर अपने उत्पादों को स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बिक्री हेतु उपलब्ध करा सकती हैं, इस संबंध में जानकारी दी।

# 71 वर्षीय वृद्ध के मकान पर सगे भाई ने किया कब्जा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** 71 वर्षीय वृद्ध के मकान पर सगे भाई द्वारा किया गया अवैध कब्जा, वृद्ध को भाई और उसके परिवार द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है प्रताड़ित सन 2021 से पीड़ित द्वारा मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं कोतवाली प्रभारी से लेकर तमाम अधिकारियों से की जा रही हैं शिकायतें लेकिन नहीं हुआ आज तक कोई समाधान आरोपी द्वारा घर की महिलाओं को आगे रखकर किया जाता है प्रताड़ित, छेड़छाड़ जैसी गंभीर धाराओं में फर्जी मुकदमों में फंसाने की देता है धमकी आरोपी को कुछ दबंगों का मिला हुआ है संरक्षक घर का दरवाजा तोड़ कर आरोपी के घरवालों ने किया कब्जा वृद्ध घर के बाहर सोने को मजबूर घर के अंदर से लगाया आरोपियों ने ताला।


# एसएसपी बृजेश सिंह ने आठ दरोगा का किया तबादला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शनिवार को जनपद बदायूं के तेजतर्रार कप्तान बृजेश सिंह द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था सदृढ़ बनाए रखने के लिए जनपद के आठ दरोगा इधर से उधर किया जिसमें वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज कुमार को थाना वजीरगंज से थाना अलापुर भेजा गया, उप निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार को पुलिस लाइन से बिसौली थाना क्षेत्र की दबतोरी चौकी प्रभारी बनाया गया, एसआई मदनपाल सिंह को पुलिस लाइन से थाना बिसौली भेजा गया, नाहर सिंह को पुलिस लाइन से थाना कादर चौक भेजा गया उप निरीक्षक देशराज सिंह को पुलिस लाइन से थाना बिसौली भेजा गया, रवनीत सिंह को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी सोथा थाना कोतवाली बनाया गया, उप निरीक्षक मोहम्मद अरशद थाना बिसौली से न्यायालय सुरक्षा भेजा गया, उप निरीक्षक महेश सिंह अभियोजन कार्यालय से थाना सिविल लाइन भेजा गया।

# मध्यम बारिश होने की संभावना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सचेत एप के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 3 घंटों में निम्न जनपदों में कुछ स्थानों पर टीएस और बिजली के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना के ऑरेंज अलर्ट की सूचना प्राप्त हुई है।' अलीगढ, अमरोहा, बदायूं, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बुलंदशहर, एटा, फर्रुखाबाद, गोंडा, हरदोई, हाथरस, कासगंज, एलखीरी, संभल, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, एसके नगर।

## एक नजर

# भाजपा की बरेली मंडल कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**कैलाश भारती, शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यकारिणी का विस्तार मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव पहलवान की सलाह से कर दिया है। जिसमें कुछ पुराने और कुछ नए लोगों को शामिल किया गया है। और कुछ पदाधिकारी को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने सभी पदाधिकारीयों से विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी समय में मनोनीत पदाधिकारी पार्टी हित में काम करते हुए। क्षेत्रीय जनता के विकास में सहयोग प्रदान करेंगे। एवं भ्रष्ट कार्यशाली पर अंकुश लगाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित हमारे लिए सर्वोपरि है। पार्टी सूत्रों के अनुसार मंडल की टीम में बृजेश कुमार सिंह, शरद बजाज को मंडल उपाध्यक्ष बनाकर पुनः विश्वास कायम किया है। वहीं डोरी लाल, अंकित गुप्ता, राजवीर सिंह और प्रेमपाल को मंडल उपाध्यक्ष बनाकर पार्टी के माध्यम से जनता की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। भाजपा मंडल कार्यकारिणी में दानवीर सिंह, जीवाराम, राजेश यादव, वीरेश कोरी, श्रीमती मीनाक्षी व राधा वार्ष्णेय को मंत्री बनाया है। तथा पूर्व की भांति दैनिक जागरण के पत्रकार जयकुमार वार्ष्णेय मोंटू को पुनः मंडल कोषाध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया है। नई भाजपा मंडल कार्यकारिणी के मनोनयन पर लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। शुभचिंतकों द्वारा बधाई का तांता लगना शुरू हो गया है। विदित हो जब से भाजपा मंडल अध्यक्ष के पद पर राजीव शर्मा का मनोनयन हुआ है। तब से क्षेत्रीय लोगों में भाजपा जिला कार्यकारिणी के प्रति एक विश्वास कायम हुआ है। कि जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने योग्य अनुभवी भाजपा कार्यकर्ता राजीव कुमार शर्मा को मंडल अध्यक्ष का दायित्व देकर पार्टी की छवि को उज्ज्वलता की ओर अग्रसर किया है। और मंडल अध्यक्ष श्री शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी में कुछ को छोड़कर ऐसे कार्यकर्ताओं को पद देकर पार्टी हित में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत में सुशासन के अंतर्गत सबका साथ-साथ का विकास भ्रष्टों के विनाश की रणनीति से आम जनमानस चौन की सांस ले रहा है। अंत्योदय ही पार्टी की कार्यशाली है।


## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com


# नायब तहसीलदार के नेतृत्व में चला बकायादारों के विरुद्ध अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव के नेतृत्व में बैंक व राजस्व विभाग की टीम ने बड़े बकायादारों के विरुद्ध अभियान चलाया। गांव में वसूली अभियान से बकायादारों में हड़कंप मच गया। तहसील क्षेत्र में प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक शाखा निजामुद्दीनपुर शाह के बकायादार गांव सिरसवा, गुलड़िया, सेंटाखेड़ा आदि गांवों में वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम में नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव, प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक मैनेजर, अमीन फकीर मुहम्मद, महेंद्र पाल शर्मा, संग्रह अनुसेवक बाकीदार महेंद्र, सूखे सिंह आदि उपस्थित रहे।

# त्योहारों को लेकर पुलिस मुस्तैद नगर में निकाला फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह स्थानीय लोगों से संपर्क कर रहे हैं। वही शुक्रवार को उन्होंने भारी पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। क्षेत्र में सुरक्षा और शांति का भाव सुदृढ़ करने और पुलिस की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का संदेश देने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम पुलिस फोर्स द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। जो कोतवाली से प्रारंभ होकर पूरे नगर में निकाला गया।

# कलश यात्रा से भागवत कथा का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** नगर के मोहल्ला चौबे स्थित मंदिर श्री ठाकुर जी महाराज में सात दिवसीय भागवत कथा में भक्तजन भक्ति के रस में भाव विभोर हो रहे है। भागवत कथा के प्रथम दिन भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के द्वारा किया गया जो मोहल्ला चौबे से प्रारंभ होती हुई टिकट गंज, बगिआ दरवाजा, पुराना बाजार, हुसैनी गली आदि स्थानों से होती हुई मंदिर श्री ठाकुर जी महाराज मे पहुंची जिसमें पीत वस्त्रो मे सैकड़ो महिलाओ ने कलश को धारण किया प्रथम दिवस शाम को भागवत कथा का आरंभ हुआ जिसमें व्यास जी आचार्य कृष्ण कार्तिकेय द्वारा भागवत की उत्पत्ति कैसे हुई और सुकदेव जी के जन्म के बारे मे बताया उन्होंने भागवत कथा का महात्मय बताते हुए कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से जन्म जन्म के पाप नष्ट हो जाते है। सैकड़ो भक्त जनो ने कथा का श्रवन किया।

# एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें सिर्फ चार फरियादी अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम राशि कृष्णा की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान चार शिकायतों में से महज दो शिकायतों का निस्तारण हो सका। इस अवसर पर तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, एसएसआई शिवेंद्र भदौरिया, आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्रा में शांति बनाए रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता : हरेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा में धर्म गुरुओं के साथ बैठक में इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने आपस में मिलजुलकर शांति व सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलाने से रोकने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि नगर में शांति बनाए रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे को बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने नगर के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर में गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखने के लिए धर्म गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। त्योहार को आपसी प्रेम सद्भाव और भाईचारे के साथ आपस में मिलजुल कर मनाएं। इस दौरान मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा के प्रिंसिपल कारी इफ्तेखार अहमद अशरफी, कादरी मस्जिद के इमाम मौलाना अफलाक रजा उवैसी, मस्जिद बिलाल के इमाम हाफिज शादाब रजा उवैसी, बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना बिलाल अहमद, हसनी मस्जिद के इमाम मौलाना फुरकान रजा नूरी, नफीस मस्जिद के इमाम हाफिज मो. मजहर खांन, हाफिज मोहम्मद तनवीर रजा सैफी, हाजी रफीक खां, हाजी हबीब खां, सपा नगर अध्यक्ष वाजिद खां, मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा के सदर इरशाद खान, मशहूद खां हमदम, शफी मो., मो. इसहाक सैफी, शब्बीर हुसैन, अमीर अहमद, मो. आरिफ, मुबीन अहमद, अशरफ खान, सभासद बाबू फारूकी, मो. शुएब, पूर्व सभासद शफीक अहमद फारुकी आदि मौजूद रहे।



# पिता ने सुपारी देकर कराया बेटे का कत्ल

## बेटे के महिला से थे अवैध संबंध, पिता को भी था जान का खतरा, गांव में हो रही थी बदनामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रजबपुर थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे स्थित गांव शहबाजपुर कलां के जंगल में सोमवार सुबह में एक खेत में युवक का रक्तरंजित शव मिला था। सिर में गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी जबकि गर्दन के पीछे की तरफ गहरे घाव के निशान भी थे। मौत के घाट उतारने वाले हत्यारों ने पहचान मिटाने के लिए युवक का चेहरा बिगाड़ने का प्रयास भी किया था।

व्हाट्सऐप ग्रुप में शेयर फोटो के आधार पर अगले दिन मृतक की शिनाख्त नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गालिबाड़ा निवासी दीपक की शक्ल में हुई थी। मृतक अर्द्धनग्न हालत में था, शरीर पर सिर्फ एक अंडरवियर था। मामले में पिता सतेंद्र सिंह ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एसपी अमित कुमार आनंद ने इस हत्याकांड का चौंकाने वाला खुलासा किया। एसपी के मुताबिक पिता सतेंद्र ने ही सुपारी देकर बेटे दीपक की हत्या कराई थी। बताया कि मामले में मृतक के पिता सतेंद्र के अलावा मंडी धनौरा के गांव हलपुरा निवासी उमर व जरीफ तथा गांव मूंढ़ाखेड़ा निवासी रहीस को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान सतेंद्र ने बताया कि उसके बेटे दीपक के एक महिला से अवैध संबंध थे। दो साल पहले भी वह उसे जबरदस्ती घर ले आया था। तब उसके पति ने भी दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन बाद में समझौता होने पर मुकदमे में एफआर लग गई थी। अब भी दीपक उस महिला के साथ लगातार संपर्क में था। उसे व साथ में उसके दो बच्चों को घर लाने की फिराक में लगा था। सतेंद्र ने बताया कि वह महिला को लेकर मेरी हत्या भी करा सकता था। इसे लेकर मेरी समाज में बदनामी हो रही थी। साथ ही वह अपने हिस्से की जमीन बेचने की भी जिद कर रहा था। एसपी ने बताया कि सतेंद्र की उमर से दोस्ती थी। दोनों के बीच दीपक की हत्या की बात तय हुई तो उमर ने अपने साथी रहीस व जरीफ से हत्या कराने के लिए तीन लाख रुपये देने की मांग की



अमरोहा। कार्यालय में दीपक हत्याकांड का खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

# नाबालिग से छेड़छाड़ में दोषी को तीन साल की सजा

## कोर्ट ने एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में अदालत ने युवक को तीन साल जेल की सजा सुनाई। दोषी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

23 अगस्त 2016 की घटना अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के एक गांव की थी। यहां एक किसान का परिवार रहता है। उनकी 14 वर्षीय बेटी क्षेत्र के ही एक निजी इंटर कॉलेज में 11वीं की छात्रा थी। घटना वाले दिन वह छुट्टी के बाद वह पैदल ही स्कूल से घर लौट रही थी। रास्ते में मुरादाबाद जिले के कांठ थानाक्षेत्र के गांव गढ़ी सलेमपुर निवासी फईम ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की थी। स्थानीय लोगों ने आरोपी फईम को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। मामले में पुलिस ने फईम के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर चालान कर दिया था। फिलहाल, फईम जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो एक्ट प्रथम में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी ने की। शनिवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने फईम को दोषी करार दिया। तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अलीगढ़ मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने तीनों युवकों की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर कला निवासी कलाम तथा हरीश शनिवार को बाइक पर सवार होकर किसी काम से नगर आये थे। काम निपटाने के बाद वह बाइक पर सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान जैसी ही उनकी बाइक अलीगढ़ मार्ग पर गांव शाहपुर कला के नजदीक पहुंची तो अचानक सामने से आ रहे गजरौला के अल्लीपुर निवासी पंकज से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायल युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

# खाकी का खेल, लूट की वारदात गुमशुदगी में दर्ज

## डेयरी स्वामी से 15 लाख की लूट का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। वाह, री खादी वाह, तेरा भी जवाब नही है। लूट की वारदात को गुमशुदगी में दर्ज कर दिया। पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गये है। कोतवाली क्षेत्र में देर रात हुई एक सनसनीखेज लूट की घटना को पुलिस द्वारा गुमशुदगी में बदलकर महज कागजी खानापूर्ति करने का संगीन आरोप लगा है। पीड़ित युवक ने पुलिस प्रशासन के इस रवैये से नाराज होकर अब सीधे पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया है।

कोतवाली के लुहारी खादर गांव निवासी गौरव सिंह पुत्र नेपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि 23 जून की रात करीब 9 बजकर 50 मिनट पर वह गंगाचौली स्थित डेयरी से काम निपटाकर अपने गांव लौट रहे थे। लाल कुआं के पास बाईखेडा मोड़ से पीछा कर रहे पाँच नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें तमंचे के बल पर रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए बदमाशों ने उनका वन प्लस मोबा.इल,जरूरी कागजात और करीब 15,000 रुपये नकद लूट लिए थे। बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर मोटरसाइकिल की चाबी भी छीन ली और फरार हो गये। गौरव सिंह ने तुरंत यूपी डायल 112 और फिर कोतवाली पहुंचकर घटना की सूचना दी। पीड़ित का आरोप है कि कोतवाली में उनकी पूरी बात सुने बिना ही पुलिस ने अपनी मनमर्जी से एक तहरीर लिखी और बिना पढ़ाये उस पर उनसे हस्ताक्षर करा लिए थे। अगले दिन जब वह कार्रवाई की जानकारी लेने कोतवाली गये तो उनके होश उड़ गये। पता चला कि लूट की गंभीर घटना पर एफआईआर दर्ज करने के बजाये पुलिस ने सिर्फ एक गुमशुदगी की सूचना दर्ज कर दी है। पीड़ित का कहना है कि बार-बार सही रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाने के बावजूद पुलिस ने उनकी एक न सुनी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब अपराधियों के सामने खाकी ही पीड़ित को दर्र.कनार कर दे। तो आम जनता किस पर भरोसा करे। पीड़ित गौरव सिंह ने अब पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लूटे गये सामान की बरामदगी की मांग की है।

## एक नजर

### मां-बेटे व दामाद के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। ब्लाक सभागार की दीवार को दबंगों द्वारा तोड़ दिया गया। खंड विकास अधिकारी ने मां-बेटे व दामाद पर के खिलाफ तहरीर दी है। ब्लाक परिसर की उत्तर दिशा में रह रही अल्का पत्नी सगीर, उसके पुत्र ओसामा एवं दामाद मुगीर द्वारा परिसर की बाउंड्री को तोड़ दिया गया। कर्मियों ने इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से की। मौके पर जाकर देखा तो बांउड्री टूटी पायी गयी। बीडीओ ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नियत से यह किया गया है। साथ ही उन्हें लोगों ने जानकारी दी कि उक्त परिवार आये दिन उनके साथ गाली गलौच करता है। बीडीओ ने मां-बेटे व दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

### गौवंश की सेवा सर्वोपरिः ईओ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने शुक्रवार को पालिका की कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की साफ-सफाई, चारा-पानी की उपलब्धता एवं गौवंशों की देखभाल की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशाला की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौशाला में रहने वाले गौवंशों की सेवा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ईओ वर्मा ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन समय से चारा-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और साफ-सफाई में कोई कोताही न हो। गौशाला में रह रहे गौवंशों की सेवा सर्वोपरि है और उनकी देखभाल में कोई कोताही न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक सहित पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### वाईएमएस में महिला सशक्तिकरण पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी** शनिवार को नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में एनएसएसई इकाई के तत्वावधान में ष्महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता सोहन सिंह ने कहा कि महिला शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है, क्योंकि महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के समान कार्य कर रही हैं। उन्होंने स्वावलंबन, आर्थिक और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में एनएसएसई के सदस्य म. सशिक, विनीत, अजम, मीम, फरह, काजल, पलकजीत, किरन समेत कॉलेज स्टाफ से डी. मनु, सिंध, त्रता देवी, सुरेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, नीरज गहलोत, मोहिनी अहमद आदि मौजूद रहे। सभी ने महिला शिक्षा को समाज की प्रगति का मार्ग बताया।

### सलेमपुर में मेढ़ को लेकर भिड़े दो पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला**। थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे से गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। घटना की सूचना मिलने पर 112 पीआरवी भी मौके पर पहुंच गयी। मामला शनिवार का है। थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई में खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। शुरू में तो गाली गलौच ही हो रही थी, मगर बाद में दोनों पक्षों के बीच हाथापाई की नौबत आ गयी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही डॉयल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पहुंचकर अपनी अपनी तहरीर देने को कहा। समाचार लिखे जाने तक इस प्रकरण में कोई मुकदमा आदि दर्ज होने की सूचना नहीं थी।

# इमामबाड़ा हटीली से दो मोहर्रम का जुलूस बरामद

## कर्बला में हुई शहादत का गम मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। दो मोहर्रम का मातमी जुलूस बस्ती के मोहल्ला गूला तालाब स्थित इमामबाड़ा हटीली से गमगीन माहौल में बरामद हुआ। अजादारों ने या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद कर कर्बला में हुई शहादत का गम मनाया।

अंजुमन आबदिया के संयोजन में जुलूस की शुरुआत शनिवार दोपहर में हुई। मौलाना रजा अब्बास ने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन ने दीन-ए-इस्लाम को बचाने के साथ ही इंसानियत के खातिर शहादत पेश की। उस वक्त अगर यजीद के मंसूबे कामयाब हो जाते तो आज पूरी दुनिया में अफरातफरी मची होती। मौलाना की जुबानी वाक्या-ए-कर्बला सुनकर अजादार जार-ओ-कतार रोने लगे। जुलूस में ढोल-ताशों की मातमी धुन के साथ अजादार मर्सिया पढ़ते हुए चल रहे थे। पीछे सात ऊंटों पर शिबाल हैदर, इकराम हैदर, नूर अब्बास, हुमायूं, मोहम्मद नदीम आदि मौजूद रहे।अमरियां सजी हुई थीं। इसके अलावा 10 जुलजनाह और 18 अलम मुबारक



के साथ नंगे सिर-नंगे पैर अजादार सीनाजनी के बीच या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। नौहेख्वानी अली अब्बास, मंजर अब्बास, शबाब हैदर, अली नवाज, आशु अली आबिद व जहीर अब्बास ने की। जुलूस गूला तालाब, हफ्ता बाजार, कर्बला रोड, दौलत शहीद, मजहर-ए-कर्बला, हुसैनी चौक, शिया जामा मस्जिद होता हुआ देर शाम में इमामबाड़ा हटीली पहुंचकर संपन्न हुआ। जिसका संचालन मास्टर अली हैदर व करामत अली ने किया। इस दौरान नूर अब्बास राना, शिबाल हैदर, शाह रजा शाही, नदीम अब्बास, कौकब रजा, गौहर अब्बास, इकराम हैदर, हुसैन अब्बास आदि मौजूद रहे।

# नगर में आज निकलेगा तीन मोहर्रम का जुलूस

## छह सदस्य कमेटी करेगी जुलूस की निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 1400 साल पहले कर्बला में हुई इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को पहला मातमी जुलूस शहर के मोहल्ला पचदरा स्थित इमामबाड़ा वलिया से सुबह आठ बजे बरामद होगा। जुलूस के संचालन से जुड़ी अंजुमन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासनिक स्तर से गठित छह सदस्यीय कमेटी की निगरानी में निकलने वाला जुलूस तयशुदा रूट पर शहर में करीब 17 किमी की गश्त करेगा।

मोहर्रम के महीने में गमे हुसैन के सिलसिले में शहर में होने वाली अजादारी में जुलूसों के निकलने का सिलसिला तीन मोहर्रम से शुरू होकर दस मोहर्रम यानि यौमे आशूरा तक चलता है। पुरानी रिवायत के मुताबिक पहले मातमी जुलूस की शुरुआत इमामबाड़ा वलिया से होती है जो शहर के बीचोबीच मोहल्ला पचदरा में स्थित है। बुनियाद वली अहमद उर्फ वली मोहम्मद ने करीब 189 साल पहले इस इमामबाड़े की तामीर कराई थी। तभी से तीन मोहर्रम का जुलूस इसी इमामबाड़े से बरामद हो रहा है।इमामबाड़े में बेशकीमती झाड़-फानूस लगाए गए हैं। अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के जरनल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी ने बताया कि अमरोहा में होने वाली मातमदारी और अलमदारी का तरीका दुनियाभर में होने वाली अजादारी से जुदा होता है। हुसैनी बाजे की धुन के साथ निकलने वाला काफिला कर्बला के तमाम मंजर ताजा कर देता है। यहां जुलूस में निकलने वाली रौशन चौकी और अराईश दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती।

# पंचायत में अधिकारियों को बुलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन भानु ने पंचायत में किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।शनिवार को ब्लॉक परिसर स्थित उप जिला अधिकारी कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन भानु युवा के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र हुए और उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन सौंप दिया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया की 1 जुलाई को गंगेश्वरी ब्लॉक की मासिक पंचायत आयोजित की जायेगी। जिसमें किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए विद्युत विभाग के एसडीओ, चकबंदी विभाग के एसडीओ, कानूनगो लेखपाल, थाना प्रभारी आदमपुर, सप्लाई इंस्पेक्टर गंगेश्वरी एवं सीओ चकबंदी आदमपुर की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है।ज्ञापन देने वालों में हसीन चौधरी, सुमित त्यागी, सुधीर त्यागी, उमेश राणा, लवकुश कुमार, लेखराज सिंह, लोकेश चौहान, तहसीम, वसीम अली आदि मौजूद रहे।

# अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचा रही सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार नागरिक सुरक्षा एवं जेल विभाग राज्यमंत्री डॉ. धर्मवीर प्रजा.पति का बिजनौर से अनूपशहर जाते हुए नगर के अल्लीपुर भूड़ में निवर्तमान मंडलाध्यक्ष डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं जेल विभागों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सेवा,



सुरक्षा और सुधार की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। आज सबका साथ, सबका विकास के सूत्र वाक्य पर कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसेवा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर महेंद्र प्रजापति, जगदेव सिंह प्रजापति, रिशिपाल प्रजापति, प्रमोद कुमार प्रजापति, पुष्पेंद्र चौहान, राकेश कुमार पाल, प्रमोद कुमार, सुरेश कुमार प्रजापति, रवि नागर, अभिषेक कुमार उपस्थित रहे।

# हाइवे पर घायल युवक की दिल्ली में मौत

## 15 दिन पहले हुआ था हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**अमरोहा**। हाईवे पर 15 दिन पूर्व सड़क हादसे में गंभीर घायल हुए युवक की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार रात मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को घर पहुंचे शव को सुपुर्देखाक कर दिया गया। जवान बेटे की मौत से परिजनों में को.हराम मचा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला त्रिपोलिया में कारोबारी अनीस अहमद का परिवार रहता है। उनके 26 वर्षीय बेटे ओवैस की बाजार गुजरी में कॉस्मेटिक सामान की दुकान थी। बीती 13 जून को ओवैस दुकान का सामान लेने के लिए अपनी कार से दिल्ली जा रहा था। बताया जा रहा है कि हापुड़ जिले की सीमा में तेज रफ्तार दूसरी कार से ओवैस की कार से जबरदस्त टक्कर हो गई थी। इस हादसे में सिर में चोट लगने से ओवैस गंभीर घायल हो गया था जबकि उसकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। बेहतर उपचार के लिए परि.जनों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां करीब 15 दिन से ओवैस का उपचार चल रहा था लेकिन तमाम प्रयास के बावजूद उसकी दिन-ब-दिन बिगड़ती हालत में सुधार नहीं हो रहा था। शुक्रवार रात उपचार के बीच ओवैस की मौत हो गई। खबर मिलते ही परि.जनों में कोहराम मच गया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मृतक चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। हादसे में जवान बेटे की मौत पर मां का रोते बिलखते बुरा हाल है।

# योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में छाई गुरुकुल चोटीपुरा की छात्राएं

**शाह टाइम्ससंवाददाता,**

**गजरौला**। उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा छठी राज्य स्तरीय महिला योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप आगरा के एक निजी स्कूल में आयोजित हुई, जिसमें जनपद अमरोहा से 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया और दो स्वर्ण व दो रजत पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में देश भर के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जनपद अमरोहा से 12 खिलाड़ियों ने अलग अलग आयु वर्ग की चार प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। जिसमें जनपद अमरो.हा से कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की



छात्रा कनिका ने कलात्मक योगासन एकल में स्वर्ण और इन्दु माथुरिया ने रजत पदक जीता। कलात्मक योगा.सन युगल में भी कनिका और इन्दु की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। तालात्मक योगासन युगल में आर्यान्शी स्वामी और सिमरन की जोड़ी ने रजत पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय राज्य मन्त्री एसपी सिंह बघेल व उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह और सचिव रोहित कौशिक आदि ने सभी खिलाड़ियों को मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.जोगिन्द्र सिंह भी टीम के साथ साथ रहे। गुरूकुल की प्राचार्या डॉ.सुमेधा ने भी छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

# प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी को रंगेहाथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे प्रेमी युवक को पड़ोसियों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

नगर के मोहल्ले में बीती रात एक गांव का युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। प्रेमी युवक जब घर में घुस रहा था तो उसे देखकर पड़ोसियों को शक हो गया। कुछ देर में युवती के घर के पास पड़ोसियों की भीड़ जमा हो गई। कुछ ही देर में उन्होंने पुलिस को फोन कर मौके पर बुला लिया। उसके बाद प्रेमी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस प्रेमी युवक को लेकर कोतवाली आ गई। दिन निकलने पर परिवार के लोग कोतवाली पहुंच गये। जब के युवती के परिवार के लोग भी कोतवाली पहुंच गये। बताया जा रहा है कि युवती के परिवार के लोग घर पर नहीं थे। वह कहीं गये हुए थे। युवती घर पर अकेली थी। युवक युवती दोनों एक ही बिरादरी के बताये जा रहे है। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

● डब्ल्यूटीसी रैंकिंग:2025-2027 ●

# भारत रैंकिंग में बांग्लादेश से भी नीचे

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड जीत के साथ शीर्ष पर विराजमान, दक्षिण अफ्रीका तालिका में सबसे नीचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की वेस्टइंडीज पर और श्रीलंका की बांग्लादेश पर जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंक तालिका में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की शुरुआत ही है, लेकिन फाइनल में पहुंचने के लिए जंग देखने को मिल रही है। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को वेस्टइंडीज को 159 रन से हराकर 12 अंक हासिल किए, जबकि श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराकर 12 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया का यह इस चक्र में पहला मैच था। इस वजह से टीम के 12 अंक और 100 अंक प्रतिशत हैं। टीम शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, इंग्लैंड की टीम 100 अंक प्रतिशत और 12 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने इसी हफ्ते भारत को पांच विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं, श्रीलंका की टीम ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हराया। दोनों के बीच पहला टेस्ट ड्रा रहा था। ड्रा से दोनों टीमों को चार-चार अंक मिले थे। ऐसे में जीत के बाद 12 अंक मिलने पर श्रीलंका के कुल 16 अंक हो गए हैं, जबकि उनका अंक प्रतिशत 66.67 है। बांग्लादेश के चार अंक हैं और 16.67 अंक प्रतिशत है। टीम चौथे स्थान पर है। वहीं, भारत ने एक टेस्ट खेला है और उसमें हार मिली। इसलिए न तो भारत के कोई अंक हैं और न ही अंक प्रतिशत। भारतीय टीम फिलहाल पांचवें स्थान पर है। यही हाल वेस्टइंडीज के साथ है। उसने एक टेस्ट खेला है और उसमें हार मिली। विंडीज टीम भी बिना किसी अंक और अंक प्रतिशत के छठे स्थान पर है। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक इस चक्र में अपने-अपने अभियान की शुरुआत नहीं की है। पाकिस्तान और विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका अपने 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत अक्टूबर में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेंगे। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी। यह सीरीज नवम्बर दिसंबर में खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में सबसे ज्यादा 22 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम 21 मैच खेलेगी। इसके बाद 18 मैचों के साथ भारत तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड को 16 और दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज को 14-14 टेस्ट खेलने हैं। पाकिस्तान की टीम 13 और श्रीलंका-बांग्लादेश को 12-12 टेस्ट खेलने हैं। 2025-27 चक्र में प्रतिस्पर्धा करने वाले नौ देशों के बीच खेली जाने वाली 27 टेस्ट सीरीज में से 17 सीरीज में केवल दो मैच होंगे, जबकि तीन मैचों की छह सीरीज होंगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से हो चुकी है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 जुलाई से खेला जाएगा। इसके बाद टीम इंडिया घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज खेलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट दो अक्टूबर से और दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से खेला जाएगा। फिर भारतीय टीम घर पर ही दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इसका पहला मुकाबला 14 नवम्बर से और दूसरा मकाबला 22 नवम्बर से खेला जाएगा।




# रैंकिंग में फिर शीर्ष पर नीरज

● **नीरज चोपड़ा के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने फिर से टॉप पर पहुंचाया**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है।

सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए।

उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है। दोनों शीर्ष एथलीट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक 2025 में फिर से आमने-सामने होंगे।

खेल विशेष

## भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट से पहले प्रैक्टिस की

**जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल नहीं हुए, लीड्स टेस्ट में 2 विकेट से मिली थी हार**

**बर्मिंघम, वार्ता।** टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी शुरू कर दी है।

टीम के खिलाड़ियों ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में नेट सेशन किया। लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से मिली हार के बाद प्लेयर्स का यह पहला प्रैक्टिस सेशन था। शुभमन गिल की कप्तानी टीम सुबह 9.15 बजे मैदान पर पहुंची और 3 घंटे तक प्रैक्टिस की। बुमराह और प्रसिद्ध ने हिस्सा नहीं लिया। इस प्रैक्टिस सेशन में पेसर जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने हिस्सा नहीं लिया, हालांकि वह टीम के साथ ग्राउंड आए थे। सिराज ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया मोहम्मद सिराज ने केवल बल्लेबाजी का अभ्यास किया। उन्होंने कोच सितांशु कोटक के साथ करीब 30 मिनट तक गेंद को छोड़ने, खेलने की तकनीक पर काम किया।

अर्शदीप सिंह और आकाशदीप ने गेंदबाजी कोच से बात की अर्शदीप सिंह और आकाश दीप ने बल्ले और गेंद दोनों से लंबे समय तक अभ्यास किया। दोनों को मुख्य कोच गौतम गंभीर और सपोर्ट स्टाफ ने करीब से देखा। अर्शदीप ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ अपने रन-अप, बैक-फुट लैंडिंग और तकनीक को बेहतर करने पर ध्यान दिया। आकाश दीप और अर्शदीप को मिल सकती है जगह दूसरे टेस्ट में आकाश दीप और अर्शदीप को मौका मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एजबेस्टन टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। ऐसे में आकाशदीप और अर्शदीप सिंह में से एक खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।

# हेजलवुड के पंजे ने विंडीज को हराया




● **ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 141 रनों पर ढेर कर 159 रनों से जीत हासिल की**

**बारबाडोस, वार्ता।** जॉश हेजलवुड (पांच विकेट) और नेथन लायन (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टंडीज को दूसरी पारी में 141 रन पर ढ़ेर कर मैच 159 रनों से जीत लिया।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 92 रन के स्कोर पर से आगे खेलना शुरु किया। ट्रैविस हेड और बो वेब्स्टर जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पांचवें विकेट के लिए 102 रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को संकट से निकला। शमार जोसेफ ने ट्रैविस हेड (61) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये एलेक्स कैरी ने बो वेब्स्टर का बखूबी साथ निभाया। बो वेब्स्टर (63) रन को शमार जोसेफ ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच आउट कराया। पैट कमिस (पांच), मिचेल स्टार्क (16) और जॉश हेजलवुड (13) को शमार जोसेफ ने ही आउट किया। एलेक्स कैरी (65) का शिकार रॉस्टन चेज ने किया। ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी पारी में 310 रन का स्कोर खड़ाकर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने 25-5 ओवर में 87 रन देकर पांच विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपना पहला ही विकेट चार रन के स्कोर पर गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केसी कार्टी ने जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 43 रनों की साझेदारी हुई। दोनों बल्लेबाज जॉश हेजलवुड का शिकार बने। केसी कार्टी (20) और जॉन कैंपबेल (23) रन बनाकर आउट हुए। ब्रैंडन किग (शून्य) और रॉस्टन चेज (दो) को भी हेजलवुड ने आउट किया।

# शांतो ने बांग्लादेश की टेस्ट कप्तानी छोड़ी

**श्रीलंका से टेस्ट सीरीज हारने के बाद नजमुल ने जिम्मेदारी लेते हुए दिया इस्तीफा**

**कोलंबो, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान नजमुल शांतो ने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज हारने के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। शांतो मेहदी हसन मिराज को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाये जाने से नाराज चल रहे थे। यहां संवाददाता सम्मेलन में शांतो ने अपने इस्तीफे की घोषणा की।

श्रीलंका के खिलाफ पारी और 78 रन से कोलंबो टेस्ट में हारने के बाद शांतो ने कहा कि मैं अब टेस्ट की कप्तानी जारी नहीं रखूंगा। उन्होंने कहा कि यह मेरा कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। टीम की बेहतरी के लिए मैने यह फैसला किया है, मुझे लगता है मेरे यह निर्णय टीम के हित में होगा। पिछले कई वर्षो से मैं इस ड्रेसिग रूम का हिस्सा हूं मैं मानता हूं कि तीन अंतर्राष्ट्रीय प्रारुप में अलग-अलग कप्तान होना टीम के हित में नहीं है।

मुझे नहीं पता इस बारे में बोर्ड क्या महसूस करता है, लेकिन मैं उनके फैसले का सम्मान करूंगा। यह मेरा व्यक्तिगत निर्णय है, मुझे लगता है तीन अलग-अलग कप्तान टीम के लिए सही नहीं है। मैं चाहूंगा कि मेरे इस निर्णय को कोई भी भावनात्मक तौर पर न ले, या फिर ये न सोचे कि मैंने निराश होकर ऐसा किया है। मैं एक बार फिर स्पष्ट करना चाहता हूं कि ये मैंने टीम की भलाई के लिए किया है।

# हॉकी इंडिया मास्टर्स कप ओडिशा ने महिला व तमिलनाडु ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता

● **पुरुष वर्ग में तमिलनाडू ने महाराष्ट्र को 5-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की**

● **महिला वर्ग के फाइनल में ओडिशा ने पंजाब को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया**

**चेन्नई, वार्ता।** हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने (महिला) और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने (पुरुष) वर्ग के फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर पहला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का खिताब अपने नाम किया।

यहां खेले गए मुकाबले में महिला के फाइनल में ओडिशा ने पंजाब को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहला हॉफ गोल रहित रहा। दूसरे हॉफ में ओडिशा की रंजीता बेक ने (34वें) मिनट में टूर्नामेंट एकमात्र गोल दागा और उसके बाद शानदार बचाव करते हुए पंजाब को गोल करने का मौका नहीं दिया और ट्रॉफी अपने नाम कर ली। पुरुष वर्ग में तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को 5-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच गोल रहित बराबरी का खेल चलने के बाद, मुथुसेल्वन डी ने (30वें), मिनट में पहला, सुदर्शन एस ने (34वें) मिनट में दूसरा, गोवथमन ने (36वें) मिनट में तीसरा, थमराइकन्नन ने (40वें) मिनट में चौथा और रामदास वी ने (52वें) मिनट में गोलकर महाराष्ट्र को 5-0 के अंतर से हराकर खिताब जीता। महिला वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में हरियाणा ने तमिलनाडु को करीबी मुकाबले में 4-3 से हराया।







# आयुष-तन्वी यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

**आयुष शेट्टी ने वापसी करते हुए पहला गेम टाइ ब्रेक में जीता और दूसरा गेम 21-9 से जीता**

**अमेरिका, वार्ता।** आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मैच जीतकर यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए पुरुष एकल बैडमिंटन मुकाबले में रैंकिग में 34वें स्थान पर मौजूद चौथे वरीय आयुष शेट्टी ने क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन कुओ कुआन-लिन को 22-20, 21-9 से हराकर डब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

38 मिनट तक चले मुकाबले में पहले गेम में 19-16 से पिछड़ने के बाद आयुष शेट्टी ने वापसी करते हुए पहला गेम टाई-ब्रेक में जीता और फिर दूसरे गेम 21-9 जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आयुष शेट्टी का मुकाबला शीर्ष वरीय और दुनिया के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन से होगा। यह आयुष शेट्टी का साल का तीसरा सेमीफाइनल है।

इससे पहले उन्होंने मार्च में ऑरलियन्स मास्टर्स में अंतिम चार में जगह बनाई थी। इस बीच दुनिया की 66वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने भी क्वार्टरफाइनल में बैडमिंटन रैंकिग में 50वें स्थान पर काबिज मलेशिया की कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तन्वी का सेमीफाइनल में दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी और यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा से भिड़गी।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रनों से हराया

● **प्रभात जयसूर्या ने पांच विकेट हासिल किए, श्रीलंका ने 1-0 से सीरीज अपने नाम की**

**कोलंबो, वार्ता।** प्रभात जयसूर्या (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को बांग्लादेश को पारी और 78 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली है।

यहां एसएससी ग्राउंड पर बांग्लादेश ने छह विकेट पर 117 रन से आगे खेलना शुरू किया और उस समय वह श्रीलंका के दूसरी पारी में बनाये गए स्कोर से 94 रनों से पीछे थी। आज के दिन का पहला शिकार जयसूर्या ने लिटन कुमार दास (14) को विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराकर की। इसके बाद जयसूर्या ने नईम हसन (पांच) को विकेटकीपर के हाथों स्टंप करा दिया। कंधे में दर्द के कारण तीसरे दिन मैदान से बाहर रहने के बाद विकेटकीपर मेंडिस ने स्टंप के पीछे सहायक भूमिका निभाई। तैजुल इस्लाम (छह) और इबादत हुसैन (छह) रन बनाकर आउट हुए।

बांग्लादेश ने सुबह के सत्र में मात्र 16 रन जोड़कर अपने चार विकेट गवां दिये। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बांग्लादेश की पूरी टीम 44-2 ओवर में 133 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला पारी और 78 रनों से जीत लिया। इस जीत ने टेस्ट इतिहास में बांग्लादेश पर श्रीलंका की नौवीं पारी की जीत दर्ज की और उन्हें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बहुमूल्य अंक दिलाए। इसी के साथ श्रीलंका ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

# लगातार तीसरा शतक लगा इतिहास रच सकते हैं पंत

● **इंग्लैंड में द्रविड़ के बाद दूसरे भारतीय बन सकते हैं, 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट**

**एजबेस्टन, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर -बल्लेबाज ऋषभ पंत एक और शतक के साथ डान ब्रैडमैन, राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट शुरू होगा। लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पंत ने दोनों इनिंग में सेंचुरी लगाई थी। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। हालांकि भारत यह मैच 5 विकेट से हार गया था।

अगर पंत एजबेस्टन टेस्ट में एक और शतक लगाते हैं, तो वे इंग्लैंड में लगातार 3 टेस्ट शतक लगाने वाले सिर्फ सातवें विदेशी बल्लेबाज बन जाएंगे। इस लिस्ट में अब तक डान ब्रैडमैन, वारेन बार्डस्ले, चार्ल्स मैकार्टनी, राहुल द्रविड़, ब्रायन लारा और डेरिल मिचेल शामिल हैं। राहुल द्रविड़ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने 2002 में नाटिंघम (115 रन), लीड्स (148 रन) और द ओवल (217 रन) में लगातार शतक लगाए थे। डेरिल मिचेल ने 2022 में लार्ड्स (108 रन), नाटिंघम (190 रन) और लीड्स (109 रन) में यह कारनामा किया। पंत भारतीय विकेटकीपर के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं।

उनके अब 8 शतक हो चुके हैं। पंत सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) में किसी भी एशियाई विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा रन बना चुके हैं। उनके 27 मैच में 1933 रन हैं। इसमें 6 शतक और 5 फिफ्टी शामिल है। पंत पहले भारतीय विकेटकीपर हैं, जिन्होंने टेस्ट के एक इनिंग की दोनों पारियों में शतक लगाया है। अब तक ऋषभ पंत इंग्लैंड में 10 टेस्ट की 19 पारियों में 808 रन बना चुके हैं। उनका औसत 42.52 का है, जिसमें 4 शतक और 2 अर्धशतक शामिल हैं। उनका बेस्ट स्कोर 146 रन है, जो उन्होंने जुलाई 2022 में एजबेस्टन में ही 111 गेंदों में 19 चौकों और 4 छक्कों के साथ बनाया था। उस पारी में उन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 98/5 के स्कोर से भारत को 416 रन तक पहुंचाया था।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप में 24 टीमें लेंगी भाग

● **भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पूल 'बी' में रखा गया**

**स्विटजरलैंड, वार्ता।** तमिलनाडु के चेन्नई और मुदैरे में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप में 24 टीमें लेंगी भाग। शनिवार को हुए ड्रा में इन टीमों को छह पूलों में विभाजित किया है। भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पूल 'बी' में रखा गया है। यहां स्विटजरलैंड के लुसाने में आयोजित हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप के ड्रा समारोह में एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव के साथ ड्रा समारोह में भाग लिया। टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी और उन्हें छह पूलों में विभाजित किया गया है।

पूल ए: जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और आयरलैंड
पूल बी: भारत, पाकिस्तान, चिली और स्विटजरलैंड
पूल सी: अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान और चीन
पूल डी: स्पेन, बेल्जियम, मिस्र और नामीबिया
पूल ई: नीदरलैंड, मलेशिया, इंग्लैंड और ऑस्ट्रिया
पूल एफ: फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया और बांग्लादेश

इस अवसर तैयब इकराम ने कहा कि मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि हम इस महत्वपूर्ण क्षण से पहले यहाँ आए हैं, क्योंकि हम पहली बार 24 टीमों वाले एफआईएच जूनियर हॉकी विश्वकप का आयोजन करने जा रहे हैं। यह उभरते देशों सहित सभी देशों के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें शामिल करने की एफआईएच रणनीति का एक हिस्सा है, और यह आयोजन ऐसा करने की दिशा में पहला कदम होगा।

# भोजनकाल तक जिम्बाब्वे ने दिए दक्षिण अफ्रीका को चार झटके

**जिम्बाब्वे, वार्ता।** तनाका चिवंगा ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भोजनकाल तक दक्षिण अफ्रीका के (तीन विकेट) झटक कर जिम्बाब्वे ने मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट तीन रन के स्कोर पर गवां दिया।

छठें ओवर में तनाका चिवंगा ने टोनी डीजॉर्जी (शून्य) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद मैथ्यू ब्रीत्जके (13) भी चिवंगा का शिकार बने। डेविड बेडिघम (शून्य) को भी चिवांग ने आउट किया। वियान मुल्डर (17) को मुजारबानी ने रनआउट किया।

# भारतीय सेना ने दिखाई जबरदस्त रणनीतिक कुशलता

## भारत-फ्रांस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

- भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे
- इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए

**पेरिस।** भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति-VIII दोनों देशों की सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग और परिचालन स्तर की तालमेल को और मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास फ्रांस के दक्षिणी हिस्से में स्थित कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया जा रहा है।

इस अभ्यास में भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे हैं, जबकि फ्रांसीसी सेना की ओर से 13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे (विदेशी सेना ब्रिगेड) हिस्सा ले रही है। ये सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती में सुधार हुआ। इस कड़ी में विशेषज्ञ टीमों ने रेडियो सिग्नल पकड़ने, उन्हें जाम करने, स्पेक्ट्रम नियंत्रण और ड्रोन निष्क्रिय करने जैसे आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। इससे दोनों सेनाओं की आधुनिक युद्धक्षेत्र में काम करने की क्षमता को मजबूती मिली। इस अभ्यास का विशेष आकर्षण रहा चार दिन यानी 96 घंटे तक चलने वाला हाई-इंटेंसिटी फील्ड ऑपरेशन। इसमें दोनों देशों की सेनाओं ने एक साथ मिलकर बहु-आयामी युद्ध परिदृश्य को अंजाम दिया। इस दौरान सैनिकों की सहनशक्ति, फैसले लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल की परीक्षा ली गई। भारत के फ्रांस और मोनाको में राज. दूत संजीव सिंगला ने कैंप का दौरा कर भारतीय सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने सैनिकों की प्रोफेशनलिज्म की सराहना की और भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग में उनके योगदान को अहम बताया। उनके दौरे ने सैनिकों का मनोबल और बढ़ाया। शक्ति-VIII अभ्यास से यह साबित हो गया है कि भारत और फ्रांस की सेनाएं एक-दूसरे से बेहतर तरीके से समन्वय कर सकती हैं। इस अभ्यास ने रणनीतिक विश्वास, तकनीकी समझ और संयुक्त अभियान क्षमता को नई ऊंचाई दी है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

## अमेरिका के साथ बातचीत जटिलः मार्क कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को अमेरिका के साथ बात. चीत को 'जटिल' बताया। कार्नी ने अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा संभावित नए टैरिफ में कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ता समाप्त करने की घोषणा पर यह बात कही। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि हम कनाडाई लोगों के सर्वोत्तम हित में इन जटिल बातचीत को जारी रखेंगे। यह एक वार्ता है। ट्रम्प ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमरीकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कनाडा के डिजिटल सेवा कर के कारण अमेरिका कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ता समाप्त कर देगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अमरीकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कनाडा का डिजिटल सेवा कर अमेरिका पर एक सीधा और स्पष्ट हमला है। 30 जून से लागू होने वाले डिजिटल सेवा कर के तहत अमेज़ॅन, गूगल, मेटा, उबर और एयरबीएनबी अमरीकी कंपनियों को कनाडा के उपयोगकर्ताओं से होने वाले राजस्व पर तीन प्रतिशत शुल्क देना होगा।



नई दिल्ली। गाजीपुर व सब्जी मंडी के बाहर जलभराव वाली सड़क से गुजरते यात्री।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा फिर बहाल हुई

**इस्तांबुल।** तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिनों के बाद आंशिक रूप से फिर से शुरू हो गई है। यह रोक ईरान-इज़रायल संघर्ष के कारण लगी थी। मंत्री उरालओग्लू ने बताया कि ईरान के पूर्वी शहर मशहद से इस्तांबुल के लिए ईरानी एयरलाइंस की उड़ानें 27 जून से फिर से शुरू हो गई हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज़ शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। मंत्री ने कहा कि ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ वापस लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

### फिलीपींस में भूकंप के झटके

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस के तटवर्ती जलक्षेत्र में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलीपीन ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने यह जानकारी दी है। संस्थान ने बताया कि स्थानीय समयानुसार आज सुबह 7:07 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गई। उन्होंने बताया कि दावो ऑक्सिडेंटल प्रांत के सारंगनी शहर से लगभग 85 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में आए भूकंप की गहराई 79 किलोमीटर पर थी। संस्थान ने कहा कि भूकंप से सुनामी का खतरा नहीं है। भूकंप से किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस में प्रमुख जांच के घेरे में

**बीजिंग।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के पूर्व अध्यक्ष लियू शाओयोंग के खिलाफ अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघनो के कथित आरोपो के तहत जांच की जा रही है। आज जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार लियू के खिलाफ कथित आरोपो की जांच चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग और राष्ट्रीय पर्यवेक्षण आयोग कर रहा है। वह कंपनी के प्रमुख पार्टी सदस्य समूह के सचिव के रूप में भी काम कर चुके हैं।

### इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

**रोम।** इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज और अगले सप्ताहांत के लिए रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या आज बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की एक रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान बढ़कर 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है जबकि 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

### केंद्रपाड़ा में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान शुरू

**केन्द्रपाड़ा।** ओडिशा में पुलिस ने प्रशासन के सहयोग से केंद्रपाड़ा जिले के महाकालपाड़ा और राजनगर क्षेत्रों में रह रहे बंगलादेशी घुसपैठियों की पहचान का काम शुरू कर दिया है। जाम्बू मरीन थाना क्षेत्र के टुबी और सान इलाकों में बंगलादेशी नागरिक होने के संदेह में करीब 12 बंगाली भाषी लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनके दस्तावेज़ों की जांच जारी है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने नौ जून को केंद्रपाड़ा दौरे के दौरान अवैध बंगलादेश घुसपैठियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस और जिला प्रशासन ने घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान शुरू किया है।

# सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा इजरायलः यूएन

## गाजा में राहत सामग्री वितरण के दौरान हो रही मौतों को बनाया मुद्दा, आईडीएफ के हमलों में 34 की मौत

**संयुक्त राष्ट/तेल अवीव।** गाजा में राहत सामग्री वितरण के दौरान हो रहीं मौतों पर संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल पर बड़ा आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि इजरायल सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा है। इजरायल को गाजा में संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करनी चाहिए।

आरोप है कि पिछले एक महीने में जब से गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने खाने के पैकेट बांटना शुरू किया है, तब से अब तक 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। हालांकि इजरायल की सेना और जीएचएफ ने आरोपों से इन्कार किया है। वहीं गाजा में इजरायल के हमलों में 34 लोगों की मौत हो गई।

इजरायल के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि इजरायली सैनिकों को गाजा में राहत सामग्री पाने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों पर गोली चलाने का आदेश मिला है। रिपोर्ट में कहा गयश कि जब लोग राहत केंद्रों की ओर जा रहे होते हैं तो उन पर फायरिंग की जाती है। इस मामले में फलस्तीन के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनडब्ल्यूआरए) के प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने कहा कि नई सहायता वितरण प्रणाली एक हत्या का मैदान बन गई है, यहां लोगों को भोजन प्राप्त करने का प्रयास करते समय गोली मार दी जाती है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इस घृणित कार्य को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्य स्थानों से मानवीय सहायता प्रदान कर समाप्त किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि लोग केवल अपना और अपने परिवार का पेट भरने की कोशिश में मारे जा रहे हैं। भोजन की खोज कभी भी मौत की सजा नहीं होनी चाहिए।

वहीं चिकित्सा चैरिटी संस्था डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) ने जीएचएफ राहत प्रयास को मानवीय सहायता के नाम पर नरसंहार कहा। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र के आरोपों और मीडिया रिपोर्ट को खारिज किया है। पीएम नेतन्याहू ने इस रिपोर्ट की निंदा करते हुए इसे दुर्भावनापूर्ण और झूठा बताया। नेतन्याहू ने कहा कि इस प्रकार की रिपोर्ट इजरायली सेना को बदनाम करने के लिए फैलाया जा रहा है। वहीं गाजा में इजरायल के हमलों में 34 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि हमले शुक्रवार देर रात शुरू हुए और शनिवार सुबह तक जारी रहे। वहीं गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम में 12 लोगों की मौत हो गई। यहां पर विस्थापित लोगों को शरण दी गई थी। इसके अलावा अपार्टमेंट में रहने वाले आठ अन्य लोगों की मौत हो गई।

उधर, दक्षिणी गाजा में मुवासी स्थित उनके तंबू पर हुए हमले में छह अन्य लोग मारे गए। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह युद्ध विराम समझौता हो सकता है। वहीं इजरायली रक्षा बल(आईडीएफ) ने शुक्रवार रात को मध्य गाजा के नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की। आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाई आद्रेई ने यह चेतावनी जारी की। उन्होंने कहा, गाजा पट्टी के नुसेरात, अल-जहरा और अल-मुगरका क्षेत्रों के सभी निवासियों के लिए यह चेतावनी है। इसके साथ ही उत्तरी तटीय इलाकों के निवासियों (अल-नुज्हा, अल-बादी, अल-बुसमा, अल- जहरा, अल-बुस्तानइम, बद्र, अबू हुरैरा, अल-रूदा और अल-सफा) के लिए भी यह संदेश है।

आईडीएफ ने एक बयान में बताया कि इन इलाकों में आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों को खत्म करने के लिए सेना पूरी ताकत से अभियान चला रही है। बयान में कहा गया, हम उन सभी ठिकानों को निशाना बनाएंगे, जहां से रॉकेट छोड़े जा रहे हैं या जिनका उपयोग आतंकवादी कर रहे हैं। आईडीएफ के बयान में कहा गया कि नागरिक इन क्षेत्रों को तत्काल खाली करें। बयान में कहा गया, अपनी सुरक्षा के लिए आप तुरंत दक्षिण की ओर अल-मवासी क्षेत्र की तरफ चले जाएं और कृपया खतरे वाले इलाकों में वापस न लौटें।



### इजरायली रक्षा बल आईडीएफ की चेतावनीः मध्य गाजा खाली करें, खतरनाक इलाकों में न लौटें

### गाजा में हमास की छुट्टी, UAE की एंट्री, क्या पलटने वाली है बाजी!

**गाजा।** इजरायल ने युद्धविराम के बाद गाजा पर भीषण बमबारी शुरू कर दी है, जिसमें 74 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह हमला ट्रम्प के 'ड्रीम गाजा' प्लान से जुड़ा प्रतीत होता है, जिसमें गाजा को एक आधुनिक पर्यटन स्थल में बदलने की कल्पना है। इस योजना में अब्राहम समझौते का विस्तार भी शामिल है, जिसमें कुछ अरब देशों को गाजा के प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपने की बात हो रही है, लेकिन यह सपना गाजा के लोगों के खून और विनाश पर खड़ा दिखाई दे रहा है। ये सब कुछ गाजा को समतल करने के लिए किया जा रहा है ताकि वहां डोनाल्ड ट्रम्प का 'ड्रीम गाजा' खड़ा किया जा सके। वही गाजा, जिसका एआई वीडियो ट्रम्प ने कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इस वीडियो में गाजा को एक शानदार, चमचमाते टूरिस्ट डेस्टिनेशन की तरह दिखाया गया है, जहां मलबे की जगह फाइव स्टार होटल हैं, रेनबो फाउंटेन हैं और समंदर के किनारे पार्टी चल रही है। वीडियो में ट्रम्प की एक सोने की विशाल मूर्ति दिखाई गई है, एलन मस्क डॉलर की बारिश में नाचते हुए दिखते हैं और नेतन्याहू के साथ ट्रम्प समंदर के किनारे जूस के गिलास टकराते भी नजर आते हैं।

# जंग में मारे गए 60 ईरानी अफसर सुपुर्द-ए-खाक

**तेहरान।** इजरायल के साथ 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान मारे गए 60 ईरानी अफसरों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। इनमें 30 सैन्य कमांडर्स और 11 परमाणु वैज्ञानिक शामिल हैं। तेहरान में इनके जनाजे में हजारों लोगों की भीड़ जुटी है। जिन लोगों को दफनाया जाएगा, उनमें ईरान के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी मोहम्मद बाघेरी भी शामिल हैं। वे ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ थे।

अफसरों के शवों को गाड़ियों पर ईरानी झंडे में लिपटे ताबूतों में रखे थे। ताबूतों के साथ अफसरों की तस्वीरें भी रखी थीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाकर कलीबाफ, ज्युडिश्यरी चीफ मोहसेनी-एजेई, आईआरजीसी कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी सहित कई बड़े नेता और सैन्य अधिक. ारी भी जनाजे में पहुंचे हैं। ईरान और इजरायल के बीच 12 जून को जंग शुरू हुई थी। अमे. रिका ने 22 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। दो दिन बाद, 24 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ईरान-इजरायल के बीच सीजफायर का ऐलान किया था।



- जनाजे में हजारों लोग पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री, स्पीकर सहित बड़े नेता भी शामिल

# ईरान जंग के बाद अब गाजा वॉर खत्म करेंगे ट्रम्प

## बोलेः एक हफ्ते के भीतर सीजफायर संभव, फिर अलापा भारत-पाक संघर्ष रुकवाने का राग

### गाजा में अब तक 56 हजार फलस्तीनियों की मौत, हमास और इजरायल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी

**वाशिंगटन।** ईरान जंग रुकवाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध खत्म करवाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमें लगता है कि अगले हफ्ते के भीतर सीजफायर हो जाएगा।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस स्थित अपने ऑफिस ओवल आफिस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैंने सीजफायर कराने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। मुझे लगता है कि यह बहुत करीब है। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि उन्होंने किससे बात की है। इसके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का भी क्रेडिट लिया। उन्होंने कहा कि मैंने अपने अधिकारियों से दोनों देशों के साथ सभी समझौते रद्द करने के लिए कहकर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोक दिया था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि सभी ने देखा कि भारत-पाकिस्तान एक बड़ी जंग के कगार पर थे। दोनों के पास परमाणु ताकत है। मैंने दोनों को धमकी दी कि अगर जंग नहीं रुकी तो अमेरिका दिल्ली और इस्लामाबाद के साथ व्यापार नहीं करेगा। तब जाकर दोनों लड़ाई रोकने के लिए राजी हुए। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक एकदूसरे पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को सीजफायर हुआ था। ट्रम्प ने सबसे पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसकी जानकारी दी थी। तब से वे 15 बार से ज्यादा बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने का दावा कर चुके हैं। हालांकि, भारत लगातार यह कहता रहा है कि सीजफायर पर सहमति भारत-पाकिस्तान के सेनाओं के सैन्य संचालन महा. निदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद हुई थी। हालांकि, पाकिस्तान ने कई बार राष्ट्रपति ट्रम्प को सीजफायर का क्रेडिट दिया है। पिछले हफ्ते पीएम मोदी ने ट्रम्प के साथ लगभग 35 मिनट फोन काल पर बात की की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि मोदी ने ट्रम्प से कहा कि भारत तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को कभी स्वीकार नहीं करेगा और सीजफायर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से पहल की गई थी। गाजा में 21 महीने से जंग, 56 हजार फलस्तीनियों की मौत हमास-इजरायल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला कर दिया था। इजरायली आंकड़ों के अनुसार, इस हमले में 1,200 लोग मारे गए और 251 बंधक बनाए गए थे। हमास ने यह हमला इजरायल के कब्जे, गाजा की नाकाबंदी और हजारों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग के लिए किया था।

# पाकिस्तान के खैबर प्रांत में सुसाइड अटैक

## 13 सैनिकों की मौत, 29 घायल, हमलावर विस्फोटकों से लदी गाड़ी लेकर फौजी काफिले से टकराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को एक आत्मघाती हमलावर ने सैन्य काफिले को निशाना बनाया। इसमें 13 सैनिक मारे गए। जबकि 10 सैनिक और 19 नागरिक घायल हो गए। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी सैन्य काफिले में घुसा दी थी।

खैबर पख्तूनख्वा में तैनात एक पुलिस अधिकारी ने एएफपी को बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि दो घरों की छतें गिर गईं, जिससे छह बच्चे घायल हो गए। इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी पाकिस्तान-तालिबान (टीटीपी) से जुड़े हाफिज गुल बहादुर ग्रुप ने ली है। खैबर प्रांत को टीटीपी का गढ़ माना जाता है। टीटीपी के हमले में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाले मोइज अब्बास की भी मौत हो गई। टीटीपी के हमले में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाले मोइज अब्बास की भी मौत हो गई। आतंकी संगठन टीटीपी ने 24 जून को दक्षिणी वजीरिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर हमला किया था, जिसमें 2 आर्मी अफसर मारे गए। इनमें से एक पाकिस्तानी कमांडर मोइज अब्बास भी था, जिसने भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ा था। बालाकोट में एयर स्ट्राइक के अगले दिन 27 फरवरी को पाकिस्तानी वायुसेना ने भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश की थी। जवाब में भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन चलाया था। तब विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 बाइसन फाइटर जेट से पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया था। हालांकि उनका विमान पाकिस्तानी सीमा में गिर गया था। पाकिस्तानी आर्मी ने अभिनंदन को कैद कर लिया था। वहीं पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में 17 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग लापता है। मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के थे। जिला प्रशासन के मुताबिक 17 लोगों का एक परिवार स्वात नदी के किनारे पिकनिक मनाने के लिए आया था। लोग नदी में तस्वीरें ले रहे थे, तभी अचानक बाढ़ आ गई। उनके रिश्तेदार बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी बाढ़ में फंस गए।

- पाकिस्तान में बाढ़ से 17 की मौत एक परिवार के नौ लोगों की जान गई

# भारत की आपत्ति के बाद बैकफुट पर बांग्लादेश

- मंदिर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर यूनुस सरकार ने दी सफाई

**ढाका।** ढाका में एक मंदिर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर भारत की आपत्ति के बाद बांग्लादेश बैकफुट पर आ गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मामले पर सफाई दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन सार्वजनिक भूमि पर धार्मिक संरचनाओं का निर्माण स्वीकार नहीं है।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दावा किया कि ढाका के खिलखेत क्षेत्र में स्थित मंदिर बांग्लादेश रेलवे की जमीन पर बनाया गया था और सार्वजनिक भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए उचित प्रक्रिया के तहत इसे हटाया गया। इसमें आरोप लगाया गया है कि मंदिर की शुरुआत एक अस्थाई मंडप के रूप में हुई थी। आयोजकों ने बार-बार याद दिलाने के बावजूद अस्थाई ढांचे को स्थाई बनाने का प्रयास किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 26 जून को बांग्लादेश रेलवे ने खिलखेत क्षेत्र में रेल पटरी के किनारे बनी सभी अनधिकृत संरचनाओं को शांतिपूर्ण तरीके से हटा दिया। हालांकि देश के कानून सभी पूजा स्थलों को कानून के साथ किसी भी अंतर्निहित अनुरूपता के आधार पर भेदभाव किए बिना पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, लेकिन किसी भी परिस्थिति में किसी को भी सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करके कोई धार्मिक संरचना बनाने की अनुम. ति नहीं है। बांग्लादेश पूजा स्थलों की सुरक्षा सहित सभी समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। बांग्लादेश रेलवे प्रशासन ने गुरुवार को ढाका के खिलखेत इलाके में बने अस्थाई दुर्गा मंदिर को गिरा दिया था। प्रशासन का दावा था कि मंदिर रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। मंदिर गिराने की यह कार्रवाई ऐसे वक्त हुई जब तीन दिन पहले ही भीड़ ने मंदिर हटाने की मांग की थी। दुर्गा मंदिर को ढहाने को लेकर भारत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमें जानकारी मिली है।

# मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था: रश्मिका मंदाना





**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना फिल्म मैसा में काम करती नजर आएंगी। रश्मिका मंदाना देशभर में जबरदस्त फैनबेस एन्जॉय करती हैं और फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं कि वो आगे क्या करने वाली हैं। कल रिलीज हुए दिलचस्प पोस्टर के बाद, रश्मिका मंदाना की अगली फिल्म मैसा का जोरदार लॉन्च हुआ। पुष्पा 2: द रूल के बाद रश्मिका एक और पैन इंडिया फिल्म मैसा के साथ तैयार हैं। अनुर्मूला फिल्म्स के बैनर तले बनी मैसा एक ऐसी कहानी लग रही है जिसमें एक महिला यौद्धा की हिम्मत और जज्बे को दिखाया गया है। फिल्म का पोस्टर वाकई अब तक कभी न देखा गया लुक देता है, जिसमें रश्मिका मंदाना के चेहरे का तेज और जज्बा साफ नजर आता है।

प्रोडक्शन हाउस ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, हौसले में पली। इरादों में अडिग। वो दहाड़ती है। सुनने के लिए नहीं, डराने के लिए। पेश हैं/रश्मिका मंदाना अपने सबसे तीखे अवतार में मैसा में। रश्मिका मंदाना इस प्रोजेक्ट को लेकर खुद भी काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। उन्होंने फिल्म का टाइटल और लुक अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए एक खास कैप्शन लिखा, मैं हमेशा आपको कुछ नया, कुछ अलग, कुछ रोमांचक देने की कोशिश करती हूं और यह वैसा ही एक प्रोजेक्ट है। एक ऐसा किरदार जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया। एक ऐसी दुनिया जहां मैं पहले कभी नहीं गई और मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था। यह गुस्से से भरा है। बहुत दमदार है और बिलकुल असली है। मैं थोड़ी घबराई हुई हूं लेकिन बहुत खुश भी हूं। मैं सच में इंतजार नहीं कर सकती कि आप सब देखें हम क्या बना रहे हैं और यह तो बस शुरुआत है। मैसा को लेकर बात करते हुए निर्देशक रविंद्र पुल्ले ने कहा, मैसा दो साल की मेहनत का नतीजा है। हम चाहते थे कि इस फिल्म की दुनिया, उसका लुक, किरदार और कहानी, हर एक चीज बिलकुल सही हो और अब हम यह कहानी दुनिया को सुनाने के लिए तैयार हैं।


# हर्ष और शिवांगी की जोड़ी के दीवाने हुए दर्शक



**मुंबई।** अभिनेत्री शिवांगी जोशी का कहना है कि हर्षद चोपड़ा का काम के प्रति समर्पण बेहद प्रेरणादायक है। लोकप्रिय टेलीविजन शो बड़े अच्छे लगते हैं का नया सीजन सिर्फ अपनी भावनात्मक कहानी के लिए ही नहीं, बल्कि अपने लीड पेयर हर्षद चोपड़ा यानि ऋषभ और शिवांगी जोशी यानि भाग्यश्री के बीच की लाजवाब रोमांटिक केमिस्ट्री के लिए भी दर्शकों के बीच खासा चर्चित हो रहा है, जहां दर्शक ऑन-स्क्रीन उनकी परफॉर्मेंस के दीवाने हैं, वहीं पर्दे के पीछे भी दोनों की आपसी सराहना देखने को मिल रही है।

हाल ही में शिवांगी जोशी ने हर्षद के साथ काम करने के अनुभव को लेकर अपने विचार साझा किए और अपने को-स्टार की सिर्फ तारीफ की। शिवांगी ने कहा, हर्षद सेट पर हर दिन एक अलग ही ऊर्जा लेकर आते हैं। उनका डेडिकेशन और टैलेंट वाकई प्रेरणादायक हैं। उनके अभिनय में एक सहजता है, जो हमारे सीन को और प्रभावशाली बना देती है। समय के साथ हमारे बीच एक खूबसूरत बॉन्ड बन गया है। हमारे बीच आपसी सम्मान और सहजता है, जो इमोशनल सीन को गहराई देने में बहुत मदद करती है। बड़े अच्छे लगते हैं का नया सीजन, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8:30 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव पर प्रसारित होता है।

# करण टैकर ने दुनिया के दूसरे सबसे ऊंचे मैन-हेड डैम पर किया था खतरनाक स्टंट



**मुंबई।** अभिनेता करण टैकर ने शो स्पेशल ऑप्स 2 में दुनिया के दूसरे सबसे उंचे मैन-मेड डैम पर खतरनाक स्टंट किया है। करण टैकर ने वर्ष 2020 में प्रदर्शित फिल्मकार नीरज पांडे की वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स में काम किया। इस सीरीज में करण ने खुफिया अधिकारी फारूक अली का किरदार निभाया था।

जिसे लोगो ने बेहद पसंद किया। करण टैकर अब स्पेशल ऑप्स 2 में नजर आएंगे। करण टैकर इस शो में दोबारा फ़ारूक़ अली की दमदार भूमिका में लौटे हैं और इस बार वो सिर्फ रॉ एजेंट नहीं, बल्कि एक इमोशनल योद्ध बनकर सामने आ रहे हैं। ओटीटी पर करण का ग्रैंड डेब्यू स्पेशल ऑप्स से ही हुआ था और फ़ारूक़ अली का किरदार उनके करियर का टर्निंग पॉइंट बना। जब शो के दूसरे सीजन का बज आसमान छू रहा है, तब करण टैकर ने एक हैरान कर देने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पहले स्पेशल ऑप्स सीजन एक के एक सीन के दौरान वो रो पड़े थे। करण टैकर ने बताया, पहले सीजन में एक सीन था, जहां मुझे 15-16 मंजिला बिल्डिंग की छत के किनारे खड़ा होना था।

जैसे ही मैं खड़ा हुआ, डर से कांपने लगा और बैठ गया। आंखों में आंसू आ गए। लेकिन फिर भी मैंने उस डर का सामना किया। करण टैकर ने बताया, लेकिन सीजन 2 में कहानी पलट गई। इस बार एक स्टंट था जिसे मैं खुद करना चाहता था। जब नीरज सर ने पूछा कि करना है या नहीं, तो मैंने लोकेशन देखना मांगा। और सामने निकला, दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा मैन-मेड डैम। मैंने खुद से कहा, अब तो करना ही है और जब किया, तो ऐसा सुकून मिला कि अब ऊंचाई से डर नहीं, एक्साइटमेंट होती है।

## सलमान खान ने अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर शेयर किया

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस से टेलीविजन प्रस्तुतकर्ता और गायिका यूलिया वंतूर अभिनय की दुनिया में कदम रख रही हैं। इस फिल्म का निर्माण पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर किया है। इस लघु फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। सलमान ने इंस्टाग्राम स्टोरी में इस फिल्म का टीजर शेयर किया है। टीजर में यूलिया वंतूर, दीपक तिजोरी और स्पेन की अभिनेत्री एलेजांड्रा वालन मरेडिज नजर आ रही हैं। सलमान ने फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर पनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया और लिखा, टीम को शुभकामनाएं। इस फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है। फिल्म कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल्स में धूम मचा रही है।

# फिर इतिहास लिखेगी हिरानी और आमिर खान की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान तीसरी बार फिल्मकार राजकुमार हिरानी के साथ काम करने जा रहे हैं। राजकुमार हिरानी का नाम आते ही दिमाग में एक ही बात आती है, 100 प्रतिशत हिट्स देने वाला निर्देशक। हिरानी ऐसे फिल्ममेकर हैं जिनकी कहानियां लोगों के दिलों में उतरती हैं और हर बार हंसी और इमोशन का परफेक्ट बैलेंस लेकर आती हैं। अब जब उन्होंने दादा साहेब फाल्के की बायोपिक बनाने का एलान किया है, तो उससे भी बड़ी बात ए है कि इसमें आमिर खान उनके साथ फिर से जुड़ने जा रहे हैं। 3 इडियट्स और पीके जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की ऐतिहासिक कामयाबी के बाद आमिर और हिरानी तीसरी बार साथ आ रहे हैं। इन दोनों फिल्मों को उनकी शानदार स्क्रिप्ट, गहराई से भरे इमोशंस और दमदार कहानी के लिए खूब सराहा गया था, जो इस जोड़ी की पहचान बन चुकी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब आमिर से पूछा गया कि क्या फाल्के की बायोपिक में भी ह्यूमर देखने को मिलेगा, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राजू और अभिजात (जोशी, राइटर) की कॉमेडी की तरफ एक खास रुचि है और मेरी भी। हम तीनों को ह्यूमर बहुत पसंद है और मुझे लगता है कि यही वो जॉनर है जिसमें राजू सबसे ज्यादा कंफर्टेबल हैं: ड्रामा जिसमें ह्यूमर भी हो। तो ए फिल्म भी शायद उसी स्पेस में होगी। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2025 से शुरू होगी। आमिर सितारे जमीन पर की रिलीज के बाद सीधे इसकी तैयारी में लग जाएंगे। फिल्म की कहानी जिस पुराने जमाने पर आधारित है, उसे असली जैसा दिखाने के लिए लॉस एंजेलेस की एक वीएफएक्स कंपनी ने एआई की मदद से सीन तैयार किए हैं।

# आमी डाकिनी ने मुझे सीमाओं से बाहर पहुंचाया: राची शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री राची शर्मा का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आमी डाकिनी के लिए उन्हें उनके किरदार के लिए अब तक जो प्रतिक्रिया मिली है वह अद्भुत है। शो आमी डाकिनी अपने गहन कथानक और रहस्यमई वातावरण के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रहा है।

इस कहानी के केंद्र में है डाकिनी, एक रहस्यमई पात्र, जिसकी खामोशी बहुत कुछ कहती है, नजरों से बेचैनी फैलती है और जिसकी मौजूदगी देर तक महसूस होती है। इस शो में मीरा का किरदार निभा रहीं राची शर्मा ने हाल ही में इस रोल के भावनात्मक और शारीरिक असर के बारे में खुलकर बात की।

अपने ग्रेस और प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली राची ने बताया कि आमी डाकिनी ने उन्हें ऐसी सीमा तक पहुंचाया जहां वो पहले कभी नहीं गई थीं। उन्होंने कहा, आमी डाकिनी अब तक के मेरे सभी प्रोजेक्ट्स से बिल्कुल अलग है।

यह पूरी प्रक्रिया बेहद तीव्र थी क्योंकि हर शॉट में हमसे बहुत ज्यादा भावनात्मक और शारीरिक भागीदारी की मांग थी। शूटिंग के दौरान मुझे कुछ छोटी-मोटी चोटें भी आईं, लेकिन सौभाग्य से कुछ गंभीर नहीं हुआ था। मुझे अपने निर्देशक का पूरा सहयोग मिला, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। शो और मेरे किरदार के लिए अब तक मुझे जो प्रतिक्रिया मिली है।

वह वाकई अद्भुत है। आमी डाकिनी, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8:00 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव पर प्रसारित होता है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)